

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791



वर्ष : 3, अंक : 158 रांची, शुक्रवार, 22 मई, 2026 (ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष 05, संवत 2083) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये,

email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com


# रांची में 27 माओवादियों ने एक साथ किया आत्मसमर्पण

## 33 लाख के इनामी उग्रवादी भी शामिल, भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के धुर्वा स्थित पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को एक साथ 27 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन माओवादियों ने बड़ी संख्या में हथियार और कारतूस भी पुलिस को सौंपे हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के 25 और झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के दो सदस्य शामिल हैं। इनमें आठ पर कुल 33 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इन सभी के खिलाफ कुल 426 मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। इन्होंने आधुनिक हथियार और भारी मात्रा में गोला-बारूद भी पुलिस को सौंपा है। इनमें लाइट मशीन गन (एलएमजी), 5 इंसास राइफल, 9 एसएलआर राइफल, एक बोल्ट-एक्शन राइफल, एक पिस्टल, 31 मैगजीन, 3000 राउंड जिंदा कारतूस शामिल हैं।



पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा ने कहा कि सरकार की पुनर्वास नीति के तहत जो भी सुविधाएं और सहायता देनी होगी, उसे सुनियोजित तरीके से पूरा किया जाएगा। डीजीपी ने कहा कि झारखंड पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), झारखंड जगुआर और सभी खुफिया एजेंसियों ने मिलकर लगातार अभियान चलाया, जिसका परिणाम आज देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह संयुक्त और व्यापक अभियान जारी रहेगा, ताकि झारखंड पूरी तरह नक्सल मुक्त बन सके। अपर पुलिस महानिदेशक मनोज कौशिक ने कहा कि आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि 27 माओवादी मुख्यधारा में लौट रहे हैं। इन्होंने हिंसा और हथियार का रास्ता छोड़कर शांति और विकास का रास्ता चुना है, जिसका स्वागत है।

सीआरपीएफ आईजी साकेत सिंह ने कहा कि आज का यह आत्मसमर्पण झारखंड पुलिस, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ और कोबरा जवानों की लगातार मेहनत और जोखिम भरे अभियानों का परिणाम है। पिछले छह महीनों में सुरक्षा बलों ने जंगलों के भीतर 21 नए फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस स्थापित किए, जिससे नक्सलियों की गतिविधियों पर काफी अंकुश लगा।

जेजेएमपी संगठन के दो सदस्यों ने भी अत्मसमर्पण किया है। इनमें गुमला के अपर घाट का रहनेवाला सचिन बैक और कलिगा का रहने वाला श्रवण शामिल है। सचिन बैक पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था और गुमला में उसके खिलाफ छह मामले दर्ज हैं। श्रवण गोप के खिलाफ गुमला में 8 मामले दर्ज हैं।

### 426 मामलों में थे आरोपी

पुलिस के अनुसार आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों में आठ पर कुल 33 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इनके खिलाफ राज्य के विभिन्न थानों में कुल 426 मामले दर्ज हैं।

### पुनर्वास नीति के तहत मिलेगी सहायता

पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने कहा कि सरकार की पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वालों को सभी आवश्यक सुविधाएं और सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर और खुफिया एजेंसियों के संयुक्त अभियान का यह सकारात्मक परिणाम है। अपर पुलिस महानिदेशक मनोज कौशिक ने कहा कि हिंसा का रास्ता छोड़कर शांति और विकास की राह चुनना स्वागतयोग्य कदम है। उन्होंने कहा कि झारखंड को पूरी तरह नक्सल मुक्त बनाने के लिए आगे भी संयुक्त अभियान जारी रहेगा। आत्मसमर्पण के दौरान माओवादियों ने बड़ी संख्या में आधुनिक हथियार और गोला-बारूद पुलिस को सौंपे। बरामद हथियारों में एक एलएमजी, पांच इंसास राइफल, नौ एसएलआर राइफल, एक बोल्ट-एक्शन राइफल, एक पिस्टल, 31 मैगजीन और करीब 3000 जिंदा कारतूस शामिल हैं।

## संक्षिप्त

### इबोला वायरस को लेकर हवाई अड्डे पर अलर्ट, केंद्र ने जारी किए विशेष निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने इबोला वायरस को लेकर हवाई अड्डों पर विशेष एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि प्रभावित देशों से आने वाले यात्रियों में यदि इबोला से जुड़े लक्षण दिखाई दें तो तुरंत कार्रवाई की जाए। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत निदेशालय स्वास्थ्य सेवाएं (डीजीएचएस) ने गुरुवार को यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए जारी परामर्श में यात्रियों को स्पष्ट रूप से बताया है कि उच्च जोखिम वाले देश कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान से आने वाले या वहां से होकर गुजरने वाले यात्रियों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। डीजीएचएस के परामर्श में बताया गया कि यदि किसी यात्री में बुखार, कमजोरी या थकान, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, उल्टी, दस्त या अज्ञात रक्तस्राव जैसे लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत एयरपोर्ट स्वास्थ्य अधिकारी या हेल्थ डेस्क को रिपोर्ट करना चाहिए और यह रिपोर्टिंग इमिग्रेशन क्लियरेंस से पहले करनी होगी।

### खाई में गिरी कार, एक परिवार के चार सदस्यों सहित पांच की मौत

**नैनीताल।** भवाली क्षेत्र के सेनेटोरियम-रातीघाट बाइपास मार्ग पर गुरुवार अपराह्न एक महिंद्रा कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में कारसवार पांच लोगों की मौत हो गई। इनमें एक ही परिवार के चार सदस्य और कार चालक है। ये सभी कैंचीधाम जा रहे थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त किया और स्थानीय प्रशासन को यथासंभव मदद पहुंचाने के निर्देश दिए। नैनीताल पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश के लखनऊ निवासी भूपेंद्र सिंह चुफाल अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कैंचीधाम जा रहे थे। सेनेटोरियम-रातीघाट बाइपास रोड पर ढैला गांव से लगभग 500 मीटर पूर्व उनकी कर अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। दुर्घटना की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा। राहत अभियान के दौरान एसडीआरएफ एवं पुलिस टीम ने सभी शवों को खाई से निकालकर सड़क तक पहुंचाया। दुर्घटनाग्रस्त कार में दो पुरुष, दो महिलाएं और एक बच्चा का शव मिला।

### कॉकरोच जनता पार्टी का एक्स पर अकाउंट बैन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई सूर्यकांत के कॉकरोच वाले बयान के विरोध में बनी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का गुरुवार को एक्स पर अकाउंट बैन हो गया है। एक्स ने गुरुवार को बताया है कि उसने भारत में स्थानीय नियमों, कोर्ट के आदेश या कानूनी शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की है। फाउंडर अभिजीत दीपके ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सीजेपी के अकाउंट बैन करने की जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीजेपी के सोशल मीडिया पर 6 दिन में लाखों फॉलोअर हो गए हैं। गुरुवार दोपहर तक यह आंकड़ा इंस्टाग्राम पर 1.26 करोड़ तक पहुंच गया। इंस्टाग्राम पर बीजेपी के 87 लाख और कांग्रेस के 1.33 करोड़ फॉलोअर्स हैं। वहीं, एक्स पर 12 बजे तक पार्टी के करीब 1 लाख 93 हजार फॉलोअर्स थे, लेकिन अब एक्स ने पार्टी के अकाउंट को भारत में बैन कर दिया है।

# फलता पुनर्मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न, 86.11 प्रतिशत हुआ मतदान

## मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की दिखी लंबी कतार



**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में दक्षिण 24 परगना जिले की फलता विधानसभा सीट पर गुरुवार को हुआ पुनर्मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। निर्वाचन आयोग के अनुसार, शाम पांच बजे तक 86.11 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वैसे वोटिंग शाम 7:00 बजे तक हुई है इसलिए यह आंकड़ा और अधिक बढ़ने की संभावना है। दिन भर मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं और तेज गर्मी व उमस के बावजूद लोगों में मतदान को लेकर भारी उत्साह बना रहा।

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर तीन बजे तक ही 74.10 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसके बाद अंतिम दो घंटों में भी बड़ी संख्या में मतदाता बूथों पर पहुंचे, जिसके चलते मतदान प्रतिशत में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई। शाम तक कहीं से किसी गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली थी। फलता विधानसभा क्षेत्र के सभी 285 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान कराया गया। इनमें 261 मुख्य और 24 सहायक मतदान केंद्र शामिल थे। पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए थे। केंद्रीय बलों की लगभग 35 कंपनियां तैनात की गई थीं, जबकि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 30 त्वरित प्रतिक्रिया दल सक्रिय रखे गए थे। प्रत्येक बूथ पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के आठ जवान तैनात किए गए थे। निर्वाचन आयोग ने इस बार निगरानी व्यवस्था को भी बेहद सख्त रखा। सभी मतदान केंद्रों के भीतर दो-दो वेब कैमरे तथा बाहर एक कैमरा लगाया गया था। मतदान प्रक्रिया की लाइव वेबकास्टिंग जिला निर्वाचन अधिकारी और मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से की गई।

## मुख्यमंत्री ने दुर्गा सोरेन को दी श्रद्धांजलि, बोले -

# दुर्गा सोरेन के विचार और आदर्श सदैव करते रहेंगे प्रेरित

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता एवं पूर्व विधायक दिवंगत दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि पर लोवाडीह स्थित दुर्गा सोरेन स्मारक स्थल पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ष की भांति आज हम सभी लोग यहां एकत्रित होकर दुर्गा सोरेन जी को याद कर रहे हैं। वह एक दूरदर्शी, संघर्षशील एवं जनभावनाओं से जुड़े हुए नेता थे। उनका जीवन जन कल्याण के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने अलग झारखंड राज्य की लड़ाई और वंचितों के अधिकारों के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके विचार एवं आदर्श सदैव हम सभी को प्रेरित करते रहेंगे। दुर्गा सोरेन स्मारक स्थित उनकी प्रतिमा पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं गणमान्य लोगों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को स्मरण किया।

# तीन माह में ग्रामप्रधानों की नियुक्ति की जाये : दीपिका

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** पेसा कानून के तहत पारंपरिक ग्रामीण व्यवस्था के तहत तीन महीने के भीतर ग्राम प्रधानों की नियुक्ति किया जाए, ताकि आगे की ग्रामसभा की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से लागू किया जा सके। पारंपरिक ग्राम प्रधान और राजस्व ग्राम प्रधान को समझने की जरूरत है। पारंपरिक तरीके से ही ग्राम सभा के जरिए ग्राम प्रधान के चयन को सुनिश्चित करना है। पेसा कानून पारंपरिक ग्रामसभाओं को सशक्त बनाने वाला है। विभागीय स्तर पर इसके सफल क्रियान्वयन के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। यह बातें ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने गुरूवार को प्रोजेक्ट भवन के एनेक्सी सभागार में पंचायती राज विभाग की ओर से आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। उन्होंने कहा कि झारखंड में 25 साल के लंबे इंतजार के बाद जिस पेसा कानून को लागू किया गया है। पारंपरिक ग्राम सभा को उनका अधिकार दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए गांव-गांव तक पेसा नियमावली के बेहतर और मजबूति से क्रियान्वयन करने की जरूरत है। पेसा कानून के दायरे में आनेवाले जिलों के अधिकारियों को इसके लिए अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना होगा। मंत्री ने कहा कि यह कानून मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिशा-निर्देश पर लागू किया गया है, जिनका सपना था कि राज्य में पारंपरिक ग्राम व्यवस्थाओं को प्राथमिकता मिले। इस कानून को अब धरातल पर उतारने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने की जरूरी है। पाण्डेय ने बताया कि देश के 10 राज्यों में पेसा कानून लागू होना था, जिनमें झारखंड का कानून सबसे बेहतर और प्रभावी माना जा रहा है। पेसा कानून को लेकर कुछ स्थानों पर भ्रम फैलाने की कोशिश हो रही है, ऐसे में सभी संबंधित लोगों को इसके प्रावधानों का गहन अध्ययन करना चाहिए।

# कावेरी रेस्टोरेंट के मालिक लव भाटिया की संदिग्ध मौत, पुलिस जांच में जुटी

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के प्रसिद्ध कावेरी रेस्टोरेंट के मालिक लव भाटिया उर्फ अभिमन्यु भाटिया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने प्रारंभिक तौर पर जहर खाकर आत्महत्या की आशंका जताई है, हालांकि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। लव भाटिया शहर के बड़े होटल कारोबारी आशीष भाटिया के पुत्र थे। भाटिया परिवार का मेन रोड स्थित पंजाब स्वीट्स, होटल कैपिटल हिल और चर्च कॉम्प्लेक्स में कावेरी रेस्टोरेंट सहित शहर के कई हिस्सों में प्रतिष्ठान हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गुरुवार को होटल में मौजूद रहने के दौरान अचानक लव भाटिया की तबीयत बिगड़ गई।



इसके बाद परिजन उन्हें लालपुर स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों के प्रयास के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

# सरकार का दावा : देश के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि देश के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सरकार ने कहा कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी को रोकने के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड पर आधारित एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी बढ़कर लगभग 96 फीसदी हो गई है। पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में मौजूदा पश्चिम एशिया घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में कहा




कि हमारे पास कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त सप्लाई है।

उन्होंने बताया कि देश की मांग को पूरा करने के लिए हमारी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। इसके अलावा रिफाइनरियों में एलपीजी का उत्पादन भी बढ़ा दिया गया है, जबकि देश में लगभग 46-47 हजार टन एलपीजी का उत्पादन हो रहा है।

सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की सप्लाई स्थिर बनी हुई है। पिछले तीन दिनों में 1.32 करोड़ बुकिंग के मुकाबले 1.34 करोड़ घरेलू एलपीजी सिलेंडर डिलीवर किए गए। इनमें से 96 फीसदी डिलीवरी डीएसी कोड का इस्तेमाल करके पूरी की गईं। 1 मई से अब तक कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई लगभग 13,32,000 टन रही है, जबकि पिछले तीन दिनों में 23,588 टन एलपीजी बेची गई।

# पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड हमजा बुरहान मुजफ्फराबाद में मारा गया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले का मास्टरमाइंड हमजा बुरहान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के मुजफ्फराबाद में अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में मारा गया। उसे कई गोलियां लगीं। हमले के बाद उसके साथियों ने उसे तुरंत पास के अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विदेशी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 27 साल का हमजा बुरहान भारत में प्रतिबंधित आतंकी संगठन अल-बद्र से जुड़ा था। उसका पूरा नाम अरजुमंद गुलजार डार था, जिसे उसके सर्किल में 'डॉक्टर' के नाम से भी जाना जाता था।



पुलवामा के रत्नीपुरा इलाके के ग्राम खरबतपोरा में पैदा हुआ हमजा 2017 में उच्च शिक्षा के बहाने पाकिस्तान चला गया था। बाद में वह प्रतिबंधित आतंकी संगठन अल-बद्र में शामिल हो गया और आखिरकार कमांडर के रैंक तक पहुंच गया।

# पांच देशों की ऐतिहासिक यात्रा पूरी कर स्वदेश लौटे पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री को दो देशों से मिला सर्वोच्च सम्मान, कई समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुरुवार की सुबह पांच देशों की अपनी बेहद महत्वपूर्ण और व्यस्त राजनयिक यात्रा पूरी कर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली लौट आए हैं। 15 मई से शुरू होकर 20 मई तक चली इस छह दिवसीय कूटनीतिक यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली का दौरा किया। यूएई से शुरू होकर इटली में समाप्त हुई इस यात्रा पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हुई थीं।

इस व्यापक दौरे का मुख्य रणनीतिक मकसद भारत के लिए दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, उच्च तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना और यूरोपीय तथा पश्चिम एशियाई साझेदारों के साथ देश के



**15 मई से शुरू होकर 20 मई तक चली छह दिवसीय कूटनीतिक यात्रा**

**प्रधानमंत्री ने यूएई, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली का किया दौरा**

**यूएई से शुरू होकर इटली में समाप्त हुई इस यात्रा पर टिकी हुई थीं पूरी दुनिया की नजरें**

आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों को एक नई ऊंचाई देना था। इस यात्रा के पहले पड़ाव में यूएई के साथ भारत ने एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति और रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को मजबूत करने के लिए कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी को भारत में कच्चे तेल के भंडारण की क्षमता को बढ़ाकर 30 मिलियन बैरल करने की अनुमति दी गई, जबकि यूएई ने भारत में 5 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई। इसके बाद नीदरलैंड की यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में रिकॉर्ड 17 द्विपक्षीय समझौतों पर मुहर लगी। प्रधानमंत्री ने जल प्रबंधन प्रणालियों को समझने के लिए वहां के प्रसिद्ध अफस्लूटडाइक बांध का भी दौरा किया। यात्रा के अगले चरण में स्वीडन दौरे के दौरान भारत और स्वीडन के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर उन्नत किया गया। प्रधानमंत्री ने वहां यूरोपियन राउंड टेबल फॉर इंडस्ट्री को संबोधित किया और उन्हें स्वीडन के प्रतिष्ठित सम्मान रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार से नवाजा गया। इसके बाद वे नॉर्वे पहुंचे, जो पिछले 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली ओस्लो यात्रा थी। वहां उन्होंने तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेकर ग्रीन टेक्नोलॉजी और एआई पर चर्चा की तथा उन्हें रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट से सम्मानित किया गया। यात्रा के अंतिम पड़ाव में इटली के साथ संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदलते हुए वर्ष 2029 तक आपसी व्यापार

# मणिपुर में बड़ी कार्रवाई, 67 हथियार बरामद, सात गिरफ्तार

**एजेंसी**

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने उग्रवाद और अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ बड़े अभियान में 67 हथियार, भारी मात्रा में गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद की है। इस दौरान प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन यूएनएलएफ (पी) से जुड़े सात आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, इंफाल पश्चिम के लामदेंग इलाके में चलाए गए अभियान में दो उग्रवादियों को गिरफ्तार कर उनके पास से इंसास एलएमजी, मैगजीन और जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ के आधार पर पुलिस, असम राइफल्स और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने यूएनएलएफ (पी)




के कथित कैंप पर छापा मारकर 29 हथियार जब्त किए। इसके बाद दूसरे अभियान में 38 अतिरिक्त हथियार, स्नाइपर राइफल, मोर्टार, आरपीजी-7 लॉन्चर और विस्फोटक बरामद किए गए। चुराचांदपुर जिले में एक म्यांमार नागरिक समेत दो लोगों को 2.127 किलोग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं इंफाल पूर्व में दो अन्य आरोपितों को 3.3 किलोग्राम संदिग्ध गांजा के साथ पकड़ा गया।

# ब्राउन शुगर गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

**हजारीबाग।** ईचाक थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर तस्करी से जुड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने लोटवा जंगल क्षेत्र में छापेमारी कर 52 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित एसआईटी टीम ने 20 और 21 मई को कार्रवाई करते हुए राहुल कुमार, विशाल कुमार, अमित कुमार, दीपक कुमार और मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से छह एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी बरामद किए गए। डीडी किट जांच में बरामद पदार्थ के ब्राउन शुगर होने की पुष्टि हुई। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह का नेटवर्क ईचाक के अलावा पदमा, बरही और हजारीबाग तक फैला था।

# पंचायत भवनों को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रशासन सख्त, डीसी ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के पंचायत भवनों की जर्जर स्थिति, पानी रिसाव और मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर जिला प्रशासन अब गंभीर नजर आ रहा है। गुरुवार को डीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में पंचायत भवनों के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मती कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिलेभर में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हो रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डीसी ने स्पष्ट कहा कि पंचायत भवन ग्रामीण प्रशासन की महत्वपूर्ण इकाई हैं, जहां आम लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे में इन भवनों का व्यवस्थित, सुरक्षित और सुविधायुक्त होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पंचायत भवनों में व्याप्त समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। समीक्षा बैठक में कई पंचायत भवनों में पानी टपकने, भवनों के क्षतिग्रस्त होने, विद्युत व्यवस्था की खराब स्थिति तथा पेयजल संकट जैसे मुद्दे सामने आए। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित और प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन केवल कार्यालय नहीं, बल्कि ग्रामीण जनता और प्रशासन के बीच संवाद का प्रमुख केंद्र हैं। इसलिए भवनों की मरम्मत एवं सुविधाओं के विकास में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी ने जिले के सभी सहायक अभियंताओं एवं कनीय अभियंताओं को आपसी समन्वय के साथ पंचायत भवनों का संयुक्त स्थल निरीक्षण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक मरम्मती कार्यों, भवनों की स्थिति एवं विकास कार्यों का विस्तृत आकलन कर रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आगामी बुधवार तक विस्तृत प्रस्ताव जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि आवश्यक स्वीकृति एवं कार्य योजना बनाकर शीघ्र कार्रवाई शुरू की जा सके। बैठक में डीसी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि पंचायत भवनों में चिन्हित कमियों को दूर करने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए।

# सुरेश बैठा ने किया विकास योजनाओं का शिलान्यास

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**कांके।** रांची जिले के कांके प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में जिला योजना एवं विधायक मद से संचालित कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने और आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य, सड़क व युवाओं को खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना है।



उन्होंने कांके दक्षिणी पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य, कांके मिल्लत कॉलोनी में पीसीसी पथ निर्माण कार्य, कांके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फैब्रिकेटेड भवन निर्माण कार्य, उलातू पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कार्य, कोकदोरो खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण कार्य, मालसिरिंग में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य शामिल है।

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने क्षेत्र के विकास के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि इन योजनाओं के पूर्ण होने से लोगों को स्वास्थ्य, आवागमन व स्टेडियम का निर्माण होने से खिलाड़ियों को अपने गांव में उपलब्ध सुविधाओं का सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। मौके पर प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उप प्रमुख अंजय बैठा, जिला परिषद सदस्य किरण देवी, प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन मुंडा, अशोक महतो, अरविंद राम, कोकदोरो मुखिया उज्ज्वल पहान, मस्जिद-ए-अली (रजी.) के सदर ईदुल अंसारी, जमील अख्तर, अशोक महतो, संवेदक रेयाजुल अंसारी, हाजी नेयाज अंसारी, मशीउद्दीन अंसारी, मेराज अंसारी, उमर फारूक, शाहजहां अंसारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### रामगढ़ सीडीपीओ के पद पर आलोक रंजन ने ग्रहण किया प्रभार

**रामगढ़।** रामगढ़ सीडीपीओ के पद पर डीएसपी आलोक रंजन ने गुरुवार को प्रभार ग्रहण किया। इस दौरान रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे और यातायात थाना प्रभारी गजेंद्र पांडे मौजूद थे। प्रभार ग्रहण करने के बाद सीडीपीओ आलोक रंजन ने बताया कि रामगढ़ अनुमंडल क्षेत्र में विधि व्यवस्था कायम रखना, उनकी प्राथमिकता होगी। इसके अलावा जनता की समस्याओं का तत्कालीन निवारण वे करेंगे। पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर वे पहले लोगों की आवश्यकता और क्षेत्र की स्थिति का जायजा लेंगे।

### डीसी की पहल पर 22 साल बाद कोर्ट में जमा होगी मुआवजा राशि

**रामगढ।** डीसी की चल संपत्ति कुर्की करने का आदेश जिस मामले में आया है, वह मामला बरका सायल सीसीएल प्रक्षेत्र से जुड़ा हुआ है। इसके बावजूद रामगढ़ डीसी ऋतुराज की पहल पर 25 मई से पहले सीसीएल पूरी रकम जमा करने के लिए तैयार हो गया है। डीसी ऋतुराज की ओर से बनाए गए दबाव के कारण 22 साल के बाद सीसीएल प्रबंधन पूरी रकम कोर्ट में जमा करने के लिए तैयार हो गया है। सीसीएल प्रबंधन ने बरका सायल प्रक्षेत्र में वर्ष 1986 में भूमि का अधिग्रहण किया गया था। सीसीएल की ओर से प्रस्तावित मुआवजा राशि पर ग्रामीणों ने सहमति नहीं जताई। उन्होंने सीसीएल प्रबंधन से अधिक मुआवजे की मांग रखी थी। जब ग्रामीणों ने कोर्ट में मुकदमा दायर किया, तब उन्होंने सीधे रामगढ़ डीसी को पार्टी बनाया। अधिग्रहण के बाद ग्रामीणों की जमीन का इस्तेमाल सीसीएल प्रबंधन कर रहा था। मुआवजा भुगतान भी सीसीएल प्रबंधन को ही करना था। लेकिन ग्रामीणों ने सीधा जिला प्रशासन को पार्टी बनाकर मुआवजे की रकम में बढ़ोतरी करने की फरियाद कोर्ट से की। कोर्ट ने वर्ष 2004 में 15 प्रतिशत ब्याज जोड़कर ही रकम देने का आदेश दिया था। लेकिन तब सीसीएल प्रबंधन उस राशि को देने पर राजी नहीं हुआ। बाद में मामला काफी खींचता चला गया और 16 सितंबर 2025 को रामगढ़ कोर्ट ने कुल रकम ब्याज के साथ 87.43 लाख कोर्ट में जमा करने का निर्देश दिया। इसके बावजूद सीसीएल प्रबंधन ने रकम कोर्ट में जमा नहीं की। इसके बाद 19 मई 2026 को कोर्ट ने रामगढ़ डीसी की चल संपत्ति की कुर्की का आदेश दे दिया।

# ओलावृष्टि से तबाह फसलों के मुआवजे को लेकर भाजपा का धरना

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में हाल ही में हुई ओलावृष्टि से किसानों की बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट ग्रामीण मंडल के तत्वावधान में गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरने में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार पर किसानों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए शीघ्र राहत राशि देने की मांग की। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा रामगढ़ कैंट ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुशांत कुमार पाण्डेय व संचालन महामंत्री ऋषिकेश सिंह ने किया। जबकि, धन्यवाद ज्ञापन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रूपा देवी दी। धरना-प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं, जिससे ग्रामीण



अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ा है। इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से अब तक प्रभावित किसानों के लिए कोई ठोस राहत योजना नहीं लाई गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव कुमार बाबला एवं मंडल प्रभारी रिद्धि राज ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के मुद्दों पर संवेदनहीन बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'मैया सम्मान योजना' और धान अधिप्राप्ति जैसे मामलों में भी किसानों को लगातार परेशान किया गया है। धरने को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र किसानों को उचित मुआवजा नहीं दिया, तो भाजपा चरणबद्ध एवं उग्र आंदोलन शुरू करेगी। नेताओं ने कहा कि भाजपा किसानों के अधिकारों के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। प्रमुख वक्ताओं में रंजय कुमार कुंटू बाबू, प्रो संजय प्रसाद सिंह, राजीव जायसवाल, शिव कुमार महतो, महेंद्र प्रजापति, राजीव रंजन प्रसाद, रंजन सिंह फौजी, विजय जायसवाल, सरदार अनमोल सिंह, शीतल सिंह, इला रानी पाठक एवं उमेश प्रसाद सहित कई नेताओं ने सरकार की नीतियों की आलोचना की। भाजपा नेताओं ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के निर्देश पर झारखंड के विभिन्न मंडलों में धरना-प्रदर्शन आयोजित कर किसानों की समस्याओं को उठाया गया। इसी क्रम में रामगढ़ में भी यह कार्यक्रम आयोजित कर राज्य सरकार का ध्यान किसानों की ओर आकृष्ट करने का प्रयास किया गया।

## रामगढ़ में पांच साल से लापता बच्चों को तलाश रही पुलिस, रखा 50 हजार का इनाम



**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र से लापता बच्चों की तलाश पुलिस काफी शिद्दत से कर रही है। गुरुवार को पुलिस ने वैसे बच्चों के पोस्ट सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जो पिछले 05 सालों से लापता या अपहृत हैं। पुलिस ने सूचना देने वाले को 50 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। वर्ष 2021 से लापता एक लड़की प्रतिमा कुमारी और वर्ष 2024 से लापता एक लड़के विक्रम सिंह का पोस्टर पुलिस ने लगाया है। रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि सब इंस्पेक्टर जॉनी कुमार को इस ड्यूटी में लगाया गया है। प्रतिमा कुमारी के लापता होने के मामले में मामला दर्ज है। रामगढ़ थाना की ओर से 50 हजार के इनाम राशि के साथ थाना चौक, सुभाष चौक, ट्रेकर स्टैंड, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, कोठार, कैथा में पोस्टर लगाया गया है। इससे पहले रांची जिले के करुणा आश्रम, बाल आश्रय, प्रेम आश्रय संस्था में भी पता किया गया पर कोई सुराग नहीं मिला।

## स्कूलों में समर कैंप का हुआ आयोजन



**सोनाहातू/राहे।** राजकीयकृत प्लस टू हाई स्कूल लांदुपडीह में तीन दिवसीय समर कैंप का समापन गुरुवार को किया गया। समर कैंप में स्कूली बच्चों के बीच योगाभ्यास, खेलकूद प्रतियोगिता, भाषण, क्षेत्रीय नृत्य, लोकगीत आदि का आयोजन किया गया। समर कैंप में बच्चों के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों ने भी उत्साह पूर्वक सहयोग किया। कैंप का मुख्य उद्देश्य खेलकूद के साथ-साथ पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना था। समर कैंप को सफल बनाने में प्रभारी प्राचार्य रूबल लकड़ा शारीरिक शिक्षक विदेश्वर महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा।पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में भी तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन हुआ। छात्रओं के बीच कई तरह के प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इधर राहे प्रखंड के झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में बच्चों और शिक्षिकाओं के बीच उल्लास के साथ समर कैंप का आयोजन किया गया ।समर कैंप में छात्राओं के बीच पाक कला सबसे महत्वपूर्ण रहा। छात्राओं के बीच विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के बनाने की विधि की जानकारी दी गई।

## बच्चों को धूप में पढ़ते देख भावुक हुए विधायक, कहा - जल्द बनेगा आंगनबाड़ी भवन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** तोरपा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चांपी में खुले आसमान के नीचे टाट-पट्टी पर पढ़ाई कर रहे बच्चों को देखकर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया हो गए और उन्होंने अपना काफिला रुकवा दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की स्थिति देखकर तत्काल आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण की अनुशंसा की। जानकारी के अनुसार, विधायक सुदीप गुड़िया गुरुवार को क्षेत्रीय दौरे पर थे। इसी दौरान ग्राम चांपी से गुजरते समय उनकी नजर खुले में पढ़ रहे छोटे बच्चों पर पड़ी। आंगनबाड़ी भवन



नहीं होने के कारण बच्चे चिलचिलाती धूप और धूल के बीच पढ़ाई करने को मजबूर थे। यह देखकर विधायक तुरंत वाहन से उतरे और बच्चों के बीच पहुंचकर उनकी पढ़ाई-लिखाई की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से बातचीत की तथा वहां मौजूद आंगनबाड़ी सेविका से समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विधायक ने मौके से ही संबंधित अधिकारियों से बात की और ग्राम चांपी में नए एवं पक्के आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण के लिए त्वरित अनुशंसा पत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा और बेहतर वातावरण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी बच्चे को धूप और असुरक्षित माहौल में पढ़ने के लिए मजबूर नहीं रहना पड़ेगा। विधायक के इस त्वरित कदम से ग्रामीणों में खुशी देखी गई।

## खूंटी में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य घबराकर न करें खरीदारी : उपायुक्त

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** जिले में पेट्रोल और डीजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर गुरुवार को उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने आईओसीएल, एचपीसीएल और बीपीसीएल के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर ईंधन की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त को बताया कि जिले में फिलहाल पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। ऐसे में पेट्रोल पंप संचालकों और आम लोगों को किसी प्रकार की घबराहट या अफवाह में आने की जरूरत नहीं है। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने पेट्रोल पंप संचालकों से अपील की कि वे सामान्य रूप से ईंधन की आपूर्ति बनाए रखें, ताकि आमजनों को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि जिले में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है।

# तोरपा विधानसभा क्षेत्र का संतुलित और सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकता : सुदीप गुड़िया

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र का संतुलित और सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पानी, सड़क और पुल जैसी मूलभूत समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए आगामी वित्तीय वर्ष में फंड आवंटित कर कार्य शुरू कराया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशानी न हो। विधायक गुरुवार को कर्रा प्रखंड की उड़ीकेल पंचायत के सिमगड़ा (गढ़ाटोली) गांव में स्थानीय विकास एवं जन-समस्याओं के समाधान को लेकर आयोजित ग्रामसभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि अपने क्षेत्र के विकास के लिए वे



निरंतर काम कर रहे हैं और करते रहेंगे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। ग्रामसभा में ग्रामीणों ने क्षेत्र में पेयजल संकट, जर्जर सड़कों की मरम्मत और नए पुल निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिनों में पुल के अभाव में गांव का संपर्क अन्य इलाकों से कट जाता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामसभा में उड़ीकेल मुखिया छत्री हेमरोम, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राहुल केशरी, ग्राम प्रधान जोसफ आइंद, ग्रामसभा अध्यक्ष लाजरूस आइंद, ग्राम पहान रफाईल आइंद, गरगंजी ग्राम प्रधान सोमरा आइंद, उप मुखिया कलेमेंसिया आइंद, झामुमो उड़ीकेल पंचायत अध्यक्ष सहदेव आइंद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भागवत पुराण कथा महोत्सव के छटे दिन कंस वध और रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर प्रवचन



**सिल्ली।** सिल्ली के पतराहातु में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत पुराण कथा महोत्सव के छठे दिन कंस वध, रुक्मिणी विवाह के प्रसंग पर गुरु चैतन्य हरि चरत जी महराज ने प्रवचन किया। उन्होंने कहा कि भागवत पुराण में जीवन जीने की कला का रहस्य छिपा हुआ है। प्रभु श्रीकृष्ण की लीला आज के समाज के लिए बड़ा ही प्रासंगिक है। भगवान ने अपने लीलाओं ने माध्यम से समाज के लिए एक आदर्श प्रस्तुत किया है। आज समाज में गुरु और शिष्य के बीच ने मूल्य समाप्त हो रहे है। लेकिन श्रीकृष्ण 64 कलाओं के ज्ञाता होते हुए भी गुरु संदीपनी ने शिक्षा ली ।अपने गुरु का सम्मान किया। कई बार लोग अपने सगे संबंधियों की गलतियों पर पर्दा डालकर निर्दोष पर दोषारोपण कर देते है। लेकिन प्रभु ने अपने मामा कंस का वध करके यह आदर्श प्रस्तुत किया है कि गलती की सजा जरूर मिलती है चाहे वह अपना सगा ही क्यों न हो। प्रवचन के दौरान स्थानीय कलाकारों के माध्यम से श्रीकृष्ण रुक्मिणी का विवाह की सुंदर झांकी की प्रस्तुति की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान के बरात, विवाह, पूजन का खूब आनंद लिया। गुरुजी एवं उनकी टीम ने मौके पर एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति की। देर रात तक श्रद्धालु भक्ति गंगा में गोते लगाते रहे। आयोजन में आयोजन समिति के सदस्यों के अलावा स्थानीय लोग भी भरपूर सहयोग कर कर रहे है। भागवत कथा का विराम शुक्रवार को होगा।

# क्षेत्र की समस्याओं को लेकर विद्यानगर विकास समिति का गठन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** शहर के विद्यानगर क्षेत्र में लगातार बिगड़ती मूलभूत सुविधाओं और बिजली संकट को लेकर स्थानीय लोगों ने अब संगठित पहल शुरू कर दी है। गुरुवार की शाम को राम कुमार साहू के आवास पर क्षेत्र के लोगों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें सर्वसम्मति से विद्यानगर विकास समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राम कुमार साहू ने की, जबकि संचालन ओपी शर्मा ने किया। बैठक में बताया गया कि पिछले सप्ताह विद्यानगर का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। विभाग की ओर से नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, लेकिन चार्ज होने के मात्र 10 मिनट के बाद ही वह ब्लास्ट कर गया। इसके बाद पूरा इलाका फिर अंधेरे में डूब गया। लगातार बिजली संकट से नाराज लोगों के दबाव के



बाद विभाग ने इमरजेंसी ट्रॉली ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया, जिससे फिलहाल बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। स्थानीय लोगों ने कहा कि बार-बार ट्रांसफार्मर खराब होने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बच्चों की पढ़ाई, पानी की व्यवस्था और व्यवसाय तक प्रभावित हो रहे हैं। बैठक में केवल बिजली समस्या ही नहीं, बल्कि विद्यानगर की अन्य बुनियादी समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। क्षेत्र में पेयजल संकट, जर्जर मुख्य सड़क, गलियों की खराब स्थिति, जाम नालों, साफ-सफाई की कमी और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि यदि संगठित प्रयास नहीं किए गए तो आने वाले समय में समस्याएं और गंभीर हो सकती हैं। इसी उद्देश्य से विकास समिति बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से विद्यानगर विकास समिति के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। समिति के संरक्षक के रूप में आर प्रसाद, अध्यक्ष के रूप में संतोष प्रसाद, सचिव के रूप में ओपी शर्मा तथा कोषाध्यक्ष के रूप में सरयू प्रसाद को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में निखिल कुमार गुप्ता, बिभास घोष, सुरेश प्रसाद, गगन पाठक, मनोज कुशवाहा, सपन दा, महेश प्रसाद सिन्हा, चंदन तिवारी, अबनी प्रसाद साव, सुब्रतो, नरेंद्र कुमार, नवीन शर्मा, के के सिंह, कमलेश कुमार, बिपिन कुमार, राम कुमार साहू एवं प्रवीण कुमार के नामों को मंजूरी दी गई।

# खूंटी में प्रचंड गर्मी का कहर, लगातार बढ़ते तापमान से जनजीवन प्रभावित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** जिले में इन दिनों पड़ रही प्रचंड गर्मी ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। गुरुवार को खूंटी का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। लगातार बढ़ते तापमान और उमस भरे मौसम के कारण बाजारों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही में कमी देखी जा रही है। दोपहर के समय गर्मी का असर सबसे अधिक महसूस किया जा रहा है। सुबह 10 बजे के बाद ही धूप इतनी तेज हो जा रही है कि लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। गर्म हवाओं और तपती सड़कों के कारण राहगीरों, मजदूरों, किसानों और छोटे दुकानदारों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों पर इस गर्मी का ज्यादा असर पड़ रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी स्थिति में शरीर में पानी की कमी, थकान, चक्कर आना और लू लगने जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। प्रचंड गर्मी के कारण जिले के बाजारों में दोपहर के समय सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। ठंडे पेय पदार्थ, नारियल पानी, जूस और बर्फ की मांग बढ़ गई है। वहीं बिजली की खपत भी तेजी से बढ़ी है, क्योंकि लोग पंखा, कूलर और अन्य शीतलन उपकरणों का अधिक उपयोग कर रहे हैं। किसानों के लिए भी यह मौसम चिंता का विषय बन गया है। तेज गर्मी और पर्याप्त बारिश नहीं होने से खेतों की नमी तेजी से कम हो रही है, जिससे खरीफ फसलों की तैयारी प्रभावित हो सकती है।

## झारखंड में 20 जून से शुरू होगी एसआईआर प्रक्रिया, घर-घर जाकर होगा सत्यापन

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया 20 जून से शुरू की जा रही है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। प्रत्येक घर तक संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ पहुंचकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गुरुवार को धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए आयोजित एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में 20 जून से 29 जून तक तैयारी, प्रशिक्षण एवं आवश्यक मुद्रण कार्य किए जाएंगे। इसके बाद 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे और सत्यापन करेंगे। इसके बाद प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 5 अगस्त को होगा। फिर 5 अगस्त से 4 सितंबर तक दावा एवं आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। नोटिस पीरियड तथा दावों और आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया 3 अक्टूबर तक चलेगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 अक्टूबर को किया जाएगा। इस विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए अर्हता तिथि एक अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के क्रम में नए मतदाताओं के आवेदन, दावा एवं आपत्तियां दर्ज करने के क्रम में बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) द्वारा घर-घर जाकर संकलित किए जाएंगे। जिन मतदाताओं से बीएलओ का संपर्क नहीं हो पाएगा, उनके लिए विशेष कैंप भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी मतदाता का नाम बिना सुनवाई के सूची से नहीं हटाया जाएगा और उन्होंने लोगों को भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान नहीं देने की सलाह दी। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** सामाजिक संस्था ओथ एवं उत्कल कराटे स्कूल ने बरियातू हाउसिंक कॉलोनी के संस्कृति विहार में गुरुवार को एक दिवसीय निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। इसमें सैकड़ों बच्चों एवं युवाओं ने हिस्सा लिया। कराटे प्रशिक्षण के विभिन्न तकनीकी पहलुओं को सीखा।

शिविर की शुरूआत वार्मअप एवं बेसिक ट्रेनिंग से हुई, जिसका प्रशिक्षण सेम्पाई रवि कुमार द्वारा दिया गया। इसके बाद काता प्रशिक्षण चंदन कुमार ने कराया। कुमिते ड्रिल एवं कुमिते बेसिक का प्रशिक्षण सेंसई संदीप लाल एवं सेम्पाई प्रिंस ठाकुर द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओथ के ट्रस्टी दीपक बंका, अमित कुमार (सदस्य, सामाजिक संस्था ओथ), विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाजसेवी संजीत गाड़ी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सेम्पाई मानसी सिंह एवं सेम्पाई विशाखा कुमारी की भी उपस्थिति रही।

## संक्षिप्त

### स्व का बोध सिर्फ व्यक्तिगत पहचान तक सीमित नहीं : अखिलेश्वर

**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में आयोजित छह दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग सह कार्यशाला के चौथे दिन गुरुवार को सकारात्मक एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। वैचारिक सत्र में शिशु विकास मंदिर समिति (झारखंड) के मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने स्व का बोध विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि स्व (खुद) का बोध केवल व्यक्तिगत पहचान तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी इससे जुड़ी हुई है। उन्होंने स्वदेशी जीवन शैली अपनाने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने पर जोर देते हुए कहा कि इसी सोच से भारत पुनः विश्वगुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने सीबीएसई इन-हाउस ट्रेनिंग के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया। प्रशिक्षण में आधुनिक शिक्षण पद्धति, विद्यालयीन गतिविधियों एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। अंतिम सत्र में आचार्यों को खेल, प्राणायाम एवं योगासन का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लाल अशोकनाथ शाहदेव, प्राचार्य ललन कुमार, उप प्राचार्या मीना कुमारी सहित सभी आचार्य, दीदीजी मौजूद थे।

### गौमाता केवल एक पशु नहीं, ग्राम्य जीवन और अर्थव्यवस्था की आधारशीला : परिमल

**रांची।** भारत की सनातन संस्कृति में गौमाता केवल एक पशु नहीं,बल्कि ग्राम्य जीवन,कृषि,स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था की आधारशिला रही है। आज जब देश रासायनिक खेती,बढ़ते प्रदूषण, बेरोजगारी और ग्रामीण पलायन जैसी समस्याओं से जूझ रहा है, तब गौआधारित ग्राम विकास एक प्रभावी और स्थायी समाधान के रूप में सामने आ रहा है। गुरुवार को गौ सेवा परिवार के प्रशिक्षक परिमल ने बताया कि इसी उद्देश्य को लेकर गौसेवा परिवार की ओर से पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया में विशेष नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनका लक्ष्य गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना और गांवों को गौआधारित विकास के माध्यम से समृद्ध करना है। इस अभियान में गोभक्तों और युवाओं को गौआधारित ग्राम विकास और गौशाला स्वावलंबन का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण का मुख्य आधार है गोबर और गोमूत्र आधारित अर्थव्यवस्था। गौशालाओं को केवल दान पर निर्भर रखने के स्थान पर उन्हें उत्पादन और सेवा आधारित केंद्र के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# शिक्षा समाज की चेतना और राष्ट्र की प्रगति का आधार है : राज्यपाल

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की चेतना एवं राष्ट्र की प्रगति का आधार है। विश्वविद्यालय विचार, ज्ञान, अनुशासन, शोध और चरित्र निर्माण के केंद्र होते हैं। किसी भी राज्य का भविष्य उसके शिक्षण संस्थानों में ही आकार लेता है। राज्यपाल गुरुवार को रांची के चाणक्य बीएनआर होटल में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि यह सम्मेलन झारखण्ड की उच्च शिक्षा को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण अवसर है। प्रदेश में स्कूली शिक्षा की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है, लेकिन उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अभी व्यापक सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य का सकल नामांकन अनुपात राष्ट्रीय औसत से बहुत कम है तथा उच्च शिक्षा में ड्रॉपआउट की समस्या भी गंभीर है। गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण, समयबद्ध परीक्षाओं एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा के अभाव में बड़ी संख्या में विद्यार्थी राज्य से बाहर जाने को विवश होते हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति हम सभी के लिए आत्ममंथन का विषय है।

राज्यपाल ने कहा कि अब समय केवल समस्याओं की चर्चा करने का नहीं, बल्कि समाधान और परिणाम के साथ आगे बढ़ने का है। विश्वविद्यालयों की पहचान केवल भवनों एवं परिसरों से नहीं, बल्कि उनके शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन, शोध, नवाचार एवं उपलब्धियों से होती है। उन्होंने कहा कि जिस दिन झारखण्ड के विद्यार्थी यह महसूस करेंगे कि उसे बेहतर शिक्षा के लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है, उस दिन हम कह सकेंगे कि हमारा प्रयास वास्तव में सफल हुआ है। राज्यपाल गंगवार ने कहा कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति पारदर्शी प्रक्रिया के तहत सर्च कमिटी के माध्यम से की गई है और उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्होंने कहा कि कुलपति केवल प्रशासक नहीं, बल्कि अकेडमिक लीडर के रूप में कार्य करें। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा को नई गति एवं दिशा देने के उद्देश्य से ह्यझारखण्ड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 2026ह्ल लागू किया गया है, जिसका उद्देश्य संस्थानों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी कुलपतियों एवं विश्वविद्यालय पदाधिकारियों से नए अधिनियम का गंभीरता से अध्ययन करने का आग्रह किया।

## कांग्रेस जिला मुख्यालयों में 24 से आयोजित करेगी शिकायत और निवारण कार्य दिवस

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** कार्यक्रम झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से 24 मई को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में शिकायत और निवारण कार्य दिवस कार्यक्रम आहूत की जाएगी। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि यह पहल संगठन को और अधिक मजबूत, जवाबदेह एवं कार्यकर्ताओं के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है ताकि जिला और प्रदेश स्तर पर कार्यकर्ता, पदाधिकारियों एवं आम कांग्रेसजन अपनी व्यक्तिगत प्रतिनिधित्व संबंधी शिकायतों को लिखित रूप में देंगे तथा उनका समाधान सुनिश्चित किया जा सके। कांग्रेस का मानना है कि किसी भी राजनीतिक संगठन की असली ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता होते हैं। पार्टी ने हमेशा कार्यकर्ताओं के सम्मान को प्राथमिकता दी है। यही कारण है कि जिला कांग्रेस कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक शिकायतों का लिखित रूप में संग्रह किया जाएगा और उन्हें प्रदेश कार्यालय भेजकर निष्पक्ष समन्वित कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस ने सभी जिला अध्यक्षों एवं प्रभारियों को निर्देश दिया है कि इस कार्यक्रम की जानकारी अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं तक पहुंचाई जाए ताकि हर कार्यकर्ता अपनी बात संगठन के समक्ष रख सके।

## डोरंडा बाजार और कुसई सहित कई क्षेत्रों में आज चार घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** ईएसआईसी अस्पताल नामकुम के पास रेलवे क्रॉसिंग कार्य के कारण शुक्रवार को 33 केवी कुसई फीडर और सिदरोल फीडर से सुबह 06 बजे से 10 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगा। इस दौरान 33 केवी कुसई से संबंधित क्षेत्रों घाघरा, कुसई, डोरंडा बाजार, रिसलदार नगर, अनंतपुर, निवारणपुर, मजिस्ट्रेट कॉलोनी, हिनू और आसपास बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी। इस दौरान रोटेशन पर इन क्षेत्रों में आंशिक विद्युतापूर्ति की जाएगी। 33 केवी सिदरोल से संबंधित जिन क्षेत्रों में विद्युतापूर्ति बाधित रहेगी उनमें सदाबहार, कालीनगर, कोचाटोली, तुंबागुट्ठ, बरगामा, खिजरी, सिदरौल, पलांडू, रजाउलातु, सरवाल, जमचुआं, हाहाप, गरके, चटकपुर, प्रेस कॉलोनी, आईएएस कॉलोनी, लाली, कृषि अनुसंधान केंद्र, जरगापाइगा, बोंगाईबेरा, बुधीबेरा, महादेव टोली, तुतिहारा सोगोद, कुदागाड़ा शामिल हैं। इस दौरान संबंधित फीडर के पेड़ की टहनियों की छटाई भी किया जाएगा। इस कार्य के बाद एयरपोर्ट की विद्युत आपूर्ति को नामकुम ग्रिड से सीधे अलग स्रोत (डाइरेक्टए सोर्स) से जोड़ा जाना है, जिससे भविष्य में सुचारू विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। यह जानकारी बिजली विभाग ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

## संपर्क, सेवा और संतों के मार्गदर्शन से बनेगा समरस समाज : विनायक राव देशपांडे




**रांची।** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत की मातृशक्ति, सामाजिक समरसता, प्रांत कार्यकारिणी एवं रांची महानगर के कार्यकताओं की दो दिवसीय बैठक हरमू रोड स्थित शक्ति आश्रम में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों एवं विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इसमें विहिप के केंद्रीय संगठन सहमहामंत्री विनायक राव देशपांडे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 24 से 31 मई तक चतरा में दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण वर्ग, 30 मई से 10 जून तक बोकारो में परिषद शिक्षा वर्ग तथा 2 से 10 जून तक बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जाएगा। साथ ही 20 से 23 अगस्त तक मातृशक्ति प्रशिक्षण वर्ग भी आयोजित होगा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विनायक राव देशपांडे ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के साथ संपर्क, सेवा और संतों के मार्गदर्शन से समरस समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि परिवार व्यवस्था में आ रही कमियों के कारण संस्कार प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए गांव और मोहल्लों में साप्ताहिक संस्कार केंद्र चलाने की जरूरत है। उन्होंने गौसंरक्षण, जैविक खेती, कौशल विकास, महिलाओं के प्रशिक्षण एवं युवाओं के लिए कंप्यूटर शिक्षा जैसे कार्यक्रमों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। बैठक में क्षेत्र मंत्री डॉ. वीरेंद्र साहू, क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद जी, प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, पद्मश्री महावीर नायक, प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झारखंड में भोजपुरी, मगही और अंगिका को लेकर आदिवासी छात्र संघ का विरोध



**रांची।** आदिवासी छात्र संघ केंद्रीय समिति ने संवाददाता सम्मेलन कर झारखंड में भोजपुरी, मगही और अंगिका भाषा को मान्यता दिए जाने का विरोध किया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि ये झारखंड की मूल क्षेत्रीय भाषाएं नहीं हैं, इसलिए इन्हें राज्य में लागू करना बंद किया जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार इन भाषाओं को मान्यता देती है, तो आदिवासी छात्र संघ झारखंड बंद का आह्वान करेगा। संघ ने कहा कि बंद कार्यक्रम शांतिपूर्ण होगा और इसमें राज्य के सभी वर्गों—सामान्य, एससी और ओबीसी समुदाय—से सहयोग की अपील की गई है। संगठन ने स्पष्ट किया कि लड़ाई पुलिस-प्रशासन से नहीं, बल्कि सरकार की नीतियों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि विरोध स्वरूप सांकेतिक गिरफ्तारियां दी जाएंगी, लेकिन किसी भी सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। आदिवासी छात्र संघ का कहना है कि इन भाषाओं को लागू करने से झारखंड की नौकरियों और प्रतियोगी परीक्षाओं, जैसे जेपीएससी और जेटीईटी, में स्थानीय जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं का अधिकार प्रभावित होगा। संगठन ने सवाल उठाया कि जब झारखंड की जनजातीय भाषाएं बिहार में लागू नहीं हैं, तो बिहार की भाषाओं को झारखंड में क्यों लागू किया जा रहा है। संवाददाता सम्मेलन में डॉ. सुशील कुमार मिंज, जतरु उरांव, सतीश कुमार भगत, सुरेश टोप्पो, महावीर उरांव, संजय महली, दिनेश भगत, मुकेश अंगरिया, प्यारू उरांव सहित बड़ी संख्या में छात्र और आदिवासी छात्रावास के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## समागम के बहिष्कार के लिए मंच चलाएगा अभियान

**रांची।** झारखंड आदिवासी अधिकार मंच 24 मई 2026 को दिल्ली में आयोजित होने वाले जनजाति सांस्कृतिक समागम के बहिष्कार के लिए संयुक्त अभियान चलाएगा। मंच ने कहा कि वह विभिन्न आदिवासी संगठन और आदिवासी समाज के साथ मिलकर इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएगा। यह जानकारी मंच के अध्यक्ष प्रफुल्ल लिंडा और राज्य संयोजक सुखनाथ लोहरा ने गुरूवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी। विज्ञप्ति में कहा गया कि जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से आयोजित कार्यक्रम आदिवासी समाज को धर्म के नाम पर विभाजित करने और डीलिस्टिंग की राजनीति को बढ़ावा देने का प्रयास है। विज्ञप्ति के माध्यम से यह भी आरोप लगाया गया कि इस तरह की गतिविधियां आदिवासी समाज की एकता और उनके ऐतिहासिक संघर्षों को कमजोर करने का काम करती हैं।

## महारानी प्रेम मंजरी बालिका विद्यालय में किशोरी जागरूकता शिविर आयोजित

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** हेल्थ ऑन व्हील कार्यक्रम के तहत 21 मई 2026 को फाउंडेशन फॉर बेटरमेंट ऑफ ह्यूमनकाइंड एवं ओएनजीसी के संयुक्त सहयोग से रातू स्थित महारानी प्रेम मंजरी प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में किशोरी जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को एनीमिया मुक्त बनाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रंजना कुमारी के सहयोग से आयोजित इस शिविर में छात्राओं का हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप एवं वजन की जांच की गई। स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. ए.के. आर्य एवं उनकी टीम ने किया। डॉ. आर्य ने किशोरियों को बताया कि हीमोग्लोबिन की कमी से कमजोरी, चक्कर, थकान और पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने में परेशानी हो सकती है। कार्यक्रम के दौरान सुप्रिया वर्मा ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से किशोरियों को स्वच्छता, मासिक धर्म, पोषण, संतुलित आहार और एनीमिया से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने हरी सब्जियां, दाल, गुड़, चना, मूंगफली, अंडा, अनार और चुकंदर जैसे आयरन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन पर जोर दिया। शिविर में 300 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया, जबकि करीब 100 बालिकाओं की रक्त जांच की गई। कार्यक्रम में डॉ. रंजना कुमारी मुख्य अतिथि एवं ब्रजेश कुमार संयोजक के रूप में उपस्थित थे। अंत में सुदिप्ता सरकार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार एवं विकास भारती बिशुनपुर का विशेष सहयोग रहा।

## बीआईटी पटना की निरंतरता के लिए समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** बीआईटी, मेसरा और बिहार सरकार के विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग (डीएसटीटीई) ने एमओयू किया। इसके तहत बीआईटी पटना ऑफ-कैंपस की निरंतरता के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) का 16 दिसंबर 2030 तक नवीनीकरण किया। समझौता ज्ञापन पर बिहार सरकार के विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव हिमांशु शर्मा और संस्थान मेसरा के कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना ने औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर बिहार सरकार के विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक अहमद महमूद, बीआईटी मेसरा के कुलसचिव डॉ. राजेश जैन ने साक्षी के रूप में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर संस्थान पटना के निदेशक डॉ. धीरेश कुमार मलिक, प्रबंधन विभाग के सह-प्राध्यापक डॉ. अभिनव कुमार शांडिल्य और संस्थान पटना की सहायक कुलसचिव श्रीमती तृषा कुमार भी उपस्थित थे। समझौते में बिहार के विद्यार्थियों के लिए आरक्षण संबंधी प्रावधानों को भी बनाए रखा गया है। साथ ही यह शैक्षणिक विकास, आधारभूत संरचना विस्तार तथा उच्च तकनीकी शिक्षा में संस्थागत सहयोग को भी प्रोत्साहित करेगा।

## लंबित मांगों को लेकर जेएमएम महासचिव से मिला मनरेगा कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल

रांची। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मनरेगा कर्मियों की लंबित मांगों को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेड पे, स्थायी समायोजन एवं सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न मांगों और आंदोलन की वर्तमान स्थिति से उन्हें अवगत कराया। वार्ता के दौरान विनोद कुमार पाण्डेय ने आश्वासन दिया कि वे मनरेगा कर्मियों की मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष सकारात्मक रूप से रखकर समाधान का प्रयास करेंगे। संघ ने बताया कि झारखंड के मनरेगा कर्मी अपनी वर्षों पुरानी मांगों को लेकर 12 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इससे पहले भी कई बार आंदोलन और हड़ताल की गई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि मनरेगा कर्मी पिछले 18-19 वर्षों से अल्प मानदेय पर कार्य कर रहे हैं। बढ़ती महंगाई और असुरक्षित भविष्य के कारण कर्मियों के सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

## झारखंड के 11 जिलों में तापमान पहुंचा 40 डिग्री के पार

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची सहित पूरे राज्य भर में इन दिनों मौसम आग उगल रहा है। स्थिति यह है कि राज्य के 11 जिलों में अधिकतम तापमान बढ़कर 40 डिग्री या उससे अधिक पहुंच गया है। राज्य के जिन जिलों में तापमान 40 डिग्री है उससे अधिक रिकॉर्ड किया गया है उनमें गढ़वा 44 डिग्री,चतरा में 44 डिग्री, डाल्टनगंज 43.4 डिग्री, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में 42, सरायकेला में 42 डिग्री, गुमला, रामगढ़ और बोकारो में 40 डिग्री, गिरिडीह में 40 डिग्री और सिमडेगा में 40 डिग्री शामिल है। इधर, मौसम विभाग ने 23 और 24 मई को राज्य के उत्तर पूर्वी और मध्यवर्ती जिलों में बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की है। साथ ही इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की भी संभावना है। इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

इस दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश धनबाद जिले के पंचेत में 10.2 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा राज्य के जिन अन्य इलाकों में बारिश से रिकॉर्ड की गई इसमें मैथन,सिकटिया,महेशपुर और गोविंदपुर शामिल हैं। गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा लेकिन दोपहर बाद आंशिक रूप से बादल छाए रहे। इससे लोगों को प्रचंड गर्मी से थोड़ी राहत मिली। गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री और न्यूनतम 25.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 41.8 डिग्री और न्यूनतम 28.5 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 43.4 और न्यूनतम 27.8 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 41.2 डिग्री और न्यूनतम 26.1 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# सेवानिवृत शिक्षकों को कार्यालय का चक्कर लगाने की नौबत नहीं आएगी

**शिक्षक सुधीर कुमार वर्मा के सम्मान समारोह में बोले डीएसई**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** बोकारो के जिला शिक्षा अधीक्षक डॉ अतुल कुमार चौबे ने कहा है कि जिले के किसी भी शिक्षक को अपने सेवानिवृत्ति लाभों को पाने के लिए कार्यालय का चक्कर लगाने की नौबत नहीं आए, ऐसा हमारा प्रयास रहता है। यह सरकार का घोषित आदेश भी है और हमारी प्राथमिकता भी। श्री चौबे चास प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय आसनसोल के शिक्षक सुधीर कुमार वर्मा के सेवानिवृत्ति सम्मान में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इसके साथ ही डीएसई ने सुधीर कुमार वर्मा को सेवानिवृत्ति लाभों का भुगतान आदेश पत्र सौंपा।



वर्ष, 1994 में नियुक्त सुधीर कुमार वर्मा को उनकी 31 वर्ष 6 महीने की सेवा के बाद सेवानिवृत्ति माह के अंतिम कार्य दिवस पर आज विद्यालय परिवार ने एक सादे समारोह में विदाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम मूर्ति ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए श्री वर्मा के जीवन यात्रा का वर्णन किया। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महासचिव राजेश कुमार सिन्हा ने श्री वर्मा के शिक्षण सेवा के विभिन्न आयामों से सभी को परिचित कराया। सहायक आचार्य पूनम कुमारी ने सम्मान पत्र अर्पित किया। सहायक अध्यापिका श्वेता कुमारी और आईसीटी इंस्ट्रक्टर प्रियंका कुमारी ने श्री वर्मा के कुशल व्यवहार की प्रशंसा की।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों के साथ झारखंड राज्य अनुसूविचिय कर्मचारी संघ के विद्या, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश प्रवक्ता अनिल सिंह, प्रमंडलीय अध्यक्ष प्रभात कुमार, जिला अध्यक्ष राजू साहू, जिला महासचिव राजेश सिन्हा, विद्यालय के अध्यक्ष गोबिंद दिगर सहित सैंकड़ों शिक्षक सदस्य उपस्थित थे।

# बरसात से पहले नाली की समस्या के समाधान का प्रयास : अनिल उरांव

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** नगर परिषद लोहरदगा के अध्यक्ष अनिल उरांव ने वार्ड संख्या-8 स्थित न्यू रोड, बजरंगबली मंदिर के पीछे स्थित मोहल्लों का दौरा कर स्थानीय समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान वार्ड पार्षद श्रीमती अविनाश कौर भी उनके साथ मौजूद रहीं।

दौरे के दौरान अध्यक्ष अनिल उरांव ने स्थानीय लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। मोहल्लेवासियों ने बताया कि बरसात के मौसम में नाली की समुचित व्यवस्था



नहीं होने से जलजमाव और गंदगी की समस्या उत्पन्न होती है। इस दौरान वार्ड पार्षद अविनाश कौर ने बताया कि पूर्व में ही इस मोहल्ले में नाली निर्माण को लेकर प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन करीब ढाई वर्षों तक चुनाव नहीं होने और बोर्ड गठन में विलंब के कारण विकास कार्य प्रभावित रहे। इस पर नगर परिषद अध्यक्ष अनिल उरांव ने आश्वासन देते हुए कहा कि बरसात शुरू होने से पहले नाली समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं विकसित लोहरदगा ही हमारा उद्देश्य है। शहर के हर वार्ड में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। मौके पर सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह, बीघन राम, रवि राम, भुवनेश्वर राम, सविता देवी, चिंता देवी, गीता देवी, पूजा देवी, केशव राम, संजीत राम, विनय राम सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### गौवंश से लदा वाहन पकड़ाया, एक आरोपित हिरासत में

**धनबाद।** धनबाद के मटकुरिया चेकपोस्ट के पास गुरुवार को गौ रक्षा दल के सदस्यों ने गौवंश से लदे एक मैजिक वाहन को पकड़ लिया। इस मामले में वाहन सहित एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर बैंक मोड़ थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दल के सदस्यों ने वाहन को रोका, जबकि एक अन्य वाहन मौके से फरार हो गया। पकड़े गए वाहन से एक बछड़ा और एक बैल बरामद किया गया है। पुलिस हिरासत में लिए गए व्यक्ति से पूछताछ कर पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। गौ रक्षा दल के सदस्य अक्षत पासवान ने बताया कि सुबह सूचना मिली थी कि गोधर चेकपोस्ट की ओर से गौवंश लदे वाहन गुजर रहे हैं। सूचना के बाद दल के सदस्य सक्रिय हुए और मटकुरिया चेकपोस्ट के पास घेराबंदी कर एक मैजिक वाहन को पकड़ लिया। हालांकि दूसरा वाहन मौके से फरार होने में सफल रहा। पकड़े गए वाहन में एक बछड़ा और एक बैल मौजूद था, जिसके बाद वाहन, गौवंश और चालक को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

### रेलवे यार्ड में गांजा तस्करी करते दो तस्कर गिरफ्तार

**धनबाद।** पुलिस और आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में रेलवे यार्ड से गांजा तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। धनसार थाना क्षेत्र के काठपुल बरमसिया स्थित रेलवे यार्ड में खड़ी गंगा-सतलज ट्रेन के जरिए अवैध गांजा बाहर भेजे जाने की गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से करीब पांच किलो गांजा और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। वहीं एक आरोपित मौके से फरार होने में सफल रहा। इस संबंध में गुरुवार को धनबाद के सिटी एमपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते बुधवार की रात को पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ युवक बाइक से गांजा लेकर रेलवे यार्ड पहुंचे हैं और गंगा सतलज ट्रेन के माध्यम से उसकी तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही धनसार थाना की गश्ती टीम और आरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए काठपुल रेलवे यार्ड के पास घेराबंदी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने देखा कि एक युवक बाइक से उतरकर दूसरे युवक को बैग दे रहा था।

# बीज वितरण में बिल्कुल भी देरी नहीं हो : उपायुक्त

**किसानों को दी गई वैज्ञानिक खेती की जानकारी**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** जिला कृषि विभाग ने शुक्रवार को एक दिवसीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता किसानों को हर परिस्थिति में सुरक्षित रखना और उन्हें समय पर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना है।



इस वर्ष अल-नीनो के प्रभाव के चलते वैज्ञानिकों ने मानसून प्रभावित होने का अंदेशा जताया है। साथ ही कहा है कि अन्य वर्षो के मुकाबले इस बार बारिश कम हो सकती है इसलिए किसान भाई/बहन इस वर्ष ऐसे फसल की तैयारी करें जो कम बारिश में भी उपज दे सके।

उपायुक्त ने कहा कि राज्य जब खरीफ फसल का बीज प्राप्त हो जाय तो किसानों के बीच समय से वितरण कर दिया जाय। कृषि विभाग इसे सुनिश्चित करें। बीज वितरण में बिल्कुल भी देरी नहीं हो। किसान भाई/बहन इस बार फसल के साथ इंटरक्रॉपिंग का भी कार्य करें। सब्जी की भी खेती को प्राथमिकता दें। सभी किसान बिरसा फसल बीमा योजना के अंतर्गत भी अपना रजिस्ट्रेशन जरूर करा ले, ताकि किसी आपदा की वजह से अगर फसल प्रभावित होती है तो किसानों को बीमा योजना का लाभ मिल सके।

उपायुक्त ने कहा कि कृषि विभाग कन्वर्जन पर ज्यादा से ज्यादा कार्य करें, ताकि किसानों को ज्यादा फायदा हो सके योजनाओं का लाभ मिल सके। कृषि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को भी मिल सके। सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि किसी भी विपरीत स्थिति में किसानों को राहत पहुंचाने में देर नहीं हो। किसान आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक सलाह को अपनाकर बदलते मौसम की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी ने खरीफ मौसम की तैयारियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु के अनुसार किसानों डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) विधि, लाइन सोइंग तकनीक तथा कम अवधि वाले धान की खेती अपनाकर कम पानी में भी बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। मडुआ, ज्वार, बाजरा एवं दलहनी फसलों की खेती को भी बढ़ावा देने की सलाह दी गई। किसानों को यह भी बताया गया कि खेत की मिट्टी, नमी एवं जल उपलब्धता के अनुसार ही फसल का चयन करना चाहिए ताकि नुकसान की संभावना कम हो सके। कार्यशाला के दौरान किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत बीज, जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन तथा जल संरक्षण की तकनीकों के बारे में भी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जिला पशुपालन पदाधिकारी ने पशुपालन से संबंधित विभिन्न योजनाओं, पशुओं में होने वाली मौसमी बीमारियों एवं उनके बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से पशुओं का समय-समय पर टीकाकरण कराने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। कृषि विज्ञान केंद्र की वरीय वैज्ञानिक द्वारा किसानों के बीच मक्का एवं ढैंचा बीज का वितरण किया गया।उन्होंने बताया कि ढैंचा का उपयोग हरी खाद के रूप में किया जाता है, जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है। भूमि की जल धारण क्षमता बेहतर होती है तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है। कार्यक्रम में उद्यान विभाग द्वारा फल एवं सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने वाली योजनाओं की जानकारी दी गई, वहीं सहकारिता विभाग द्वारा किसानों को ऋण, बीज एवं अन्य सुविधाओं से संबंधित योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने किसानों की समस्याएं सुनीं।

### इचागढ़ के उर्मिला चौक के पास सीओ2 गैस टैंकर में लगी भीषण आग, गाड़ी जलकर खाक



**सरायकेला।** इचागढ़ थाना क्षेत्र के उर्मिला चौक के पास दारुदा में बीती रात करीब 12:00 बजे एक सीओ2 गैस टैंकर में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते पूरा वाहन जलकर खाक हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही इचागढ़ थाना प्रभारी बजरंग महतो दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान करीब 2 घंटे तक मुख्य सड़क पर यातायात बाधित रहा। बाद में पुलिस ने यातायात को सुचारु रूप से चालू करवाया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग की तपिश इतनी ज्यादा थी कि टैंकर पूरी तरह जल गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आशंका है कि भीषण गर्मी के कारण वाहन का इंजन ओवरहीट हो गया, जिससे आग भड़क गई। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### एनटीएचए के दो कैडेट्स एशिया कप-2026 के लिए भारतीय टीम में शामिल




**जमशेदपुर।** नवल टाटा हॉकी अकादमी (एनटीएचए) के दो कैडेट्स आशीष तानी पूर्ति और प्रेमचंद सोय का चयन मेंस अंडर 18 एशिया कप-2026 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता काकामिगाहारा, जापान में आयोजित की जाएगी। यह प्रतिष्ठित टूनार्मेंट 29 मई से 6 जून तक आयोजित किया जाएगा। यह अंतिम चयन हाल ही में 15 मई से 20 मई तक भोपाल में आयोजित भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया अंडर 18 द्विपक्षीय श्रृंखला के बाद हुआ है। इसमें एनटीएचए के तीन कैडेट्स प्रारंभिक 24 सदस्यीय संभावित टीम का हिस्सा बने थे। इनमें जयसन कंडुलना भी शामिल थे। उस श्रृंखला के दौरान डिफेंस में आशीष और मिडफील्ड में प्रेमचंद के शानदार एवं उच्च स्तरीय प्रदर्शन ने भारतीय टीम में उनकी जगह पक्की कर दी। इस उपलब्धि पर एनटीएचए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर गुरमीत सिंह राव ने कहा कि एशिया कप के लिए भारतीय टीम की अंतिम 18 सदस्यीय टीम में आशीष और प्रेमचंद के चयन पर हमें बेहद गर्व है। श्री सिंह ने कहा कि हमारी अकादमी और झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए दोनों खिलाड़ियों ने अपनी असाधारण प्रतिभा और एनटीएचए में दिए जा रहे उच्च स्तरीय प्रशिक्षण की गुणवत्ता को साबित किया है। हमें पूरा विश्वास है कि जापान में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने की मुहिम में वे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जमशेदपुर स्थित नवल टाटा हॉकी अकादमी एक अत्याधुनिक हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर के रूप में कार्य कर रहा है, जो हॉकी प्रतिभाओं की पहचान और उन्हें निखारने के लिए समर्पित है।

### स्व. चंद्रपति यादव को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**लोहरदगा।** लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के कार्यालय परिसर में गुरुवार को संस्था के दिवंगत सचिव स्वर्गीय चंद्रपति यादव की स्मृति में श्रद्धांजलि एवं शोक सभा का आयोजन किया! उपस्थित सदस्यों और कर्मचारियों ने नम आंखों से उन्हें याद करते हुए उनके सामाजिक योगदान और कार्यों को स्मरण किया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष सोफी कुजूर, बोर्ड सदस्य वजीर अहमद, यासीन अंसारी, कोषाध्यक्ष केशव कुमार पाठक, लेखापाल धनेश्वर कुमार, गणेश प्रसाद, प्रोग्राम मैनेजर विक्रम कुमार सहित संस्था के कई सदस्य, कर्मचारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अब ट्रैकमैन्टेनर्स भी बन सकेंगे जूनियर इंजीनियर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** अब ट्रैकमैन्टेनर्स को जूनियर इंजीनियर (रेल पथ) में पदोन्नति पाकर अधिकारी बन सकते हैं। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन और ईसीआरकेयू के प्रयासों से रेलवे बोर्ड ने अपनी सहमति प्रदान कर दी है। पहले इंजनियरिंग विभाग में सुपरवाइजर स्तर के इस पद पर पदोन्नति पाने के लिए विभागीय परीक्षा की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। हालांकि, एआईआरएफ ने इस महत्वपूर्ण पद पर ट्रैकमैन्टेनर्स को उनके वरीयता के आधार पर उन्हें विभागीय पदोन्नति कोटा



(डीपीसी) निर्धारित करने की मांग रखी।

विभिन्न स्तरों पर बैठकों और उच्च स्तरीय अधिकारियों के समक्ष लिखित परीक्षा की बाध्यता को समाप्त करने की तर्कसंगत मांग को लगातार उठाया गया। इसके परिणामस्वरूप रेलवे बोर्ड ने 15 मई को आदेश संख्या-ई (एनजी)1/2020/पी एम 5/ 8 (ई-3325640) जारी कर दिया। स्पष्ट किया है कि जूनियर इंजीनियर (रेल पथ) के 20 प्रतिशत पदों पर ट्रैकमैन्टेनर्स को बिना लिखित परीक्षा उनके वरीयता सह योग्यता के आधार पर पदोन्नति दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। धनबाद मंडल में ईसीआरकेयू के मिडिया प्रभारी एन के खवास ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि ट्रैकमैन्टेनर्स की यह पुरानी मांग थी कि उन्हें भी अधिकारी बनने का अवसर दिया जाना चाहिए जो ईसीआरकेयू और एआईआरएफ ने अपनी सक्रियता और विवेकपूर्ण तरीके से यह अवसर उपलब्ध कराया है।

# एसएनएमएमसीएच में ऑक्सीजन की कमी से मरीज की मौत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) में इलाजरत एक मरीज की मौत के बाद अस्पताल की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि ऑक्सीजन नहीं मिलने के कारण मरीज की मौत हुई है। घटना के बाद बीजेपी नेत्री तारा देवी अस्पताल पहुंचीं और परिजनों से मुलाकात कर मामले की जांच की मांग उठाई।

मृतक की पहचान जयदेव कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार जयदेव कुमार ने दो दिन पहले जहर खा लिया था, जिसके बाद उसे इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया था। मृतक के चचेरे भाई रमेश कुमार ने आरोप लगाया कि गुरुवार अहले सुबह अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे ऑक्सीजन की जरूरत थी, लेकिन समय पर ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं कराई गई।

# टाटा स्टील ट्रेनिंग सेंटर में चला विधिक जागरूकता अभियान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पश्चिमी सिंहभूम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा) और झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की ओर से गुरुवार को टाटा स्टील फाउंडेशन के स्किल डेवलपमेंट सेंटर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। 90 दिवसीय विशेष गहन जागरूकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम का संचालन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष मोहम्मद शाकिर एवं डालसा सचिव रवि चौधरी के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में पीएलबी रेणु देवी, हेमराज निषाद और रत्ना चक्रवर्ती




ने उपस्थित युवक-युवतियों सहित अन्य लोगों को विभिन्न कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान मानव तस्करी, घरेलू हिंसा, बाल श्रम, बाल विवाह और साइबर अपराध जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में बताया गया कि मौजूदा समय में मानव तस्करी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं और कई युवक-युवतियों को रोजगार का झांसा देकर बड़े शहरों में ले जाकर बंधुआ मजदूरी एवं शारीरिक, मानसिक और आर्थिक शोषण का शिकार बनाया जाता है। लोगों को सतर्क रहने और किसी भी लालच में नहीं आने की सलाह दी गई। शिविर में यह भी बताया गया कि रोजगार के लिए बाहर जाने वाले श्रमिकों को श्रम विभाग में अपना पंजीकरण अवश्य कराना चाहिए, ताकि किसी भी आपात या विषम परिस्थिति में उन्हें सरकारी सहायता और सुविधाएं मिल सकें। इसके साथ ही फोस्टर केयर योजना और स्पॉन्सरशिप योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों ने इन योजनाओं से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों के बारे में जानकारी प्राप्त की, जिस पर पीएलबी सदस्यों ने विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की।

# पलामू में बिजली संकट को लेकर झामुमो ने महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पलामू।** जिले में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर झामुमो नेताओं ने गुरूवार को बिजली विभाग के महाप्रबंधक श्रवण कुमार को ज्ञापन सौंपकर जल्द सुधार की मांग की। इस मौके पर पार्टी नेता सन्नी शुक्ला ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही बिजली कटौती ने आम लोगों का जीवन काफी कठिन बना दिया है। मेदिनीनगर शहर में पिछले कई दिनों से बिजली आपूर्ति की स्थिति बेहद खराब बनी हुई है। बिना किसी पूर्व सूचना के बार-बार बिजली काटी जा रही है, जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान समय में भीषण गर्मी पड़ रही है और तापमान



44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। ऐसे में बिजली कटौती लोगों के लिए और भी बड़ी समस्या बन गई है। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती का सबसे ज्यादा असर बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों पर पड़ रहा है। रात में बिजली नहीं रहने से लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है और दिन में गर्मी के कारण घरों में रहना मुश्किल हो गया है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि मेदिनीनगर शहर में बिजली आपूर्ति को सुचारू, नियमित और निर्बाध किया जाए। बिजली कटौती की समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि इस भीषण गर्मी में आम जनता को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो जनता के साथ मिलकर आगे आंदोलन करने पर भी विचार किया जाएगा। मौके पर झामुमो नेता सन्नी शुक्ला, आशुतोष विनायक, वार्ड पार्षद रौशन कुमार नाग, किसान मोर्चा के अध्यक्ष वशिष्ठ सिंह और युवा नेता मुकेश चौधरी भी मौजूद थे।

## टाटा स्टील इंटर डिविजनल हैंडबॉल टूर्नामेंट की चैंपियन बनी वेस्ट बोकारो टीम

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**जमशेदपुर।** इंटर डिविजनल हैंडबॉल टूनार्मेंट (पुरुष) 2026 का समापन गुरुवार को हुआ। टूनार्मेंट में खिलाड़ियों ने शानदार टीम भावना, कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न डिविजनों की 9 टीमों के कुल 108 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

रोमांचक फाइनल मुकाबले में वेस्ट बोकारो टीम ने शानदार तालमेल और जज्बे का प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। एसेट एंड एनर्जी मैनेजमेंट टीम ने कड़े मुकाबले के बाद उपविजेता का स्थान हासिल किया। टीएसजे



ऑपरेशंस टीम तीसरे स्थान पर रही। मुख्य अतिथि स्पोर्ट्स चीफ मुकुल विनायक चौधरी ने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि खेल विभिन्न डिविजनों के बीच आपसी सहयोग और उच्च प्रदर्शन की संस्कृति को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट अतिथि हेड, स्पोर्ट्स (इवेंट्स एंड ट्रेनिंग सेंटर्स) कैप्टन मनीष सिन्हा ने सभी सहभागी टीमों को खेल भावना बनाए रखने के लिए बधाई दी। इस टूनार्मेंट का आयोजन कर्मचारियों के बीच फिटनेस, टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था।

# चतरा के नए डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने संभाली कमान

**सन्नी वर्धन बने एसडीपीओ, संदीप सुमन से लिया प्रभार**

**महिला सुरक्षा और पुलिस-पब्लिक संबंध मजबूत करना होगी प्राथमिकता : सुनील**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि






**चतरा।** जिले को नए डीएसपी (मुख्यालय) के रूप में सुनील कुमार सिंह मिले हैं। वहीं सन्नी वर्धन ने एसडीपीओ का पदभार ग्रहण किया। गुरुवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित औपचारिक प्रक्रिया के तहत सुनील कुमार सिंह ने निवर्तमान डीएसपी (मुख्यालय) अमिता लकड़ा से तथा सन्नी वर्धन ने संदीप सुमन से विधिवत प्रभार लिया।

पदभार ग्रहण करने के बाद नए डीएसपी (मुख्यालय) सुनील कुमार सिंह ने कहा कि अपराध नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी। जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आम लोगों को सुरक्षित माहौल देने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना बेहद जरूरी है। पुलिस-पब्लिक संबंध जितना मजबूत होगा, अपराध नियंत्रण उतना ही प्रभावी होगा। आम लोग बिना झिझक अपनी समस्याएं पुलिस तक पहुंचाएं, नियम संगत हर संभव सहायता दी जाएगी। महिला सुरक्षा को लेकर उन्होंने विशेष प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी तथा महिला उत्पीड़न और संरक्षण से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सुनील कुमार सिंह सातवें बैच के डीएसपी हैं और इससे पहले धनबाद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। डीएसपी बनने से पूर्व वे इंडियन एयर फोर्स के टेक्निकल विंग में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने पलामू में इंग्लिश शिक्षक के रूप में भी कार्य किया है। वे मूल रूप से पलामू जिले के हुसैनाबाद के निवासी हैं। वहीं निवर्तमान डीएसपी अमिता लकड़ा ने कहा कि स्थानांतरण नौकरी की सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान बेहतर पुलिसिंग और आम लोगों को सुगम पुलिस सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास करने की बात कही। साथ ही चतरा की जनता और पुलिस पदाधिकारियों से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# जमशेदपुर इम्पैक्ट क्लस्टर के समर कैंप में उमड़ी भीड़

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से जमशेदपुर इम्पैक्ट क्लस्टर द्वारा आयोजित समर कैंप 2026 की शुरूआत हो गई है। गुरुवार को टाटा स्टील द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 20 मई से 5 जून तक चलने वाला यह समर कैंप शहर के 14 केंद्रों पर आयोजित किया जा रहा है। कैंप को पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है, ताकि समाज के हर वर्ग के लोग इसमें शामिल होकर खेल, फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली से जुड़ सकें। इस वर्ष समर कैंप में करीब 2800 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें छोटे बच्चों से लेकर युवा और 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक भी शामिल हैं। सात वर्ष की आयु से ऊपर के प्रतिभागियों के लिए विभिन्न खेल एवं फिटनेस गतिविधियों की व्यवस्था की गई है। कैंप का उद्देश्य केवल खेल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि समुदाय में अनुशासन, आत्मविश्वास और सामूहिक सहभागिता की भावना को मजबूत करना भी है। समर कैंप में फुटबॉल, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, क्रिकेट और एथलेटिक्स सहित कई खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही कराटे, ताइक्वांडो, हापकिडो और मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) जैसी मार्शल आर्ट गतिविधियों में भी प्रतिभागी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए योग और जुम्बा सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त

### सड़क हादसा में भाजपा जिला अध्यक्ष गीता बालमुचू घायल

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के सिंहपोखरिया के पास गुरुवार को हुए भीषण सड़क हादसे में भाजपा की जिला अध्यक्ष गीता बालमुचू गंभीर रूप से घायल हो गईं। बताया जा रहा है कि गीता बालमुचू अपनी कार से चाईबासा की ओर आ रही थीं। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक इनोवा गाड़ी को बचाने के प्रयास में उन्होंने कार को अचानक वाहन मोड़ दिया। वाहन की गति अधिक होने के कारण कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में गीता बालमुचू के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और साथ में मौजूद कार्यकताओं ने उन्हें वाहन से बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें तत्काल चाईबासा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि उनके सिर में गंभीर चोट लगी है और चेहरे पर भी गहरे जख्म हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उनका सीटी स्कैन कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही अंदरूनी चोट की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। डॉक्टरों ने संकेत दिया है कि जरूरत पड़ने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर भी किया जा सकता है।

### जंगल से हाथी का शव बरामद

**गिरिडीह।** जिले के सरिया रेंज में एक हाथी की मौत हो गई। हाथी की मौत बीच जंगल में हुई है। हाथी का शव सरिया रेंज के धोबारी जंगल से विभाग को मिला है। बताया गया कि जिस जगह पर हाथी का शव मिला है, वह इलाका हजारीबाग पूर्वी वन क्षेत्र में आता है। घटना की सूचना पर स्थानीय वन कर्मियों के साथ-साथ हजारीबाग पूर्वी वन प्रक्षेत्र के डीएफओ विकास उज्जवल भी मौके पर पहुंचे । इसके अलावा पशु चिकित्सक भी घटनास्थल पर पहुंचे। दूसरी तरफ हाथी की मौत की सूचना पर कई लोगों की भीड़ भी उस जगह पर उमड़ी है। जानकारी मुताबिक क्षेत्र में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा था। इसी झुंड के हाथी में से एक सब एडल्ट (10-12 साल) की मौत हुई है। शुरू में यह कहा जा रहा था कि हाथी की मौत दो तीन दिन पहले हुई थी। वन विभाग के अधिकारी के मुताबिक विभाग पूरे मामले की जांच में जुटा है।

# बांसजोड़ा गोलीकांड में 09 गिरफ्तार, एक की मौत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**धनबाद।** धनबाद के लोयाबाद थाना क्षेत्र स्थित बांसजोड़ा बस्ती में बीते बुधवार को पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, पत्थरबाजी और गोलीबारी हुई। घटना में दो लोगों को गोली लगी थी, जिनमें से किशुन रवानी की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि विष्णु प्रमाणिक सहित कई अन्य लोग घायल हैं। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 09 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। वहीं घटनास्थल से एक देशी पिस्टल, तीन जिंदा गोली और छह क्षतिग्रस्त चारपहिया वाहन जब्त किए गए हैं। इस संबंध में गुरुवार को ग्रामीण एसपी एस मोहम्मद याकूब ने जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस को बुधवार सूचना मिली थी कि बांसजोड़ा बस्ती में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प और फायरिंग हो रही है। सूचना मिलते ही लोयाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान घटनास्थल पर भारी भीड़ जुटी हुई थी और छह चारपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हालत में मिले, जिनके शीशे टूटे हुए थे। स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। देखते ही देखते मामला मारपीट, पत्थरबाजी और गोलीबारी तक पहुंच गया। इस घटना में किशुन रवानी और विष्णु प्रमाणिक को गोली लगी थी। वहीं, इलाज के दौरान घायल किशुन रवानी की इलाज के दौरान मौत हो गई है, जबकि कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं। तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने एक लाल रंग की कार से ड्राइविंग सीट के नीचे छिपाकर रखा गया एक देशी पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किया। मामले में दोनों पक्षों के आवेदन और पुलिस अधिकारी के बयान के आधार पर लोयाबाद थाना में कुल तीन प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसपर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 09 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में रजनी कुमारी, राजेश कुमार महतो, धर्मेंद्र महतो, मेराज अंसारी, अमीत महतो समेत अन्य शामिल हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और फरार आरोपितों की तलाश जारी है। फिलहाल इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## उपायुक्त मनीष कुमार ने कराया 100वें छात्र का नामांकन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पश्चिमी सिंहभूम।** चाईबासा स्थित वार्ड संख्या-19 के आदर्श नगरपालिका बंगला मध्य विद्यालय में गुरुवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत विशेष नामांकन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपायुक्त मनीष कुमार की मौजूदगी में विद्यालय के 100 वें छात्र के रूप में दीपिका बारी का कक्षा-7 वीं में नामांकन कराया गया। स्टेशन कॉलोनी निवासी दीपिका बारी मूल रूप से तांतनगर प्रखंड के मुरदा गांव की रहने वाली है। उसके पिता अर्जुन बारी खेती कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद उपायुक्त ने छात्रा को स्कूल ड्रेस, पुस्तकें और कॉपियां दी और उसे नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त मनीष कुमार ने दीपिका के पिता अर्जुन बारी को शिक्षा के प्रति जागरूकता और बेटी को स्कूल भेजने के लिए पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा बच्चों के बेहतर भविष्य की सबसे मजबूत नींव है और समाज के हर परिवार को अपने बच्चों को विद्यालय से जोड़ना चाहिए।

## एसीबी ने बिजली विभाग के कर्मी को पांच हजार घुस लेते किया गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**कोडरमा।** बिजली विभाग के एक कर्मी को हजारीबाग भष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने पांच हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मी की पहचान सुनील कुमार के रूप में की गई है, जो झुमरीतिलैया स्थित विद्युत कार्यालय में बतौर लाइनमैन कार्यरत है। जानकारी देते हुए शिकायतकर्ता डोमचांच के सपही निवासी राजू यादव ने बताया कि डोमचांच प्रखंड अंतर्गत नीरू पहाड़ी के समीप उनका एक ऐश ब्रिक का प्लांट था, जिसको लेकर उन्होंने कुछ वर्षों पहले एक कमर्शियल बिजली का कनेक्शन लिया हुआ था। वही प्लांट के घाटे में जाने के कारण इन्होंने अपना प्लांट 2025 में बंद कर दिया और इसके पश्चात वे कनेक्शन कटवाने सहित कनेक्शन के समय जमा किए गए सिक्योरिटी मनी वापस लेने के लिए झुमरीतिलैया स्थित बिजली कार्यालय पहुंचे। उन्हें सिक्योरिटी मनी वापस लेने के लिए कई बार चक्कर लगाने पड़े। इस दौरान उनकी मुलाकात कार्यालय में कार्यरत लाइनमैन सुनील से हुई। उन्होंने सुनील से सारी बातें बताई। सुनील द्वारा कनेक्शन रद्द करने तथा सिक्योरिटी मनी वापस करने के एवज में उनसे 15 हजार रुपए की मांग की गई।

# बंद घरों को निशाना बनाने वाले तीन चोर गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र में बंद घरों को निशाना बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, नगर थाना अंतर्गत कैलाशपुरी मुहल्ला निवासी मुन्ना मिश्रा के बंद घर में 26 मार्च 2026 की रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरों ने घर से एलईडी टीवी, बैटरी, इन्वर्टर सहित अन्य सामान चोरी कर लिया था। इस संबंध में नगर थाना में मामला दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। कांड के उद्भेदन और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए गठित विशेष टीम ने विभिन्न माध्यमों से सूचना एकत्रित कर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में कृष कुम, भविष्य कुमार उर्फ छोटू, और आयुष कुमार शामिल हैं। पुलिस ने आरोपितों के पास से लाल रंग का लहंगा, दो ट्रॉली बैग, एक कॉफी मशीन, 32 इंच का एलईडी टीवी और सोनी कंपनी का इन्वर्टर बरामद किया है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपितों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वे दिनभर बंद पड़े मकानों की रेकी करते थे और मौका मिलते ही रात में चोरी की घटना को अंजाम देते थे। पुलिस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है और गिरोह से जुड़े अन्य मामलों की भी जांच की जा रही है।

### 100 साल पुरानी जैन तीर्थंकर प्रतिमा चोरी मामले का महज दो घंटे में खुलासा, एक गिरफ्तार



**चतरा।** इटखोरी थाना क्षेत्र स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से चोरी हुई करीब 100 साल पुरानी अष्टधातु की 24 तीर्थंकर प्रतिमा की चोरी मामले का पुलिस ने महज दो घंटों के भीतर उद्भेदन कर लिया है। इटखोरी थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक अभिषेक सिंह की सटीक सूचना तंत्र और कार्य कुशलता के दम पर कार्रवाई करते हुए मामले में पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार करते हुए चोरी हुई पचास लाख रुपये से ऊपर की प्रतिमा को भी बरामद कर लिया है। साथ ही चोरी की घटना में प्रयुक्त चोर का हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (ल्फ-48-5062) को भी जब्त किया है। इस बाबत एसपी अनिमेश नैथानी ने बताया कि विगत 20 मई को इटखोरी निवासी ताराचंद जैन के आवेदन पर इटखोरी थाना में कांड दर्ज किया गया था। प्राथमिकी में अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। साथ ही घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी इटखोरी के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया था। जिसके बाद गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मयूरहंड थाना क्षेत्र निवासी आरोपी संदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही उसकी निशानदेही पर चोरी की गई करीब पचास लाख रुपये का अष्टधातु से बना 24 तीर्थंकर प्रतिमा भी बरामद कर ली गई है। एसपी नें कहा की गिरफ्तार चोर चेन स्मोकर और नशेड़ी है और गांजे के नशे की हालत में ही मूर्ति की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोर मूर्ति को बेचने दिल्ली के करोलबाग जाने वाला था। उन्होंने बताया कि जिले की धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं में शामिल अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। एसपी ने छापामारी टीम की सराहना करते हुए कहा कि त्वरित कार्रवाई और बेहतर समन्वय के कारण चोरी की घटना का शीघ्र खुलासा संभव हो सका। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। छापामारी दल में इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, एसआई दुखीराम महतो, एएसआई ओम प्रकाश यादव, आरक्षी अर्जुन कुमार व चालक रविकांत सिंह शामिल थे।

### बिजली संकट पर चैंबर का मुख्यमंत्री को त्राहिमाम पत्र, आंदोलन की चेतावनी

**हजारीबाग।** जिले में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर हजारीबाग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने मुख्यमंत्री को त्राहिमाम पत्र भेजकर 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग की है। चैंबर के अध्यक्ष राजकुमार जैन टोंग्या, संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र लाल और सचिव विजय केसरी ने कहा कि बाधित बिजली आपूर्ति से उद्योग, व्यापार और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। चैंबर ने पत्र में कहा कि जिले के छोटे-बड़े उद्योगों का उत्पादन प्रभावित हो गया है। पहले से आर्थिक संकट झेल रहे लघु उद्योगों की हालत बिजली संकट ने और खराब कर दी है। भीषण गर्मी में लंबे समय तक बिजली नहीं रहने से आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चैंबर ने बिजली विभाग के उस दावे को भी गलत बताया, जिसमें नगर क्षेत्र में 18 से 20 घंटे बिजली आपूर्ति की बात कही जा रही है। चैंबर के अनुसार शहर में मुश्किल से पांच से छह घंटे ही बिजली मिल रही है। व्यापारियों ने कहा कि शाम के समय बिजली कटौती से कारोबार सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। दुकानों में बिजली नहीं रहने से ग्राहकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छोटे दुकानदारों के माप-तौल और अन्य उपकरण बिजली पर निर्भर होने के कारण कामकाज बाधित हो रहा है। चैंबर ने कहा कि बिजली संकट का असर छात्रों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा है। ऑनलाइन पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को काफी परेशानी हो रही है। कई क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्रों में भी बिजली संकट के कारण टॉर्च की रोशनी में इलाज किए जाने की खबरें सामने आई हैं। पत्र में यह भी कहा गया कि शहर के कई ट्रांसफार्मर लंबे समय से खराब पड़े हैं। एक ही ट्रांसफार्मर पर अतिरिक्त लोड दिए जाने से शॉर्ट सर्किट और लोड शेडिंग की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसके बावजूद विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। चैंबर ने याद दिलाया कि विधानसभा चुनाव के दौरान राज्य सरकार ने 24 घंटे बिजली देने का वादा किया था। सांसद मनीष जायसवाल और विधायक प्रदीप प्रसाद ने भी अधिकारियों से शिकायत की थी, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ।

# 50 लाख के अवैध डोडा के साथ दो वाहन जब्त, तस्कर फरार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**चतरा।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 324 किलो अवैध अफीम का डोडा बरामद किया है। यह कार्रवाई चतरा-सिमरिया रोड पर वाहन जांच अभियान के दौरान की गई। बरामद डोडा का कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 50 लाख रुपया आंका गया है। हालांकि पुलिस को देखते ही मौके से दोनों वाहनों के चालक और तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर जंगल की ओर भागने में सफल रहे। जिसके बाद पुलिस ने मौके से दोनों चार पहिया वाहनों को जब्त कर लिया। इस बाबत एसपी अनिमेष नैथानी नें बताया कि देर रात पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि लावालौंग थाना क्षेत्र के देल्हो से सिमरिया की ओर एक अर्टिगा और एक होंडा अमेज वाहन में अवैध अफीम का डोडा लादकर तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया नागर गोजे शुभम भाऊ साहेब के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि छापामारी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चतरा-सिमरिया मुख्य मार्ग पर चेकिंग अभियान शुरू किया। इसी दौरान चतरा की ओर से आ रही एक अर्टिगा और एक होंडा अमेज वाहन को चौराहे के पास रोकने का प्रयास किया गया। लेकिन रुकने के बजाय पुलिस को देख दोनों वाहनों के चालक गाड़ी छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए जंगल की ओर फरार हो गए। जिसके बाद वाहनों की तलाशी लेने पर अर्टिगा वाहन से 169 किलो तथा होंडा अमेज वाहन से 155 किलो अवैध अफीम डोडा बरामद किया गया। एसपी नें बताया कि पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त करते हुए सिमरिया थाना में मामला दर्ज किया है। एसपी नें कहा कि जिले में नशा तस्करों और अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस को तस्करों के नेटवर्क के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है और जल्द ही फरार आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से बचाना और जिले को नशामुक्त बनाना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया के अलावे थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह,आईआरबी आरक्षी लालेश्वर महतो, आईआरबी आरक्षी गौरी शंकर पासवान व चालक लवन कुमार पासवान शामिल थे।

## किराना दुकान की आड़ में गांजा बेचने का आरोपित गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** बमामाईंस थाना पुलिस ने किराना दुकान की आड़ में गांजा बेचने के आरोप में कैरेज कॉलोनी मुस्लिम बस्ती निवासी मो समद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 270 ग्राम से अधिक गांजा बरामद किया है। आरोपित पूर्व में भी आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है, जिसमें डकैती का मामला भी शामिल है। गुरुवार को बमामाईंस थाना प्रभारी निरंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार देर शाम कैरेज कॉलोनी मुस्लिम बस्ती स्थित एक किराना दुकान में छापेमारी की गई। पुलिस टीम के पहुंचते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और वहां मौजूद कई लोग भाग निकले। हालांकि दुकान संचालक मो समद मौके पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस ने जब दुकान की तलाशी ली तो वहां से छोटे और बड़े आकार में तैयार 17 पुड़िया गांजा बरामद हुआ। इसके अलावा अलग से रखा करीब 270 ग्राम गांजा भी जब्त किया गया। पूछताछ के बाद आरोपित को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मो समद का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ वर्ष 2009 में पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव थाना में मामला दर्ज किया गया था। वहीं वर्ष 2023 में भी बमामाईंस थाना में उसके खिलाफ केस दर्ज हुआ था।

## संपादकीय

### युवाओं के सपनों पर चोट

**देश** में प्रतियोगी परीक्षाएं केवल चयन की प्रक्रिया नहीं होतीं, बल्कि करोड़ों युवाओं के सपनों और संघर्षों का आधार होती हैं। खासकर नीट जैसी परीक्षा, जिसके माध्यम से लाखों विद्यार्थी डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं, उसमें पारदर्शिता और निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। लेकिन हाल के वर्षों में बार-बार सामने आ रहे पेपर लीक और अनियमितताओं के मामले यह संकेत देते हैं कि परीक्षा व्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है। इस वर्ष नीट-यूजी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने की खबर ने एक बार फिर देश को झकझोर दिया। लाखों छात्र-छात्राओं ने दिन-रात मेहनत कर परीक्षा दी, लेकिन कुछ लोगों ने धन और प्रभाव के दम पर पूरी प्रक्रिया को कलंकित कर दिया। इससे न केवल मेधावी विद्यार्थियों के साथ अन्याय हुआ, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता भी कमजोर हुई है। परीक्षा रद्द होने के बाद विद्यार्थियों और अभिभावकों के सामने मानसिक तनाव, असमंजस और भविष्य को लेकर चिंता की स्थिति पैदा हो गई। सबसे गंभीर पहलू यह है कि जांच में परीक्षा संचालन से जुड़े लोगों की भूमिका भी सामने आ रही है। यदि परीक्षा कराने वाली संस्था के भीतर ही लापरवाही या भ्रष्टाचार मौजूद हो, तो केवल छोटे स्तर के आरोपियों की गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं मानी जा सकती। आवश्यकता इस बात की है कि पूरे तंत्र की गहराई से जांच हो और जिम्मेदार अधिकारियों तक जवाबदेही तय की जाए। सरकार ने पेपर लीक रोकने के लिए कड़े कानून बनाए हैं। आधुनिक तकनीक, सीसीटीवी निगरानी और डिजिटल सुरक्षा जैसी व्यवस्थाएं भी लागू की गईं। इसके बावजूद ऐसी घटनाएं होना यह दशार्ता है कि समस्या केवल तकनीकी नहीं, बल्कि नैतिक और प्रशासनिक भी है। जब तक परीक्षा प्रणाली में ईमानदारी, पारदर्शिता और सख्त जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक सुधार अधूरा रहेगा। यह भी जरूरी है कि कोचिंग माफिया और संगठित गिरोहों पर कठोर कार्रवाई की जाए। कुछ संस्थान प्रतियोगी परीक्षाओं को अवसर नहीं, बल्कि अवैध कमाई का जरिया बना चुके हैं। ऐसे तत्व शिक्षा व्यवस्था को भीतर से खोखला कर रहे हैं। यदि इन पर समय रहते अंकुश नहीं लगाया गया, तो मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का भरोसा टूटता जाएगा। नीट पेपर लीक प्रकरण केवल एक परीक्षा विवाद नहीं, बल्कि देश के युवाओं के विश्वास से जुड़ा मामला है। लाखों विद्यार्थी अपनी मेहनत के बल पर आगे बढ़ना चाहते हैं। इसलिए सरकार और संबंधित संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि वे परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाएं। दोषियों को कठोर दंड और उच्च स्तर पर जवाबदेही तय किए बिना इस समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है।

# बढ़ती गर्मी और तपते गांव-शहर

**शिवचरण चौहान**



गर्मी इस बार कहर बरपा रही है। यह पिछले कई वर्षों की अपेक्षा अधिक है। कुछ राज्यों में आंधी-पानी और ओले गिरने के कारण तापमान में कुछ गिरावट आई थी, लेकिन अब सूरज फिर आग बरसाने लगा है। दिन में लू चल रही है और रात में भी लोग गर्मी से बेहाल हैं। पारा 46 डिग्री पार कर रहा है। भारतीय मौसम विभाग ने जून तक के मौसम का जो पूवार्नुमान जारी किया है, उसके अनुसार पूर्वी मध्य, उत्तर-पश्चिम भारत और दक्षिण पूर्वी प्रायद्वीप में इस बार अधिक गर्मी पड़ेगी। इस वर्ष गर्मी 2001 का रेकार्ड तोड़ सकती है। पहाड़ों में बारिश होगी और मैदानों में लू चलेगी। रात में भी लू चलने की संभावना जताई गई है। मई में यह हाल है, तो जून में पारा और ऊपर जा सकता है। ऐसी आशंका वैज्ञानिक व्यक्त कर रहे हैं। ऐसे में बिना किसी बचाव के घर से निकलना खतरे से खाली नहीं है। दिल्ली में कुछ उपाय किए गए हैं जो पर्याप्त नहीं हैं। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि 2026 में भीषण गर्मी पड़ेगी। अल नीनो और सुपर अल नीनो के कारण 31 जुलाई के बाद तक पूरी दुनिया में बहुत अधिक गर्मी पड़ेगी। प्रशांत महासागर का जल और उसकी सतह का जल दोनों गर्म हो रहे हैं। इसी कारण इस साल दुनिया भर में गर्मी बढ़ेगी और सूखे की स्थिति उत्पन्न होगी।

मानसून में हल्की बारिश का अंदेशा है। किसानों को सूखे की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इससे फसलों की पैदावार पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। प्रशांत महासागर की सतह के जल का दो डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान बढ? की स्थिति को सुपर अल नीनो कहा जाता है। यही पूरी दुनिया में गर्मी के कारण बेचैनी पैदा करेगा। दूसरी ओर अमेरिका, ईरान, रूस, यूक्रेन और इजराइल-लेबनान युद्ध में इतना ज्यादा बारूद का इस्तेमाल किया गया है कि धरती से लेकर आसमान तक कांप उठा है। भारत में गर्म हवाएं लोगों को बेहाल कर रही हैं। कई जिलों में लू चल रही है। राजस्थान से लेकर उत्तर प्रदेश तक मध्य मई में ही पारा 45 से 46 डिग्री तक पहुंच गया। रात का पारा भी ऊपर जा रहा है। कोयले की कमी के कारण बिजली का उत्पादन कम हो रहा है। ऐसी स्थिति में बिजली कटौती का असर राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अधिक दिखेगा। अत्यधिक कार्बन उत्सर्जन और वनों की कटाई के कारण गर्मी और भयावह होती जाएगी। वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि दुनिया की जलवायु खराब हो गई है। भूमिगत जल सूख रहा है। यह इतना गंदा हो गया है कि पीने लायक नहीं है। गांवों और शहरों की हवा विषैली हो गई है। गंगा और यमुना सहित सभी नदियां खतरनाक स्तर पर दूषित हो गई हैं। कभी इन नदियों का पानी पीने के काम आता था। आज इनका जल आचमन के लायक भी नहीं बचा।

कृषि विभाग ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के 67 जिले गर्मी की चपेट में आ गए हैं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली इस समय भयंकर गर्मी की चपेट में हैं। यमुना सूख रही है। मौसम विभाग की सारी घोषणाएं धरी रह जा रही हैं। सच यह है कि मनुष्य जिस तरह से प्रकृति का विनाश करने पर तुला है, यह धरती के लिए शुभ संकेत नहीं है। कनाडा जैसे ठंडे देश में पारा ऊपर जा रहा है। तालाबों-झीलों और यहां तक कि समुद्र तक का पानी गरम हो रहा है। भूजल स्तर इतना नीचे चला गया है कि जल संकट गहराने का अंदेशा है। यह हाल कमोबेश पूरे भारत में है। पहले तालाब और झील गांव-गांव में होते थे। इससे भूजल संतुलन बना रहता था। बरसात का पानी गांवों के तालाबों में भर जाता था। इससे जमीन के नीचे पानी की कमी नहीं होती थी। सरकार की गलत नीतियों के कारण घर-घर पंप लग जाने के कारण भूजल समाप्त होने की स्थिति में है। वैज्ञानिकों ने आधे से ज्यादा भारत को भूजल रहित क्षेत्र घोषित किया हुआ है, लेकिन फिर भी इस संकट को कोई भी गंभीरता से नहीं ले रहा। पहले लोग गांवों में तालाब और झील खुदवाते थे। कुएं और बावड़ी बनवाते थे। आज लोगों ने तालाबों और झीलों को पाट कर वहीं पर अपने घर बना लिए हैं। नदियों को संकरा कर दिया है। दूसरी ओर, आसमान से आग बरस रही है। अगर ऐसी ही गर्मी लगातार पड़ती रही, तो जीवन जीना मुश्किल हो जाएगा। हालात अनियंत्रित हो जाएंगे। यह संकट अचानक नहीं आया है। हम इतने विकासशील हो गए हैं कि अपना भला-बुरा भूल गए और पर्यावरण को अकल्पनीय क्षति पहुंचाई। कार्बन गैसों का इतना उत्सर्जन किया कि इसका जलवायु पर प्रतिकूल असर पड़ा है। भीषण गर्मी और अकाल के जोखिम को देख कर भी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि खाड़ी युद्ध के कारण पिछले दिनों डीजल और पेट्रोल के दाम बढ़ा दिए गए। रसोई गैस से लेकर सीएनजी तक महंगी हो गई है। बिजली की दरें पहले से महंगी हैं। इस साल खेती की लागत बहुत ज्यादा बढ? वाली है, क्योंकि डीजल पहले से बहुत महंगा हो चुका है। रासायनिक खाद के दाम बेतहाशा बढ़ गए हैं। अब प्राकृतिक खाद से काम चलाने की नसीहत दी जा रही है। क्या उससे भारी मात्रा में फसल हो पाएगी? देश के करीब अस्सी करोड़ लोग पांच किलो गेहूं-चावल से ही जीवनयापन कर रहे हैं। मगर जब धान ही नहीं होगा, तो चावल कहां से आएगा? ज्वार, बाजरा और मक्का पहले ही सूखे जा रहे हैं। पूरी खरीफ फसल संकट में है, लेकिन किसानों के अलावा इसकी किसी को चिंता नहीं है।

बंगाल की खाड़ी से आने वाले मानसून का कोई ठिकाना नहीं होता। ऐसा बताया जा रहा कि अल नीनो और सुपर अल नीनो के प्रभाव से भारत में 30 अगस्त तक कम बारिश होगी। सूखे की स्थिति बन सकती है। इसलिए समय रहते सरकार को संभावित सूखे और अकाल को लेकर योजनाएं बनानी होंगी। भारतीय कृषि तो सदियों से मानसून पर निर्भर रही है। ग्लासगो में हुए सम्मेलन में भारत ने 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने पर प्रतिबद्धता जताई थी। मगर स्थिति तो अभी से खराब हो चुकी है। तब तक तो हालात बहुत खराब हो जाएंगे। दरअसल, सड़क पर चलने वाले पेट्रोल और डीजल के वाहन बहुत अधिक प्रदूषण फैलाते हैं। ध्वनि प्रदूषण भी खूब होता है। वाहनों से निकलने वाले धुएं के कारण भारत के अधिकांश शहरों की वायु प्रदूषित हो गई है। इस कारण तपेदिक, कैंसर और अस्थमा जैसी बीमारियां होने लगी हैं। अब यह सिर्फ सरकार की ही जिम्मेदारी नहीं है, आम नागरिकों की भी जिम्मेदारी है कि वह जलवायु सुधार के लिए वह खुद भी पहल करे। पेट्रोल-डीजल वाले वाहनों का उपयोग कम करे। जल का अंधाधुंध दोहन न करे। जलवायु संकट आसानी से दूर होने वाला नहीं है। इसके लिए सभी को मिलजुल कर प्रयास करने होंगे। अभी नहीं चेते, तो फिर बहुत देर हो जाएगी।

**– लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

> ***कृषि विभाग ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के 67 जिले गर्मी की चपेट में आ गए हैं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली इस समय भयंकर गर्मी की चपेट में हैं। यमुना सूख रही है। मौसम विभाग की सारी घोषणाएं धरी रह जा रही हैं। सच यह है कि मनुष्य जिस तरह से प्रकृति का विनाश करने पर तुला है, यह धरती के लिए शुभ संकेत नहीं है। कनाडा जैसे ठंडे देश में पारा ऊपर जा रहा है। तालाबों-झीलों और यहां तक कि समुद्र तक का पानी गरम हो रहा है। भूजल स्तर इतना नीचे चला गया है कि जल संकट गहराने का अंदेशा है। यह हाल कमोबेश पूरे भारत में है। पहले तालाब और झील गांव-गांव में होते थे।***

# देर आयद दुरुस्त आयद : नए बांधों पर रोक और हिमालय की पुकार

**विनोद नारायण सिंह**



**उत्तराखंड** के संवेदनशील हिमालयी क्षेत्र में गंगा और उसकी सहायक नदियों पर नए हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट्स शुरू नहीं करने का केंद्र सरकार का निर्णय नीतिगत स्तर पर अत्यंत स्वागतयोग्य कदम है। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार द्वारा साझा किए गए इस रुख से यह स्पष्ट हो गया है कि पूर्व में प्रस्तावित 28 परियोजनाओं में से अब केवल 7 पर ही काम आगे बढ़ेगा, जिन पर पहले से काफी पूंजी और श्रम लगाया जा चुका है। शेष 21 परियोजनाओं को ठंडे बस्ते में डालना इस बात का देर से ही सही, लेकिन स्पष्ट स्वीकार है कि प्रकृति की अनदेखी कर तैयार किए गए विकास मॉडल अंततः विनाश की पटकथा लिखते हैं। इस निर्णय पर सहज ही कहा जा सकता है–देर आयद दुरुस्त आयद। यदि इस पूरे विवाद की पृष्ठभूमि पर नजर डालें, तो यह फैसला एक दशक से अधिक समय से चले आ रहे लंबे और जटिल घटनाक्रम का परिणाम है। इसकी शुरूआत वर्ष 2013 की भीषण केदारनाथ आपदा के बाद हुई थी। उस समय सुप्रीम कोर्ट ने इस त्रासदी में बांधों की भूमिका की जांच के लिए डॉ. रवि चोपड़ा की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति गठित की थी। चोपड़ा समिति ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट चेतावनी दी थी कि 2,000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले पैराग्लेशियल क्षेत्रों में जल विद्युत परियोजनाएं बनाना आत्मघाती साबित हो सकता है। समिति ने 24 परियोजनाओं को पूरी तरह रद्द करने की सिफारिश भी की थी। इसके बाद के वर्षों में सरकारी मंत्रालयों के बीच लंबा वैचारिक टकराव चलता रहा। एक ओर ऊर्जा मंत्रालय और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण देश की बढ़ती बिजली जरूरतों और उत्तराखंड को ऊर्जा प्रदेश बनाने के तर्क के साथ बांध परियोजनाओं का समर्थन कर रहे थे, वहीं दूसरी ओर जल शक्ति मंत्रालय और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड गंगा की अविरलता और निर्मलता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दे रहे थे। मंत्रालयों के इस अंतर्विरोध के कारण अदालती प्रक्रिया वर्षों तक लंबित रही।

हालांकि, चमोली की विनाशकारी बाढ़ और उसके बाद जोशीमठ में जमीन धंसने जैसी घटनाओं ने सरकार को यह कठोर सच स्वीकार करने के लिए मजबूर कर दिया कि हिमालय के युवा और संवेदनशील पहाड़ अब सुरंगों के लिए होने वाली अंधाधुंध ब्लास्टिंग और मलबे का भार सहने की स्थिति में नहीं हैं। अंततः तीनों मंत्रालयों को अपने मतभेद भुलाकर साझा हलफनामे पर सहमत होना पड़ा। यहीं से एक सतर्क लेकिन सकारात्मक उम्मीद की शुरूआत होती है। सरकार के इस कदम की सराहना होनी चाहिए कि उसने भविष्य के खतरों को समझते हुए नए निर्माण पर रोक लगाने की इच्छाशक्ति दिखाई है। लेकिन इसका दूसरा और अधिक चिंताजनक पक्ष उन 7 परियोजनाओं से जुड़ा है, जिन्हें आगे बढ़ाने की अनुमति दी गई है। इनमें तपोवन-विष्णुगाड परियोजना, जो चमोली आपदा में बुरी तरह प्रभावित हुई थी, तथा टिहरी स्टेज-2 जैसी बड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। पर्यावरणविदों और स्थानीय समुदायों की यह आशंका निराधार नहीं है कि ये परियोजनाएं भी नदी के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को अपूरणीय क्षति पहुंचा सकती हैं।

ऐसे में इस नीतिगत सुधार की वास्तविक परीक्षा अब इस बात पर निर्भर करेगी कि इन 7 परियोजनाओं में ई-फ्लो यानी नदी के न्यूनतम प्राकृतिक बहाव के नियमों का कितना सख्ती से पालन कराया जाता है। भारत में अक्सर देखा गया है कि कागजों पर नियम जितने कठोर और स्पष्ट होते हैं, जमीन पर उनका पालन उतना ही शिथिल हो जाता है। यदि इन परियोजनाओं की स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी पर्यावरणीय निगरानी नहीं की गई, तो नए प्रोजेक्ट्स पर रोक से मिलने वाला लाभ भी प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ सकता है। अब इस लंबे अदालती संघर्ष के बाद सबकी निगाहें सुप्रीम कोर्ट के अगले आदेश पर टिकी हैं। उम्मीद की जा रही है कि सर्वोच्च अदालत केंद्र सरकार के इस नए रुख को कानूनी मजबूती प्रदान करेगी और शेष 7 परियोजनाओं के संचालन के लिए भी सख्त दिशानिर्देश तय करेगी। देश की सर्वोच्च अदालत ने हमेशा पर्यावरण संरक्षण को जनहित और भावी पीढ़ियों के अधिकारों से जोड़ा है। आशा की जानी चाहिए कि अदालत ऐसी जवाबदेह और कठोर व्यवस्था सुनिश्चित करेगी, जिसमें पर्यावरणीय चूक की कोई गुंजाइश न रहे। भारत आज सौर और पवन ऊर्जा जैसे सुरक्षित और आधुनिक विकल्पों की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में उत्तराखंड को बिजली उत्पादन की अंधी दौड़ में आपदा प्रदेश बनने से बचाना ही सबसे बड़ी समझदारी है। सरकार ने सही दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम उठाया है, बशर्ते इसे निरंतर राजनीतिक इच्छाशक्ति और सख्त प्रशासनिक निगरानी का समर्थन मिलता रहे। गंगा को अविरल और जीवित बनाए रखना केवल पर्यावरण का प्रश्न नहीं, बल्कि पूरे उपमहाद्वीप के अस्तित्व की अनिवार्य शर्त है।

**– लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**22 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.54 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | कर्क | 09.07 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 11.23 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 13.35 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 15.46 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | वृश्चिक | 18.00 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 20.16 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 22.22 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 00.08 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | मीन | 01.41 बजे से |
| | | मेष | 03.11 बजे से |
| | | वृष | 04.51 बजे से |

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 142 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** षष्ठी 06.25 बजे तदनन्तर सप्तमी 05.05 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** आश्लेषा 02.08 बजे रात्र को समाप्त। **योग** वृद्धि 08.19 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 06.25 बजे, गर 17.40 बजे तदनन्तर वणिज 05.05 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 5.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 20° 21' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872717 **जूलियन दिन** 2461182.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 05 **विशेष** राजा राममोहन राय जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8868




**बाएँ से दाएँ**

1. नमाज से पहले पढ़ी जानेवाली आयत -3
3. तहजीब, शिष्टता-3
5. पिता के पिता-2
6. स्मृति-2
8. बारिश, बरखा-4
11. शांति, सन्नाटा-3
13. गिरवी रखी वस्तु-3
14. सूक्ष्म कण -2
15. बारबाला, मधुबाला
16. समझौता-3
18. बहने का भाव-3
20. बारिश का महीना-3
22. मां, मम्मी, मदर-2
24. श्रवणेंद्रिय-2
25. अंधकार, अंधेरा-3
26. अनुकृति-3

**ऊपर से नीचे**

1. नाज, नखरा, चौंचला-2
2. भाग्य, किस्मत-3
3. अचानक, अकस्मात -3
4. देह, बदन-2
5. बिजली, विद्युत रश्मि-3
7. दबाना, कुचलना-3
9. घोड़ागाड़ी-3
10. जुगत, युक्ति-4
12. कारण-3
16. कृष्ण का गरीब मित्र-3
17. पैंतरा, शर्त-2
19. भार-3
20. बहादुरी-3
21. नेत्र, आंख-3
23. पितामह-2
24. समयगति-2

**शब्द पहेली -8867 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कु | ली | न | | | ह | | श |
| शा | | प | | क | म | ल | | र |
| दी | न | ई | मा | न | | क | स | म |
| | | य | | क | ल | | हा | |
| क | ल | र | व | | त | क | रा | र |
| | की | | ध | न | | मा | | |
| भ | र | म | | क | हा | नी | का | र |
| ला | | का | ज | ल | | दा | | ण |
| ई | | न | | | का | र | ण | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7802** ★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- ■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- ■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7801 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## महिला निर्देशक के साथ



# काम करने में खुद को ज्यादा सहज महसूस किया : ज्योतिका

अभिनेत्री ज्योतिका इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'सिस्टम' को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है और इसी वजह से पूरी टीम इसके प्रमोशन में बिजी है। मुंबई में हुए प्रमोशनल इवेंट के दौरान ज्योतिका ने फिल्म, अपने किरदार और निर्देशक के साथ काम करने के अनुभव को लेकर बात की। इस दौरान उनके साथ अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा भी मौजूद थीं। आईएएनएस से बातचीत के दौरान ज्योतिका ने फिल्म की निर्देशक अश्विनी अय्यर तिवारी की तारीफ की और बताया कि महिला निर्देशक के साथ काम करने का अनुभव उनके लिए काफी अलग और बेहद आरामदायक रहा। ज्योतिका ने कहा, ''सेट पर मुझे एक अलग तरह की सहजता महसूस हुई। मैं यह बात बहुत गर्व के साथ कह सकती हूं कि महिला निर्देशक के साथ काम करना ज्यादा कंफर्टेबल लगा। कई बार कलाकारों के मन में कुछ विचार होते हैं, जिन्हें वे चाहते हैं कि स्क्रीन पर सही तरीके से दिखाया जाए। अश्विनी अय्यर तिवारी ने हमें उसी नजरिए से समझा और स्क्रीन पर पेश किया।''

अभिनेत्री ने आगे कहा, ''फिल्म में कुछ ऐसे सीन्स भी थे, जिन्हें चाहें तो ज्यादा ग्लैमरस बनाया जा सकता था ताकि दर्शकों का ध्यान जल्दी खींचा जा सके। लेकिन, निर्देशक ने ऐसा करने के बजाय किरदारों की गरिमा को प्राथमिकता दी। मुझे सबसे ज्यादा यही बात पसंद आई कि फिल्म में मुझे और सोनाक्षी सिन्हा को बहुत सम्मानजनक तरीके से दिखाया गया।'' ज्योतिका ने फिल्म में अपने किरदार को लेकर भी विस्तार से बात की। उन्होंने कहा, 'मैं फिल्म में एक स्टेनोग्राफर की भूमिका निभा रही हूं।

इस किरदार के लिए मुझे टाइपिंग और स्क्रीन के सामने लगातार काम करते हुए दिखना था। कई बार कैमरे में लैपटॉप का कीबोर्ड ही नजर नहीं आता था, इसलिए मेरा पूरा ध्यान टाइपिंग से ज्यादा अभिनय और भावनाओं को सही तरीके से दिखाने पर होता था।'' उन्होंने कहा, ''आज के समय में लगभग हर व्यक्ति मोबाइल, लैपटॉप और दूसरे गैजेट्स का इस्तेमाल करता है, इसलिए कंप्यूटर पर काम करना मेरे लिए नया अनुभव नहीं था। किरदार को वास्तविक दिखाने के लिए मुझे टाइपिंग स्पीड पर थोड़ा ध्यान देना पड़ा और उसी दौरान चेहरे के एक्सप्रेशन भी बनाए रखने होते थे।''

## दिलजीत की फिल्म

# 'मैं वापस आऊंगा' का ट्रेलर जारी



इम्तियाज अली निर्देशित और दिलजीत दोसांझ स्टारर फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' का ट्रेलर जारी हो चुका है। इस बार इम्तियाज अली ऐसी कहानी लेकर आए हैं, जिसमें इश्क और दर्द की ऐसी दास्तां है, जो मन को झकझोर देगी।

फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' के ट्रेलर में दिलजीत दोसांझ का किरदार जब यह डायलॉग बोलता है तो अहसास हो जाता है कि इम्तियाज अली इस बार भी एक दर्द भी इश्क की दास्तां लेकर आए हैं। जानिए, कैसा है इस फिल्म का ट्रेलर?

### फिल्म कब होगी रिलीज?

इम्तियाज अली निर्देशित फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' अगले महीने रिलीज होगी। यह फिल्म 12 जून 2026 को देश भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो जाएगी। इस फिल्म का संगीत एआर रहमान ने दिया है, गीत इरशाद कामिल ने लिखे हैं। फिल्म के ट्रेलर में भी रहमान के संगीत का जादू महसूस होता है।

### फिल्म के ट्रेलर में दिखी दिल को छू लेने वाली कहानी

फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' के ट्रेलर में प्यार, तड़प और एक अधूरी कहानी की झलक मिलती है। इस कहानी की शुरुआत दिलजीत और नसीरुद्दीन शाह के किरदार से होती है। नसीर का किरदार अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है वो कुछ कहना चाहता है, लेकिन किसी को उनकी बात और तड़प समझ नहीं आती है। आखिरी में दिलजीत का किरदार यह जिम्मा लेता है। फिर कहानी फ्लैशबैक में जाती है, जहां वेदांग रैना और शरवरी के किरदार की प्रेम कहानी दिखाई जाती है।



## अक्षय संग नहीं बनेगी Tees Maar Khan 2!

# फराह खान का बड़ा बयान करेगा हैरान

**सुपरस्टार** अक्षय कुमार की फिल्म तीस मार खां के सीक्वल को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही है। फिल्ममेकर फराह खान इस कल्ट मूवी के दूसरे पार्ट की मेकिंग को लेकर पहले ही खुलासा कर चुकी हैं। बीच में ये खबर सामने आई थी कि वह अक्षय संग तीस मार खां 2 को नहीं बनाने जा रही हैं, बल्कि किसी ओर सुपरस्टार संग फराह इसे पूरा करेंगी। अब इस मामले को लेकर फराह खान की तरफ से बड़ा बयान सामने आया है और उन्होंने स्पष्ट किया है कि क्या वाकई तीस मार खां 2 किसी और के साथ बन रही है या नहीं।

### तीस मार खां 2 पर फराह खान का रिएक्शन

साल 2010 में प्रदर्शित फिल्म तीस मार खां में कोरियोग्राफर और निर्देशक फराह खान ने अक्षय कुमार के साथ कटरीना कैफ और अक्षय खन्ना को निर्देशित किया था। फिल्म में अभिनेता और होस्ट मनीष पाल भी मेहमान भूमिका में थे। पिछले दिनों इस फिल्म की सीक्वल बनने की भी खबरें आईं, जिसमें दावा किया गया कि फराह, तीस मार खां की सीक्वल अभिनेता शाह रुख खान के साथ बना रही हैं।

## 9 साल बाद Bharti Singh और Harsh Limbachiyaa के रिश्ते में आई दरार? बोलीं-

# हम साथ नहीं रह सकते...



कॉमेडियन भारती सिंह और हर्ष हमेशा से ही क्यूट कपल्स की लिस्ट में आते हैं। अपनी बातों के अंदाज से भारती से बहुत लोगों का दिल जीता है। अपने यूट्यूब ब्लॉग्स के माध्यम से भारती अपनी लाइफ की अपडेट अपने फैंस को देती रहती हैं लेकिन हाल ही में कुछ ऐसा ब्यान सामने आया है, जिसकी वजह से हर जगह बस उन्हीं के चर्चे हो रहे हैं। अपने इस बयान में उन्होंने अपने और हर्ष के बारे में बात की है और कहा है कि अब मुझे इरिटेशन होने लगी है। ... तो चलिए जानते हैं क्या है पूरा मामला।

भारती सिंह ने अपने व्लॉग में बोला कि, ''दोस्तों अब में हर्ष के साथ नहीं रह सकती, ऐसी बहुत सी चीजें है जो मुझे अब परेशान करने लगी हैं। हर्ष की हरकतों की वजह से मुझे अब परेशानी होने लगी है और हम जल्द ही अलग होने का फैसला ले रहे हैं ''।

इसी के साथ उन्होंने कहा कि ऐसी ही बातें न्यूज़ चैनल वाले उनके बारे में चला रहे हैं, जो बहुत ज्यादा गलत है। लोग आज-कल व्यूज पाने के लिए कुछ भी बातें करने लग जाते हैं। भारती ने कहा है जो लोग ऐसी बातें करते हैं, वो बहुत ही फनी हैं, आप लोगों की ऐसी हरकतों की वजह से मुझे बहुत हंसी आती है। इसी के साथ भारती ने ट्रोलर्स को जवाब देते हुए कहा है कि अलग ! शायद हम मर के भी अलग न हों। हम हमेशा से ही साथ थे और रहेंगे।



## सलमान खान ने अकेलेपन वाले बयान पर दी सफाई

# 'इतने लोगों के बीच मैं तन्हा कैसे महसूस कर सकता हूं'

अक्सर देखा जाता है कि लोग सेलिब्रिटीज के बयानों का अपनी सहूलियत के हिसाब से मतलब निकाल लेते हैं। ऐसा ही कुछ अभिनेता सलमान खान के साथ हुआ, जिस पर उन्हें खुद सफाई देनी पड़ी। सोमवार को अभिनेता ने सोशल मीडिया के जरिए स्पष्ट किया कि अकेलेपन को लेकर दिया गया उनका बयान सिर्फ एक सामान्य विचार था, न कि उनकी असल जिंदगी या किसी व्यक्तिगत समस्या का संकेत। सलमान खान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक नोट साझा करते हुए लिखा, 'अरे यार, मैं अपने बारे में बात नहीं कर रहा था। मैं अकेला कैसे हो सकता हूं, जब मेरे पास इतना बड़ा परिवार और शानदार दोस्त हैं? मैं अकेलापन कैसे महसूस कर सकता हूं, जब मेरे पास आप लोग, आपकी शुभकामनाएं और दुआएं हैं? इतना सब होने के बावजूद अगर मैं फिर भी अकेला महसूस करूं, तो मैं दुनिया का सबसे बड़ा 'ना-शुक्रा' इंसान होऊंगा।' अभिनेता ने आगे स्पष्ट करते हुए बताया कि कभी-कभी उनकी 'सोशल बैटरी' खत्म हो जाती है और वह लोगों से ज्यादा बातचीत नहीं कर पाते। इसलिए वह कुछ समय अकेले बिताना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, 'कभी-कभी लोगों के साथ रहकर मैं थक जाता हूं, इसलिए मुझे कुछ समय अकेले चाहिए होता है। लोगों ने इसे बड़ी खबर बना दिया। मम्मी पूछ रही हैं, 'क्या हुआ बेटा?' तुम बस चिल करो। बता दें कि इससे पहले सलमान खान ने सोशल मीडिया पर अकेले होने और अकेलापन महसूस करने के बीच के अंतर को समझाते हुए एक पोस्ट किया था, जिसके बाद अभिनेता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई थीं। इसके बाद उन्हें अपनी बात स्पष्ट करने के लिए एक और पोस्ट करना पड़ा। अभिनेता जल्द ही फिल्म 'मातृभूमि' में नजर आएंगे। यह फिल्म मूल रूप से 17 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन देरी के कारण इसे आगे बढ़ा दिया गया है। इसे लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि यह जून से लेकर अगस्त के बीच (संभावित स्वतंत्रता दिवस वीकेंड) सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।





# खुद की काबिलियत पर भरोसा करें महिलाएं : हुमा कुरैशी

बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी इन दिनों कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपना जलवा बिखेर रही हैं। मंगलवार को अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर अपना नया लुक शेयर किया, जिसके साथ उन्होंने आज की भारतीय महिला की पहचान को लेकर एक बेहद दिलचस्प और दिल छू लेने वाली बात कही है। हुमा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस लेटेस्ट लुक की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में वे ब्लैक कलर के खूबसूरत वनपीस आउटफिट में नजर आ रही हैं। अपनी इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'मेरे लिए एक आधुनिक भारतीय महिला होने का मतलब परफेक्ट होना नहीं है, बल्कि अपनी जड़ों (संस्कृति) को छोड़े बिना अपनी मेहनत के दम पर दुनिया में धीरे-धीरे आगे बढ़ना है। खुद को बदले बिना दुनिया में अपनी एक अलग और नई पहचान बनाना ही सबसे बड़ी खूबी है।' हुमा ने महिलाओं का हौसला बढ़ाते हुए लिखा, 'जीवन में मुश्किलों से डरने के बजाय उन्हें अपनी असली ताकत बनाना चाहिए। अपने सपनों को खुलकर और खूबसूरती से जीना जरूरी है। जब आप किसी ऊंचे मुकाम पर पहुंचें, तो आपके मन में यह पक्का विश्वास होना चाहिए कि आप यहां सिर्फ अपनी किस्मत के भरोसे नहीं, बल्कि अपनी कड़ी मेहनत के दम पर पहुंची हैं। ' अभिनेत्री ने आखिर में लिखा कि हर महिला को हमेशा पूरी सच्चाई और आत्मविश्वास के साथ अपनी जिंदगी जीनी चाहिए। उन्होंने लिखा, 'जिंदगी में जब भी कोई नया मोड़ आए, तो उसे अपनी सकारात्मकता से खास बना देना चाहिए। फिर मिलेंगे कान्स में। अभिनेत्री हुमा कुरैशी जल्द ही 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में नजर आएंगी। यश की इस बहुचर्चित पीरियड गैंगस्टर ड्रामा फिल्म में अभिनेत्री 'एलिजाबेथ' का किरदार निभा रही हैं। गीतु मोहनदास के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में उनका लुक बेहद रहस्यमयी और शाही है। यह फिल्म 1940 से 1970 के दशक के बीच के गोवा पर आधारित एक डार्क गैंगस्टर ड्रामा है। इसमें क्राइम सिंडिकेट, ड्रग तस्करी और सत्ता की लड़ाई दिखाई जाएगी। फिल्म में यश के साथ कियारा आडवाणी, नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मणी वसंत भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

# सोनाक्षी ने बताया कैसे बदला उनका फिल्मी सफर

**बॉलीवुड** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपने करियर में कई अलग-अलग तरह की फिल्में की हैं। इन दिनों वह अपनी आने वाली फिल्म 'सिस्टम' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म के प्रमोशन के दौरान उन्होंने आईएएनएस से अपने फिल्मी सफर, पुराने किरदारों और बदलती पसंद के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि समय के साथ न सिर्फ उनके काम करने का तरीका बदला, बल्कि अब वह अपने रोल्स को पहले से ज्यादा सोच-समझकर चुनती हैं। आईएएनएस से बात करते हुए सोनाक्षी सिन्हा ने अपने शुरुआती दौर की फिल्मों को याद किया। उन्होंने कहा, 'जब मैंने इंडस्ट्री में कदम रखा था, तब मैं ऐसी फिल्मों का हिस्सा थी जो कलरफुल, मनोरंजन से भरपूर और पूरी तरह मसाला अंदाज की होती थीं। 'आर. राजकुमार' और 'राउडी राठौर' जैसी फिल्मों में काम करके काफी मजा आया। उस समय मैं अपने करियर के ऐसे दौर में थी, जहां दर्शक मुझे उसी अंदाज में देखना पसंद करते थे।''

# विक्रमशिला सेतु संकट के बीच राहत, गंगा में शुरू हुई कार्गो जहाज सेवा

एजेंसी



**भागलपुर।** विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने के बाद जहां एक ओर आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई थीं, वहीं दूसरी ओर भारी मालवाहक गाड़ियों को लंबी दूरी तय कर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा था। लेकिन अब जिला प्रशासन ने इस संकट के बीच राहत की नई राह खोल दी है। गंगा नदी में बड़े कार्गो जहाजों का परिचालन शुरू कर दिया गया है, जिससे लोगों और व्यापारियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। जिला प्रशासन द्वारा कोलकाता से दो विशाल कार्गो जहाज मंगाए गए हैं। इनमें से एक जहाज पर लगभग 25 ट्रकों को एक साथ लादा जा सकेगा, जबकि दूसरे जहाज पर 08 से 10 ट्रक की क्षमता होगी। इससे भारी वाहनों को अब लंबा चक्कर लगाकर दूसरे रास्तों से नहीं जाना पड़ेगा। समय की बचत के साथ परिवहन लागत भी कम होगी इस नई सेवा का उद्घाटन गुरुवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान अधिकारियों ने बताया कि कार्गो जहाजों पर सिर्फ मालवाहक वाहन ही नहीं, बल्कि छोटे चार पहिया वाहन और आम यात्री भी सफर कर सकेंगे। प्रशासन ने सभी श्रेणी के वाहनों और यात्रियों के लिए किराया भी निर्धारित कर दिया है। यात्रियों के लिए 25 रुपये से शुरूआत होने वाला किराया बड़े मालवाहक वाहनों के लिए 5000 रुपये तक तय किया गया है। वहीं एम्बुलेंस सेवा को पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है, ताकि आपातकालीन सेवाओं पर कोई असर न पड़े। घाट पर सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसके अलावा मेडिकल कैंप और सुरक्षा बलों को भी घाट पर लगाया गया है, ताकि यात्रियों और वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। विक्रमशिला सेतु बंद होने से जहां लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही थी, वहीं अब गंगा में शुरू हुई यह जहाज सेवा भागलपुर और नवगछिया के बीच नई उम्मीद बनकर उभरी है। प्रशासन को उम्मीद है कि इससे व्यापार, यातायात और आम जनजीवन को काफी राहत मिलेगी।

# अपराधी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में बदमाश घायल

एजेंसी

**किशनगंज।** बिहार में किशनगंज शहर के सदर थाना क्षेत्र के फरिंगगोला रेलवे फाटक स्थित चौहान बस्ती में अपराधियों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिस की ओर से की गयी जवाबी कार्रवाई में एक अपराधी घायल हो गया, जबकि दो पुलिस पदाधिकारी भी जख्मी हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायल अपराधी की पहचान कटिहार जिले के रौतारा निवासी पवन कुमार उर्फ चिंटू के रूप में हुई है।



उसे पैर में गोली लगी है। वहीं सदर थाना के अवर निरीक्षक नीतीश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। डीआईओ प्रभारी सह इंस्पेक्टर मुश्ताक आलम को भी आंशिक चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी विशाल राज और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। इसके बाद घायल पुलिस अधिकारियों और अपराधी को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि बाइक चोरी गिरोह के सदस्य चौहान बस्ती में जमा हुए हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। तकनीकी जांच के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही अपराधी भागने लगे। इसी दौरान पुलिस और अपराधी पवन कुमार उर्फ चिंटू के बीच मुठभेड़ हो गई। बताया जाता है कि गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### 2.1 किलोग्राम संदिग्ध अफीम बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**भागलपुर।** भारतीय रेल के माध्यम से मादक पदार्थों की अवैध तस्करी संबंधी विशेष सूचना के आधार पर आरपीएफ सीआईबी मालदा एवं सीडीपीएस मालदा की संयुक्त टीम द्वारा गाड़ी संख्या 15658 डाउन ब्रह्मपुत्र मेल के संबंध में बड़हरवा रेलवे स्टेशन पर विशेष जांच एवं निगरानी अभियान चलाया गया। ट्रेन के कोच संख्या बी-5 में यात्रियों की जांच के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित कर रोका गया। गहन जांच के दौरान एक व्यक्ति के पास से दो पैकेटों में छिपाकर रखी गई लगभग 2.1 किलोग्राम संदिग्ध अफीम बरामद की गई। बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित अवैध बाजार कीमत लगभग 10,50,000 रुपया आंकी गई है। उक्त आशय की जानकारी गुरुवार को मालदा डीविजन के पीआरओ ने दी। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों को बरामद मादक पदार्थ के साथ आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपीएस बड़हरवा को सुपुर्द कर दिया गया।

### भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की मनी पुण्यतिथि

**सुपौल।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी की 35 वीं पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में जिला कांग्रेस कार्यालय परिसर में पूर्व जिला अध्यक्ष राज नारायण प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस मौके पर उपस्थित कांग्रेस जनों ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पूर्व अध्यक्ष गुप्ता ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा स्वर्गीय गांधी के बलिदान को देश कभी नहीं भूल सकता है अच्छे कार्य करने वाले कभी मरते नहीं वह अमर हो जाते हैं दूर संचार क्रांति पंचायती राज व्यवस्था देश के युवाओं को 18 वर्ष में मताधिकार करने का अधिकार देश में नवोदय विद्यालय की स्थापना आदि स्वर्गीय गांधी ने दी। मौके पर सुभाष सिंह, अमित झा, प्रेम नाथ झा, अभय तिवारी, लक्ष्मण झा सगीर आलम मोहम्मद सैफ अली मोहम्मद अफरोज, मोहम्मद तनवीर, मोहम्मद बदरुद्दीन, सुरेंद्र पांडेय, रघुवंश सिंह ,ओमप्रकाश कामत, नरेश मिश्रा ,सुरेश चौपाल ,पंकज कुमार, संजीव कुमार सिंह,अभय तिवारी लक्ष्मण कुमार सहित अन्य नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मॉनसून से पहले बिहार सरकार सतर्क

# सुपौल समेत बाढ़ प्रभावित जिलों को अलर्ट पर रहने का निर्देश

**मानसून के आगमन से पहले सरकार ने बाढ़ और सुखाड़ को लेकर तेज कर दी हैं अपनी तैयारियां**

एजेंसी



**सुपौल।** बिहार में मानसून के आगमन से पहले सरकार ने बाढ़ और सुखाड़ को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को राज्य स्तर पर आयोजित एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में संभावित आपदा से निपटने की तैयारियों का आकलन किया गया। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित हुई, जिसमें राज्य के बाढ़ एवं सुखाड़ प्रभावित जिलों के अधिकारी जुड़े। बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की।

इस दौरान मौसम विभाग, जल संसाधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास, कृषि, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण और पशु संसाधन विभाग समेत कई विभागों ने अपनी-अपनी तैयारियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। समीक्षा के दौरान तटबंधों की मजबूती, राहत शिविरों की तैयारी, दवाइयों की उपलब्धता, पेयजल व्यवस्था और पशुओं के लिए चारे की आपूर्ति जैसे मुद्दों पर विशेष जोर दिया गया। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सुरक्षात्मक कार्य मानसून शुरू होने से पहले हर हाल में पूरे कर लिए जाएं, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित राहत और बचाव कार्य सुनिश्चित किया जा सके।

जिला मुख्यालय से इस बैठक में जिलाधिकारी सावन कुमार, पुलिस अधीक्षक सरथ आर एस, उप विकास आयुक्त सारा असरफ सहित आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं जल संसाधन विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद सुपौल प्रशासन ने भी जिले के सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश जारी किया है। अधिकारियों से कहा गया है कि बाढ़ पूर्व तैयारियों की लगातार निगरानी की जाए और जमीनी स्तर पर सभी कार्य समय पर पूरे किए जाएं, ताकि संभावित आपदा के दौरान जान-माल की क्षति को न्यूनतम रखा जा सके।

## 1790 पीस कफ सिरप के साथ दो गिरफ्तार



**बेगुसराय।** बेगूसराय जिला में अवैध नशीले पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान तकनीकी सर्विलांस के आधार पर ऊ‍ऌ टीम एवं चिता टीम द्वारा जीरोमाइल थाना क्षेत्र जीरोमाइल गोलंबर से जीरोमाइल थाना के सहयोग से 01 चार पहिया वाहन संख्या (BR-01CN-6486) से 02 व्यक्ति (01) सतीश कुमार, पे0-लालू राम, सा०-सालिमपुर, थाना-सालिमपुर, जिला-पटना एवं (02) राहुल रंजन कुमार, पे०-रामाश्रय शर्मा, सा०-अहिमां चौकी, थाना-खिजरसराय, जिला-गया को 08 बोरा में 1790 पीस कुल-179 लीटर कॉर्डिन फास्फेट कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया गया। विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## टॉप टेन अपराधी दिलीप सिंह गिरफ्तार



**बेगुसराय।** बेगूसराय जिला में कुख्यात अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान ऊ‍ऌ बेगूसराय एवं **STF so**-3 की संयुक्त करवाई में मटिहानी थाना की पुलिस टीम के द्वारा मटिहानी थाना क्षेत्र सिहमा दियारा से बेगूसराय जिले के **Top**-10 एवं बरौनी थाना कांड सं0-355/10 के वांछित अपराधी दिलीप सिंह, पे०-रामचंद्र सिंह, सा०-सिहमा, थाना-मटिहानी, जिला-बेगूसराय को गिरफ्तार किया गया है। विधि-सम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## स्मेक के साथ दो गिरफ्तार



**तेघड़ा/बेगूसराय।** बेगूसराय जिला में अवैध नशीले पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान गुप्त सूचना के अधार पर तियाय ओ०पी० की पुलिस टीम के द्वारा 02 व्यक्ति (01.) रविरंजन सिंह, पे०- स्व० चंदेश्वर प्रसाद सिंह, एवं 02. कौशल कुमार, पे०-दिनेश सिंह दोनों सा०-दुलारपुर, थाना-तेघड़ा जिला-बेगूसराय को ग्राम-फतेहपुर से 01 मोटरसाईकिल, 02 मोबाइल तथा 23.18 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। कांड दर्ज कर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## स्व0 राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर बच्चों के बीच पाठ्यक्रम सामग्री वितरण

**बेगूसराय।** चंद्रभानु रमाकांत चौधरी फाउंडेशन के तत्वावधान में आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व राजीव गांधी जी के बलिदान दिवस के मौके पर बच्चों के बीच पाठ्य श अन्य सामग्री वितरित कर अपने चहेते नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहर के सर्वोदय नगर स्थित संत अगस्टाइन पब्लिक स्कूल में सैकड़ों बच्चों और बुद्धिजीवियों के साथ यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बुद्धिजीवियों ने युवाओं के प्रणेता राजीव गांधी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार रखे। विद्यालय के संचालक मुकेश प्रियदर्शी की अगुआई में आयोजित इस बलिदान दिवस के मौके पर श्री प्रियदर्शी ने राजीव गांधी जी की दूरदर्शिता और भारत को 21वीं सदी में श्रेष्ठतम स्थान तक पहुंचाने की उनकी वैज्ञानिक सोच को विस्तार से बताया। वक्ताओं ने बताया कि कैसे राजीव जी ने वैज्ञानिक सोच को सामने लाते हुए देश को कंप्यूटर क्रांति दी। बच्चों ए भविष्य की दूरदर्शी सोच का एक नमूना उनकी नवोदय विद्यालय की स्थापना रही। महिलाओं की राजनैतिक और सामाजिक क्षेत्र में स्वतंत्र और समान पहचान के लिए उन्होंने महिलाओं को पंचायत स्तर पर आरक्षण देने का बड़ा कदम उठाया जबकि युवाओं को लोकतांत्रिक राजनीति में आगे बढ़ने के लिए 18 वर्ष के युवाओं के लिए वोटिंग अधिकार का पैमाना तय किया। उपस्थित बच्चों ने भी अपनी ओर से राजीव गांधी जी के बारे में अपनी सोच और जानकारी साझा की । इस दौरान बच्चों के बीच पाठ्य व अन्य सामग्रियों का वितरण भी किया गया। पूर्व विधायक श्रीमती अमिता भूषण के संरक्षण में बरसों से चलाई जा रही सामाजिक संस्था ऐसे कार्यक्रम अक्सर आयोजित करती रहती है जिसमें, खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक चेतना के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य मुकेश प्रियदर्शी, कॉंग्रेस नेता सावर कुमार, मोहित सिंह, धर्मराज सहनी, राजेश कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद परमानंद सिंह, नीरज कुमार, विमल झा, धर्मवीर कुमार, ॐ प्रकाश सिंह, आर्यन राज, विचार मंच के राम पदार्थ यादव, धीरज कुमार, कृष्णनंदन भगत, मो इम्तियाज, चंदन कुमार, आदित्य कुमार, कुणाल कुमार, रौशन कुमार, हर्ष राज, अंकुश कुमार, विभा कुमारी, नूतन कुमारी, अनिशा कुमारी, नारायण सिंह सहित सैकड़ों बच्चे उपस्थित रहे।

## आईआईटी रुड़की के छात्र की मौत को हत्या बता परिजनों ने किया सड़क जाम

एजेंसी

**पुलिस पर मामले को दबाने का आरोप**

**नवादा।** जिले के ककोलत पहाड़ के ऊपर अवस्थित अमझौर कुंड में डूबने से आईआईटी छात्र की मौत को हत्या बताते हुए गुरुवार को परिजनों ने नवादा समाहरणालय तथा प्रजातंत्र चौक को जामकर पुलिस पर हत्या के मामले को दबाने का आरोप लगाते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। मृतक छात्र धनराज के पिता सीआरपीएफ के जवान हेमंत राज ने बताया कि असम में ड्यूटी के दौरान उन्हें पुत्र के साथ घटित घटना की जानकारी मिली। इसके बाद भारी मशक्कत से नवादा पहुंचे। नवादा पहुंचे के बाद 36 घंटे बाद भारी मशक्कत के बाद उनके पुत्र की लाश ककोलत जलप्रपात पहाड़ के चार किलोमीटर अवस्थित कुंड से निकला गया । लाश देखने से साफ तौर पर जाहिर है कि उसकी मौत नहीं बल्कि हत्या हुई है।उन्होंने आरोप लगाया कि नवादा जिले के रजौली थाने के अंधरबारी गांव के निवासी अमित कुमार तथा अकबरपुर थाने के महानंदपुर गांव के आनंद कुमार नामक युवक ने उसे मंगलवार को ही पहाड़ी पर ले गए ।

## स्व. राजीव गांधी की बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि

एजेंसी

**तेघड़ा बेगुसराय।** पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर भगवानपुर प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में बेगूसराय जिला अंतर्गत भगवानपुर प्रखंड के शिव शक्ति ज्योति नगर सहिलोरी स्थित ज्योति परिसर में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री पूर्व सांसद स्वर्गीय रामदेव राय के द्वारा स्थापित राजीव गांधी की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर स्वर्गीय राजीव गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।



इस अवसर पर बेगूसराय जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने राजीव गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक भारत की दिशा देने का कार्य किया। सूचना क्रांति, पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने, युवाओं को 18 वर्ष में मतदान का अधिकार देने तथा देश को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा।उन्होंने कहा कि राजीव गांधी जी का बलिदान देश की एकता, अखंडता और लोकतंत्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कांग्रेस पार्टी उनके बताए रास्तों पर चलकर देश में सामाजिक न्याय, भाईचारा और विकास की राजनीति को आगे बढ़ाने का कार्य करती रहेगी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित भगवानपुर प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष यशवंत चौधरी, पूर्व प्रमुख कृष्ण कुमार राय, मंडल अध्यक्ष इन्द्रदेव सहित दर्जनों स्थानीय लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय राजीव गांधी को नमन किया तथा उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## पिपरा एसबीआई शाखा में भीषण अग्निकांड, दस्तावेज से लेकर कंप्यूटर तक सब जलकर राख

एजेंसी

**सुपौल।** जिले के पिपरा बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में बुधवार देर रात अचानक भीषण आग लगने से भारी नुकसान हुआ। शुरूआती जानकारी के मुताबिक आग लगने की वजह बिजली का शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। घटना के बाद पूरे बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भारी भीड़ बैंक परिसर के बाहर जुट गई। बताया जा रहा है कि रात के समय बैंक बंद था और अंदर लगी ग्रिल व शटर के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। देखते ही देखते लपटों ने बैंक के अंदर रखे फर्नीचर, महत्वपूर्ण कागजात, कंप्यूटर,



एसी समेत अन्य उपकरणों को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना दमकल विभाग को दी।सूचना मिलते ही चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक बैंक के अंदर रखा अधिकांश सामान पूरी तरह जल चुका था। आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बैंक परिसर के अंदर का लगभग पूरा हिस्सा काले धुएं और राख में तब्दील हो गया। घटना के बाद बैंक प्रबंधन ने ग्राहकों की सुविधा को देखते हुए पिपरा शाखा का दैनिक कार्य फिलहाल त्रिवेणीगंज शाखा में स्थानांतरित कर दिया है। बैंक अधिकारियों ने बताया कि ग्राहकों को बैंकिंग सेवाओं में किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। फिलहाल प्रशासन और बैंक प्रबंधन नुकसान का आकलन करने में जुटे हैं। वहीं आग लगने के वास्तविक कारणों की भी जांच की जा रही है।जा रही है।

# अब हर शिकायत पर बिहार सरकार की पैनी नजर, लापरवाही पर नपेंगे अफसर

एजेंसी

**पटना।** आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण को लेकर बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बड़ी पहल की है। विभागीय जन शिकायत पोर्टल की मॉनिटरिंग व्यवस्था को मजबूत करते हुए तत्काल प्रभाव से नया मॉनिटरिंग सेल गठित किया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के निर्देश पर राजस्व सेवा के नौ अधिकारियों को इस सेल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि जन शिकायत पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों और परिवादों के समयबद्ध निष्पादन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने स्पष्ट किया है कि आम लोगों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक शिकायत का




गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा। दरअसल, जन शिकायत पोर्टल आठ मई 2025 से संचालित है। पूर्व में पोर्टल से जुड़े कई अधिकारियों के अन्यत्र पदस्थापन के कारण शिकायतों के निष्पादन का कार्य प्रभावित हो रहा था। इसे गंभीरता से लेते हुए मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। मॉनिटरिंग सेल में कमल नयन कश्यप, संतोष कुमार चौधरी, मो. एजाज आलम, सक्षम सिंह, धीरज कुमार, विजय कुमार राय, पंकज कुमार झा, मनोज कुमार गुप्ता तथा अनुजा सिन्हा को जिम्मेदारी दी गई है। सभी अधिकारियों को विभागीय आईटी मैनेजर से पासवर्ड प्राप्त कर लंबित शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने बताया कि एनआईसी के माध्यम से तकनीकी व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है। वहीं विभागीय जन शिकायत पोर्टल के सतत अनुश्रवण के लिए डॉ. सुनील कुमार, उप सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। विभाग का कहना है कि यह पहल विभागीय जवाबदेही बढ़ाने, शिकायतों के त्वरित समाधान और आम नागरिकों को बेहतर राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## भागलपुर से पांच बच्चियां लापता, परिजन परेशान

एजेंसी

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या-1 से पांच बच्चियों के रहस्यमय तरीके से गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। गुरुवार सुबह बच्चियों के गायब होने की बात सामने आई।

बताया जा रहा है कि गांव की एक और बच्ची को साथ ले जाने पर बहुत पैसे देने की बात इन सभी से कही गई थी। लेकिन वो नहीं गई। संध्या नाम की इस बच्ची ने इस बात का खुलासा किया। पांच बच्चियों के इस तरह लापता होने



से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। गायब होने वाली बच्चियों में पल्लवी, गंगा, श्वेता आदि शामिल हैं। परिजन का आरोप है कि रात में ही पुलिस को सूचना दी गई लेकिन पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई। वहीं संध्या ने बताया कि पल्लवी उसके साथ ही पढ़ती है और उसने उससे खूब सारे पैसे मिलने की बात कही थी। लेकिन वो उसके साथ नहीं गई। बताया जा रहा है कि बुधवार देर रात करीब 11 बजे के बाद से सभी बच्चियां अचानक लापता हैं। सभी बच्चियों की उम्र करीब 8 से 10 साल बताई जा रही है। परिजन के अनुसार सभी बच्चियां एक ही गांव की रहने वाली थीं और आपस में दोस्ती थीं। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में हड़कंप और दहशत का माहौल बना हुआ है। उधर परिजन रातभर बच्चियों की तलाश में जुटे रहे, लेकिन अबतक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# केकेआर ने मुंबई को 4 विकेट से हराया



# प्लेऑफ की उम्मीदें रखी कायम

**नई दिल्ली।** केकेआर ने पहले शानदार गेंदबाजी और फिर दूसरी पारी में बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ केकेआर ने अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को बनाए रखा है जबकि मुंबई की इस टीम में ये 13वें मैच में ये 9वीं हार रही। मनीष पांडे को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का 65वां मुकाबला ईडन गार्डन स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जा रहा है। अजिंक्य रहाणे की अगुआई वाली केकेआर (कोलकाता नाइट राइडर्स) ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुंबई ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 147 रन बनाए और केकेआर को जीत के लिए 148 रन का टारगेट दिया। इसके जवाब में केकेआर ने 18.5 ओवर में 6 विकेट पर 148 रन बनाकर मैच को जीत लिया।

**रोहित शर्मा ने बनाए 15 रन-** मुंबई के ओपनर रोहित शर्मा ने सिर्फ 15 रन की पारी खेली जबकि रयान रिकेल्टन ने 6 रन पर अपना विकेट गंवा दिया। नमनधीर तो खाता तक नहीं खोल पाए और पवेलियन लौट गए।

## रहाणे ने खेली 21 रन की पारी

केकेआर के कप्तान व ओपनर रहाणे ने 21 रन की पारी खेली जबकि फिन एलन 8 रन के स्कोर पर अपना विकेट गंवा बैठे। कैमरन ग्रीन ने निराश किया और 8 गेंदों पर 4 रन की धीमी पारी खेली। मनीष पांडे ने 33 गेंदों पर 45 रन की शानदार पारी खेली और बुमराह की गेंद पर आउट हुए। रोवमेन पॉवेल ने 30 गेंदों पर 40 रन की पारी खेली और आउट हुए। तेजस्वी दाहिया ने 11 रन बनाए और अपना विकेट गंवा दिया। रिंकू सिंह इस मैच में 9 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि अनुकूल रॉय 4 रन बनाकर नाबाद रहे।

# वैभव सूर्यवंशी अब अभिषेक से आगे

## चौथे नंबर पर रोहित शर्मा

### आईपीएल में 200+ चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप-5 भारतीय

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के 15 वर्षीय युवा ओपनर बैटर वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 के 64वें मैच में चेज करते हुए 93 रन की तूफानी पारी खेली और टीम को जीत दिलाकर प्लेयर ऑफ द मैच बने। वैभव ने अपनी इस पारी के दौरान 10 बेहतरीन छक्के भी लगाए और वो अब आईपीएल इतिहास में 200 या उससे ज्यादा स्कोर चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए और अभिषेक शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ दिया।



**वैभव सूर्यवंशी निकले अभिषेक शर्मा से आगे-** आईपीएल में 200 या उससे ज्यादा स्कोर चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले अभिषेक शर्मा पहले नंबर पर थे, लेकिन लखनऊ के खिलाफ अपनी पारी के दौरान 10 छक्के लगाकर वैभव सूर्यवंशी ने अब अभिषेक को पीछे छोड़ दिया।



आईपीएल में 200 या उससे ज्यादा स्कोर चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में अब वैभव पहले नंबर पर आ गए। उन्होंने अब तक इस लीग में चेज करते हुए 10 पारियों में कुल 42 छक्के लगाए हैं जबकि अभिषेक शर्मा ने 17 पारियों में 41 छक्के लगाए थे। आईपीएल में 200 या उससे ज्यादा स्कोर चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर संजू सैमसन हैं जिन्होंने अब तक 15 पारियों में कुल 40 छक्के लगाए हैं जबकि रोहित शर्मा इस सूची में चौथे स्थान पर हैं जिन्होंने 25 पारियों में 38 छक्के जड़े हैं। केएल राहुल इस लिस्ट में 5वें भारतीय हैं जिन्होंने 200 या उससे ज्यादा का स्कोर चेज करते हुए इस लीग में 22 पारियों में कुल 36 छक्के लगाए हैं।

**200 या उससे ज्यादा स्कोर चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले**

### टॉप-5 भारतीय

- 42 छक्के : वैभव सूर्यवंशी (10 पारी)
- 41 छक्के : अभिषेक शर्मा (17 पारी)
- 40 छक्के : संजू सैमसन (15 पारी)
- 38 छक्के : रोहित शर्मा (25 पारी)
- 36 छक्के : केएल राहुल (22 पारी

# दलीप ट्रॉफी से होगी बीसीसीआई के घरेलू सत्र की शुरुआत

## 11 अक्टूबर से रणजी ट्रॉफी का पहला चरण

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 2026-27 घरेलू सत्र के कार्यक्रम का ऐलान कर दिया है। नए घरेलू सीजन की शुरुआत 23 अगस्त से दलीप ट्रॉफी के साथ होगी, जबकि देश की सबसे प्रतिष्ठित घरेलू प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी इस बार भी दो चरणों में आयोजित की जाएगी। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 11 अक्टूबर से खेला जाएगा। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी समेत पूरे घरेलू सत्र का शेड्यूल भी सामने आ गया है। बीसीसीआई इस घरेलू सत्र में पुरुष और महिला वर्ग के अलग-अलग आयु समूहों और सीनियर स्तर पर कुल 1788 मुकाबलों का आयोजन करेगा। इसमें पुरुषों के अंडर-16, अंडर-19, अंडर-23 और सीनियर टूर्नामेंट शामिल हैं, जबकि महिलाओं के अंडर-15, अंडर-19, अंडर-23 और सीनियर स्तर की प्रतियोगिताएं भी खेली जाएंगी।

**दलीप ट्रॉफी फिर जोनल फॉर्मेट में-** दलीप ट्रॉफी की वापसी फिर जोनल फॉर्मेट में होगी। यह टूर्नामेंट 23 अगस्त से 10 सितंबर तक खेला जाएगा।




सभी मुकाबले बेंगलुरु स्थित क्ष्ष्ष्ट्ठ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित होंगे। इसके बाद रणजी ट्रॉफी विजेता जम्मू-कश्मीर और शेष भारत के बीच ईरानी कप एक से पांच अक्टूबर तक श्रीनगर में खेला जाएगा।

### दो चरणों में रणजी ट्रॉफी-

बीसीसीआई के घरेलू कैलेंडर की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 11 अक्टूबर से पांच नवंबर तक खेला जाएगा। इस दौरान चार राउंड के मुकाबले होंगे। टूर्नामेंट का दूसरा चरण 17 जनवरी से तीन मार्च 2027 तक आयोजित होगा। इसके बीच सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी खेली जाएंगी।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

राष्ट्रीय टी20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 14 नवंबर से छह दिसंबर तक खेली जाएगी। लीग चरण के मुकाबले मुंबई, मोहाली, विशाखापत्तनम और कोलकाता में होंगे, जबकि नॉकआउट मुकाबले नागपुर में खेले जाएंगे। बीसीसीआई के अनुसार, इस टूर्नामेंट का समय ऐसा रखा गया है ताकि आईपीएल नीलामी से पहले टैलेंट स्काउट खिलाड़ियों पर नजर बना पाएं और अपनी सूची तैयार कर सकें। आईपीएल नीलामी दिसंबर में होने की संभावना है।


### दिसंबर में विजय हजारे ट्रॉफी

राष्ट्रीय वनडे टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी 14 दिसंबर 2026 से आठ जनवरी 2027 तक खेली जाएगी। बीसीसीआई ने विजय मर्चेंट ट्रॉफी (अंडर-16) के कार्यक्रम में भी बदलाव किया है। यह टूर्नामेंट नवंबर से जनवरी के बीच खेला जाएगा। बीसीसीआई का मानना है कि इससे खिलाड़ियों को बेहतर तैयारी का समय मिलेगा। इसके साथ ही स्कूल क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों को फरवरी-मार्च में होने वाली वार्षिक और बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी पर्याप्त समय मिल सकेगा। बीसीसीआई की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि 2026-27 घरेलू सत्र का कार्यक्रम सभी प्रारूपों और आयु वर्गों के बीच संतुलन बनाए रखते हुए मजबूत और प्रतिस्पर्धी घरेलू ढांचे को आगे बढ़ाने की दिशा में तैयार किया गया है।

# लक्ष्य सेन उलटफेर का शिकार

## प्रणय भी पहले राउंड से बाहर; मालविका और अश्मिता को मिली जीत

**नई दिल्ली।** कुआलालंपुर में जारी मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में 20 मई का दिन भारत के लिए निराशाजनक रहा। भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त शटलर लक्ष्य सेन उलटफेर का शिकार हुए। आठवें वरीय लक्ष्य सेन को इंडोनेशिया के दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मोहम्मद जकी उबैदुल्लाह ने मात दी। इसके अलावा वर्ल्ड चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट एचएस प्रणय भी पहले राउंड में हारकर बाहर हो गए। भारत के लिए इन दो बड़ी निराशा के बीच मालविका बंसोड़ और अश्मिता चालिहा ही उम्मीद की किरण बनकर उभरीं जिन्होंने महिला एकल में अलग-अलग मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए दूसरे दौर में जगह बनाई। पुरुष एकल में भारत के सबसे होनहार खिलाड़ी लक्ष्य सेन को जकी उबैदुल्लाह के खिलाफ 17-21, 11-21 से हार झेलनी पड़ी। पहले राउंड में ही हार के बाद वह निराशाजनक तौर पर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।





### चोट के बाद मालविका की अच्छी वापसी

पैर की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहीं मालविका ने महिला एकल स्पर्धा में जर्मनी की दुनिया की 52वें नंबर की खिलाड़ी यवोन ली को 21-17, 16-21, 21-9 से शिकस्त दी। वहीं दूसरी अश्मिता ने इंडोनेशिया की दुनिया की 56वें नंबर की खिलाड़ी थालिता रमाधनी विरियावान पर 21-16, 21-13 से हराकर आसान जीत दर्ज की। अब मालविका डेनमार्क की आठवीं वरीय लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ट से भिड़ेंगी जबकि अश्मिता का सामना मलेशिया की गोह जिन वेई से होगा।

### प्रणय समेत अन्य शटलर्स ने भी किया निराश

2023 एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय के हाथ भी पहले राउंड में निराशा लगी। वह जापान के छठे वरीय कोदाई नाराओका के खिलाफ 80 मिनट तक चले मुकाबले में 17-21, 22-20, 22-24 से हार गए। इसके अलावा किरण जॉर्ज फ्रांस के सातवें वरीय एलेक्स लानियर के खिलाफ 15-21, 1-6 से पिछड़ने के बाद रिटायर हो गए। भारत के तरुण मन्नेपल्ली ने एक गेम की बढ़त गंवा दी और चीनी ताइपे के वांग पो-वेई से 21-17, 14-21, 8-21 से हार गए। महिला एकल में अनमोल खरब कड़ा संघर्ष करने के बावजूद डेनमार्क की आठवीं वरीय लाइन क्रिस्टोफरसेन कजर्सफेल्ट से 21-13, 16-21, 19-21 से हार गईं। भारत के आशिथ सूर्या और अमृता प्रमुतेश की मिश्रित युगल जोड़ी शुरुआती दौर में इंडोनेशिया के बॉबी सेतियाबुदी और मेलाती देवा ओक्ताविआंती से 13-21, 18-21 से हार गई।

# प्लेऑफ का गणित: राजस्थान की किस्मत अपने हाथ

## 3 टीमें दूसरों पर निर्भर, दिल्ली का बाहर होना तय



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के लीग स्टेज में पांच मैच बाकी हैं और 5 टीमें प्लेऑफ की में जगह बनाने की रेस में हैं। हालांकि,असलियत में केवल चार टीमों के पास ही प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना है। दिल्ली कैपिटल्स का रनरेट इतना खराब है कि वह शायद ही प्लेऑफ में पहुंच पाए। बाकी चार टीमों में राजस्थान रॉयल्स की किस्मत अपने हाथ में है। पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स की किस्मत अन्य मुकबालों पर निर्भर है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स की जीत का मतलब यह भी है कि लीग स्टेज के आखिरी दिन 24 मई से पहले प्लेऑफ की जगह तय नहीं होगी।

### प्लेऑफ में पहुंचने का गणित

- **राजस्थान रॉयल्स: मैच -14, अंक-14-** लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत के बाद राजस्थान रॉयल्स को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अन्य मुकाबलों पर निर्भर नहीं रहना है। अगर राजस्थान रविवार को मुंबई इंडियंस को हरा देती हैं तो वह दूसरे 16 अंकों के साथ प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। अगर गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद आखिरी मुकाबला हार जाती हैं तो राजस्थान टॉप-2 में भी पहुंच सकता है। हालांकि,रनरेट को देखते हुए इसकी संभावना बहुत कम है।



- **पंजाब किंग्स: 13 मैच में 13 अंक-** पंजाब किंग्स को न सिर्फ अपने आखिरी मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को हराना है, बल्कि उन्हें यह भी उम्मीद करनी है कि राजस्थान रॉयल्स से मुंबई इंडियंस जीत जाए और कोलकाता नाइट राइडर्स बेहतर रनरेट के साथ 15 अंक तक न पहुंचे। अगर पंजाब किंग्स शनिवार को जीतती है। राजस्थान अपना आखिरी गेम हार जाती है, और कोलकाता आखिरी मैच जीत जाती है तो पंजाब किंग्स और केकेआर दोनों 15 अंक पर होंगी, इससे रनरेट पर मामला आ जाएगा।



- **चेन्नई सुपर किंग्स: मैच-13, अंक-12-** चेन्नई सुपर किंग्स को चाहिए कि पहले वह गुजरात टाइटंस को हराए। राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स आखिरी मैच हार जाएं। वह रनरेट के मामले में राजस्थान रॉयल्स को पीछे छोड़ सकती है। दिल्ली कैपिटल्स का रनरेट बहुत खराब है। वह शायद ही चेन्नई सुपर किंग्स से आगे निकल पाए।



- **कोलकाता नाइट राइडर्स: मैच-13, अंक-13-** कोलकाता नाइट राइडर्स को रनरेट पर निर्भर रहे बिना प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आखिरी मैच जीतना होगा। यह उम्मीद करनी होगी कि राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स आखिरी मैच हार जाएं। राजस्थान रॉयल्स जीती तो कोलकाता नाइट राइडर्स बाहर होगी। अगर पंजाब किंग्स जीती तो दोनों के 15-15 अंक होंगे।
- **दिल्ली कैपिटल्स: मैच-13, अंक 12-** लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स की जीत से दिल्ली कैपिटल्स की उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं। पंजाब किंग्स, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स 14 अंक तक न पहुंच पाएं तो भी राजस्थान रॉयल्स से रनरेट के मामले में दिल्ली कैपिटल्स को आगे निकलने के लिए 230 रनों से जीत दर्ज करने की जरूरत होगी।

## 1 लाख बन गए 21 करोड़, 11 शेयरों ने दिया 10,000 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले चार सालों में भारतीय स्टॉक मार्केट ने कई जबरदस्त वेल्थ क्रिएटर्स दिए



हैं। लेकिन, कुछ सबसे बड़े फायदे मार्केट के सबसे रिस्की कॉर्नर यानी पेनी स्टॉक्स से आए हैं। 19 मई तक के डेटा से पता चला है कि कम से कम 11 पेनी स्टॉक्स ने मई 2021 से 10,000 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया है। इससे हाल के सालों में सबसे मजबूत बुल मार्केट फेज में से एक के दौरान छोटे इन्वेस्टमेंट्स बड़े मुनाफे में बदल गए। इस लिस्ट में सबसे ऊपर डायमंड पावर इंफ्रास्ट्रक्चर रहा। इसके शेयर 19 मई, 2021 को सिर्फ 9 पैसे से बढ़कर 24.27 रुपये हो गए। इससे 2,10,000 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न मिला। इसका मतलब यह हुआ कि अगर किसी ने चार साल पहले इस स्टॉक में 1 लाख रुपये का इन्वेस्टमेंट किया होता तो अब यह 21 करोड़ रुपये से ज्यादा का होता। यह तेजी तब आई जब इन्वेस्टर्स ने बढ़ते सरकारी खर्च और प्राइवेट कैपेक्स रिकवरी के बीच भारत के पावर ट्रांसमिशन, केबल्स और इंफ्रास्ट्रक्चर बूम से जुड़ी कंपनियों का जोरदार पीछा किया। स्वान डिफेंस और हेवी इंडस्ट्रीज एक और बड़े आउटपरफॉर्मर के तौर पर उभरीं। इस दौरान स्टॉक 2.85 रुपये से बढ़कर 210.21 रुपये हो गया, जिससे 65,000 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न मिला। सरकार के लोकलाइजेशन पर जोर और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के बढ़ते मौकों के बाद पिछले कुछ सालों में डिफेंस सेक्टर में इन्वेस्टर्स की मजबूत दिलचस्पी देखी गई है। स्टेलेंट सिक्योरिटीज ने 38,000 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया। जबकि ईस्ट इंडिया ड्रम्स एंड बैरल्स मैन्युफैक्चरिंग लगभग 30,000 प्रतिशत बढ़ा।

## सोम सोमशेखर के निधन से स्तब्ध है सिलिकॉन वैली, सत्या नडेला ने दी श्रद्धांजलि

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोमशेखर वर्ष 1989 में माइक्रोसॉफ्ट से जुड़े और लगभग 27 वर्षों तक कंपनी में रहे। उन्होंने विंडोज के 8 एडिशन के डेवलपमेंट में योगदान दिया, जिसमें विंडोज एनटी ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम



भी शामिल था। भारतीय मूल के प्रसिद्ध टेक एक्सपर्ट सोम सोमशेखर का 59 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह माइक्रोसॉफ्ट के पूर्व कार्यकारी और मैड्रोना वेंचर ग्रुप के प्रबंध निदेशक थे। उनके निधन से वैश्विक टेक्नोलॉजी उद्योग में शोक की लहर दौड़ गई है। सिएटल स्थित वेंचर कैपिटल फर्म ने मंगलवार, 19 मई को उनके निधन की पुष्टि की और उन्हें एक ऐसा नेता बताया जिसकी 'ब्रिलिएंस एंड जेनेरस स्प्रिट' ने कलिग्स, उद्यमियों और डेवलपर्स पर गहरी छाप छोड़ी। सोमशेखर का जन्म पुडुचेरी में हुआ था। उन्होंने टेक्नोलॉजी सेक्टर में लगभग तीन दशकों का शानदार करियर बनाया। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकॉम इंजीनियरिंग में अन्ना यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की और लुइसियाना स्टेट यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री प्राप्त की। अन्ना विश्वविद्यालय ने उन्हें मानद डॉक्टरेट से भी सम्मानित किया था। वर्ष 2008 में उन्हें एशियाई अमेरिकी इंजीनियर ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा गया था। सोमशेखर वर्ष 1989 में माइक्रोसॉफ्ट से जुड़े और लगभग 27 वर्षों तक कंपनी में रहे। उन्होंने विंडोज के आठ एडिशन के डेवलपमेंट में योगदान दिया, जिसमें विंडोज एनटी ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम भी शामिल था। समय के साथ वह माइक्रोसॉफ्ट के डेवलपर डिवीजन के कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट बने, जहां उन्होंने विजुअल स्टूडियो और .ह्रश्वश्व फ्रेमवर्क जैसे प्रमुख प्लेटफार्मों की देखरेख की।

# एलन मस्क की स्पेस एक्स ला रही दुनिया का सबसे बड़ा आईपीओ, वैल्युएशन 1.25 ट्रिलियन डॉलर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एलन मस्क की कंपनी ने नैस्डैक स्टॉक एक्सचेंज में लिस्ट होने के लिए डॉक्युमेंट्स दाखिल कर दिए हैं। यह स्टॉक मार्केट इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी पेशकश मानी जा रही है। कंपनी इससे 50 से 75 अरब डॉलर जुटाने की योजना बना रही है, जिससे उसका वैल्युएशन 1.25 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा। इससे स्पेसएक्स ट्रिलियन डॉलर के वैल्युएशन पर पब्लिक होने वाली पहली अमेरिकी कंपनी बन जाएगी। इसका टिकर सिंबल होगा और लिस्टिंग जून के मध्य तक संभव है। पहली बार अपनी पूरी वित्तीय स्थिति सार्वजनिक की है। 2025 में कंपनी का रेवेन्यू 18.7 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल से 33 प्रतिशत अधिक है, लेकिन उसी साल कंपनी को 4.9 अरब डॉलर का शुद्ध घाटा हुआ, जबकि 2024 में 791 मिलियन डॉलर का मुनाफा था। 2026 की पहली तिमाही में ही 4.7 अरब डॉलर के रेवेन्यू पर 4.3 अरब डॉलर का घाटा दर्ज किया गया। भारी निवेश के चलते कंपनी का खर्च दोगुना होकर 20.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया।



अब खुद को सिर्फ अंतरिक्ष कंपनी नहीं, बल्कि कंपनी के रूप में पेश कर रही है। फरवरी 2026 में (ग्रोक चैटबॉट और सोशल मीडिया का मालिक) के साथ मर्जर के बाद कंपनी ने,ढ्ढ इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान केंद्रित किया है। इसकी सबसे बड़ी योजना है डेटा सेंटर को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित करना। कंपनी का कहना है कि स्पेस-बेस्ड डेटा सेंटर कूलिंग, सोलर एनर्जी और ग्लोबल कम्युनिकेशन के मामले में बेहतर हैं। इसके लिए टेस्ला के साथ मिलकर टेराफैब नाम से एक एडवांस चिप फैक्ट्री भी बना रहा है। स्टारलिंक, की लो-अर्थ-ऑर्बिट सैटेलाइट इंटरनेट सेवा, अब कंपनी का सबसे बड़ा राजस्व इंजन बन चुकी है। प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, स्टारलिंक के ज़रिए कनेक्टिविटी का बाजार 1.6 ट्रिलियन डॉलर का है। वहीं एंटरप्राइज एप्लीकेशन का बाजार 22.7 ट्रिलियन डॉलर आंका गया है।

### कंपनी के बोर्ड में एलन मस्क का दबदबा

फाइलिंग के मुताबिक, एलन मस्क के पास स्पेसएक्स के 50 प्रतिशत से अधिक शेयर हैं और 85.1 प्रतिशत वोटिंग पावर है। मौजूदा वैल्युएशन के हिसाब से उनकी हिस्सेदारी 635 अरब डॉलर से अधिक है। बोर्ड में खुद मस्क, जो चेयरमैन हैं, के अलावा, प्रेसिडेंट ग्वेने शॉटवेल, सीएफओ ब्रेट जॉनसन, वेंचर कैपिटलिस्ट स्टीव जुर्वेट्सन और गूगल के डोनाल्ड हैरिसन जैसे नाम शामिल हैं।

### मस्क की कितनी है सैलरी

मस्क का सालाना वेतन सिर्फ 54,080 डॉलर है, लेकिन उनका असली मुआवजा परफॉर्मेंस आधारित शेयर अवॉर्ड से जुड़ा है। इन शर्तों में मंगल ग्रह पर एक मिलियन लोगों की कॉलोनी बसाना और 7.5 ट्रिलियन डॉलर का मार्केट कैप हासिल करना शामिल है।

## जेपी पावर का शेयर 5 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी।** अडानी पावर ने गुरुवार को एक ऐलान किया और जयप्रकाश पावर वेंचर्स के शेयर पांच फीसदी से भी ज्यादा चढ़ गए। उसने घोषणा की कि जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड से जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड में 24 प्रतिशत हिस्सेदारी और उत्तर प्रदेश में स्थित 180 मेगावाट के चुर्क थर्मल पावर प्लांट अधिग्रहण के लिए जेएएल से करार किया है। यह करार एनसीएलटी द्वारा मंजूर की गई समाधान योजना के अंतर्गत हुआ है। स्टॉक एक्सचेंज की गई फाइलिंग में अडानी ग्रुप ने बताया कि उसने जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड में जेएएल की 24 प्रतिशत हिस्सेदारी को लगभग 2,993.6 करोड़ रुपए में हासिल करने के लिए एक शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एक अलग फाइलिंग में कंपनी ने कहा कि उसने जेएएल के सोनभद्र स्थित 180 मेगावाट के चुर्क थर्मल पावर स्टेशन को, संबंधित संपत्तियों सहित, जिसमें प्रयागराज पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड में 11.49 प्रतिशत हिस्सेदारी भी शामिल है, 1,200 करोड़ रुपए में खरीदने के लिए एक व्यापार हस्तांतरण समझौते में प्रवेश किया है। जेपीवीएल 2,220 मेगावाट की संयुक्त क्षमता वाले थर्मल और हाइडिल असेट का संचालन करती है, साथ ही कोयला खनन, रेत खनन और सीमेंट ग्राइंडिंग में भी इसकी हिस्सेदारी है। चुर्क प्लांट उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में स्थित है जहां 180 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट है। कंपनी ने बताया कि ये लेन-देन एनसीएलटी द्वारा अनुमोदित जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के समाधान योजना का हिस्सा हैं।

## सोने-चांदी के रेट में गिरावट, 1.60 लाख से नीचे आया गोल्ड, सिल्वर 2.73 लाख के करीब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोने और चांदी के दामों में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के भाव 206 रुपये गिरकर 1,59,800 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गए। वहीं, चांदी का भाव आज 1,350 रुपये लुढ़ककर 2,72,915 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ



गया। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्पॉट गोल्ड 0.2 प्रतिशत गिरकर 4,534.69 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जबकि स्पॉट सिल्वर 0.8 प्रतिशत टूटकर 75.40 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में कमी और दुनियाभर के शेयर बाजारों में उछाल के कारण सोने-चांदी पर दबाव बना। हालांकि, ईरान और अमेरिका के बीच तनाव अब भी बना हुआ है। ईरान ने कहा है कि वह अमेरिका के नए प्रस्ताव की जांच कर रहा है, जिसका उद्देश्य मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध को समाप्त करना है। ट्रंप के बयान का भी असर : सोने-चांदी के भाव पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान का भी असर है। उन्होंने संकेत दिया कि बातचीत एक समझौते और नए हमलों के बीच की कगार पर है। उन्होंने कहा, 'अगर हमें सही जवाब नहीं मिले, तो स्थिति बहुत तेजी से बदल सकती है। हम पूरी तरह तैयार हैं।' उनके अनुसार, कूटनीति की खिड़की जल्द बंद हो सकती है। बॉन्ड यील्ड और कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव ने भी बनाया दबाव : हालांकि बुधवार को अमेरिकी 10साल का बॉन्ड यील्ड 9.4 आधार अंक गिरकर 4.576 प्रतिशत पर आ गई थी, लेकिन गुरुवार सुबह इसमें हल्की बढ़त देखी गई और यह 4.584 प्रतिशत पर पहुंच गई। साथ ही, ब्रेंट क्रूड के दाम 0.8 प्रतिशत से अधिक चढ़कर 106 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए। ये दोनों फैक्टर्स भी सोने-चांदी की कीमतों पर दबाव डालने में कामयाब रहे। फेडरल रिजर्व के संकेत और गोल्ड ईटीएफ में गिरावट : अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की अप्रैल बैठक के मिनट्स के अनुसार, अधिकांश नीति निर्माताओं का मानना है कि यदि मुद्रास्फीति 2 प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी रहती है, तो नीति में और सख्ती की आवश्यकता हो सकती है। इसके अलावा, दुनिया के सबसे बड़े गोल्ड ईटीएफ, गोल्ड ट्रस्ट की होल्डिंग्स में मामूली कमी आई है। करेंसी के वाइस प्रेसिडेंट और रिसर्च एनालिस्ट जतिन त्रिवेदी के अनुसार, सोने की कीमतें अमेरिका-ईरान के घटनाक्रम पर निर्भर करती रहेंगी। साथ ही, रुपये में लगातार कमजोरी से घरेलू बाजार में सोने को सपोर्ट मिल रहा है, भले ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहे। उनका कहना है कि जियो-पॉलिटिकल अनिश्चितता और कच्चे तेल की चाल बुलियन की धारणा को प्रभावित करने वाले मुख्य कारक बने हुए हैं।

## चीन की नई चाल से भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री में हाहाकार, सरकार से लगाई मदद की गुहार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग में तेजी से आगे बढ़ रहा है लेकिन चीन इस बात को पचा नहीं पा रहा है। भारत के रास्ते में रोड़ा अटकाने के लिए वह हरसंभव प्रयास कर रहा है। चीन ने सप्लाई चेन पर तरह-तरह की बंदिशें लगाई हैं जिससे भारत का ग्लोबल इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग हब बनने का सपना टूट सकता है। ईटी के एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय कंपनियों अब अब सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

चीन ने अपनी सप्लाई चेन को कंट्रोल करने के लिए अप्रैल में कई तरह की नियामकीय बंदिशें लगाई थीं। साथ ही चीन से बाहर मैन्युफैक्चरिंग शिफ्ट करने वाली कंपनियों के सीनियर अधिकारियों को भी व्यक्तिगत रूप से जबावदेह बनाया गया है। इसे आईफोन बनाने वाली कंपनी ऐपल जैसे टॉप ब्रांड्स और भारत में इसके सप्लायर्स प्रभावित हो सकते हैं। साथ ही चीन के कंपनियों के साथ जॉइंट वेंचर बनाने की तैयारी कर रही भारतीय कंपनियों को भी इससे झटका लगा है।

ऐपल ने इस बारे में सवालों का जवाब नहीं दिया। सूत्रों के मुताबिक



मामले की गंभीरता को देखते हुए इंडियन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री ने सरकार से तत्काल मदद मांगी है। इंडस्ट्री का कहना है कि चीन ने बंदिशें लगाई हैं, उससे सप्लाई चेन की स्थिरता, निवेश और एक्सपोर्ट ग्रोथ प्रभावित होगा। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि सरकार इस बात से वाकिफ है और इंडस्ट्री से सलाह-मशविरा करने के बाद हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

इंडस्ट्री के अधिकारियों का कहना है कि भारत सप्लाई चेन बना रहा है और आयात पर निर्भरता कम कर रहा है लेकिन मैन्युफैक्चरिंग को जारी रखने और एक्सपोर्ट के लिए चिन से कंपोनेंट्स, एसेंबलीज और कैपिटल इक्विपमेंट का आयात बहुत जरूरी है। लेकिन चीन ने इसमें कई तरह बंदिशें लगा दी हैं। इसके तहत जिन कंपनियों ने अपनी सप्लाई चेन भारत शिफ्ट कर दी है या करने की योजना बना रही हैं, उनके खिलाफ एक्शन लिया जा सकता है। चीन ने सप्लाई चेन पर लगाई बंदिशें, रेगुलेटर्स के अधिकार बढ़ाए भारत सरकार ने हाल में प्रेस नोट 3 के नियमों में हाल में ढील दी थी एक अधिकारी ने कहा कि चीन के एक्शन का समय अहम है।

## रसातल में जा रहे रुपये से आइरबीआई के माथे पर पड़े बल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डॉलर के मुकाबले गिरता रुपया आरबीआई के माथे पर बल ला दिया है। अब भारतीय रिजर्व बैंक रुपये की गिरावट को रोकने के लिए हर संभव हल खोज रहा है। इस हफ्ते रुपया लगभग 97 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद के गवर्नर संजय मल्होत्रा सहित सीनियर अफसर ने कई आंतरिक बैठकें की हैं। ब्लूमबर्ग की खबर के मुताबिक इन बैठकों में रुपये को स्थिर करने के लिए उठाए जा सकने वाले कदमों पर चर्चा हुई। रुपये की गिरावट थामने के विकल्पों में सबसे अहम है, ब्याज दरों में इजाफा। हालांकि, अगली आधिकारिक मोनेटरी पॉलिसी की घोषणा 5 जून को होनी है, लेकिन पहले भी मई 2022 में निर्धारित समय से बाहर ब्याज दरों में बदलाव कर चुका है। ब्याज दरें बढ़ने से अमेरिका और भारत के बीच ब्याज दर का अंतर बढ़ेगा।

## कंपनियां आपकी सैलरी काटकर सीधे एमएफ में कर सकेंगी निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** म्यूचुअल फंड में निवेश को आसान बनाने के लिए सेबी एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है। अब आपके म्यूचुअल फंड का पैसा सिर्फ आपके खाते से ही जाए, यह जरूरी नहीं होगा। नए प्रस्तावों के मुताबिक, कंपनियां अपने कर्मचारियों के लिए और निवेशक अपनी मर्जी से किसी सामाजिक कार्य के लिए पैसा दे सकेंगे। बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को कहा कि कुछ खास स्थितियों में म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए थर्ड पार्टी को भुगतान करने की अनुमति दी जा सकती है।

अभी के नियमों के मुताबिक, म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए पैसा सीधे निवेशक के अपने बैंक खाते से ही आना चाहिए। यह पैसा सिर्फ आरबीआई से मान्यता प्राप्त पेमेंट गेटवे या सेबी द्वारा अधिकृत संस्थानों के जरिए ही भेजा जा सकता है। लेकिन सेबी अब कुछ ऐसी स्थितियां तय करना चाहता है जहां किसी और के खाते से भुगतान की अनुमति दी जा सके, बशर्ते इससे निवेशक की सुरक्षा और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े




कानूनों का उल्लंघन न हो।

**क्या है सेबी का प्रस्ताव:** कोई कंपनी अपने कर्मचारियों की सैलरी से पैसे काटकर उनकी तरफ से म्यूचुअल फंड में निवेश कर सकती है। नए नियम से म्यूचुअल फंड कंपनियां सीधे सैलरी से होने वाले निवेश को स्वीकार कर सकेंगी।एजेंटों को यूनिट्स: सेबी का दूसरा सुझाव यह है कि म्यूचुअल फंड कंपनियां अपने एजेंटों को उनके कमीशन के बदले नकद पैसे देने के बजाय म्यूचुअल फंड की यूनिट्स दे सकती हैं। इससे एजेंटों के लिए निवेश करना आसान होगा और वे लंबे समय के लिए बचत करने के लिए प्रोत्साहित होंगे।समाज सेवा के लिए दान: सेबी ने यह भी प्रस्ताव दिया है कि निवेशक अपने निवेश या मुनाफे का एक हिस्सा किसी सामाजिक कार्य के लिए दान कर सकें। इसके लिए एक पारदर्शी और सुरक्षित सिस्टम बनाया जाएगा।

गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए सेबी ने कई सुझाव दिए हैं। इसमें पैसा देने वाले और जिसे यूनिट्स मिल रही हैं, दोनों का अनिवार्य होगा। सेबी ने इन प्रस्तावों पर 10 जून तक जनता से सुझाव मांगे हैं। पैसे के लेन-देन का पूरा इलेक्ट्रॉनिक रेकॉर्ड रखना होगा।

# बेटे की सताई फिक्र तो शुरू कर दिया अपना काम, सिर्फ 6 महीने में 25 लाख की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह कहानी हिमाचल प्रदेश की जयति गोयल की है। उन्होंने बहुत थोड़े समय में एक सफल ब्रांड खड़ा कर दिया है। इसकी नींव उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में रखी थी। इसका नाम 'हे टीन' है। यह टीनएजर्स के लिए फेस वॉश, लिप बाम, फेशियल स्क्रब, बॉडी लोशन जैसे स्किनकेयर प्रोडक्ट ऑफर करता है। ज्यादातर माता-पिता अपने बच्चों के लिए सही स्किनकेयर प्रोडक्ट न मिलने पर उपलब्ध विकल्पों से समझौता कर लेते हैं। लेकिन, जयति ने ऐसा नहीं किया। जब उनका बेटा प्री-टीन उम्र में पहुंचा तो उन्होंने बाजार में बच्चों और वयस्कों के उत्पादों के बीच एक बड़ा गैप देखा। जयति ने इस समस्या को हल करने का फैसला किया। वह सर्टिफाइड कॉस्मेटिक फॉर्मुलेटर हैं। बेटे की फिक्र से ही उनके ब्रांड का जन्म हुआ। अपनी लॉन्चिंग के छह महीनों के अंदर ही इसने लगभग 25 लाख रुपये का रेवेन्यू कमाया। आइए, यहां जयति गोयल की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।



बिजनेस और कॉस्मेटिक साइंस का ज्ञान

जयति गोयल एक सर्टिफाइड कॉस्मेटिक फॉर्मुलेटर हैं। वह हिमाचल प्रदेश से ताल्लुक रखती हैं। उन्होंने ब्रिटेन के और भारत के जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से कॉस्मेटिक फॉर्मूलेशन, प्रोडक्ट सेफ्टी और डर्मेटोलॉजिकल कम्पैटिबिलिटी की पढ़ाई की है। बिजनेस स्ट्रैटजी, पोजिशनिंग और कंज्यूमर बिहेवियर को समझने के लिए उन्होंने एमबीए (फाइनेंस एंड मार्केटिंग) भी किया है।

**ऐसे आया आइडिया:** एक मां होने के नाते जब जयति का बेटा प्री-टीन उम्र में पहुंचा तो उन्हें उसके लिए सही स्किनकेयर प्रोडक्ट नहीं मिल रहे थे। बाजार में या तो छोटे बच्चों (3-10 साल) के उत्पाद थे या फिर बड़ों के केमिकल वाले प्रोडक्ट्स। इस समस्या को हल करने के लिए उन्होंने

### इन प्रोडक्टस की पेशकश

जयति के ब्रांड का फोकस उन रोजमर्रा के जरूरी प्रोडक्ट्स पर है जो किशोर आसानी से इस्तेमाल कर सकें। ब्रांड खास तौर पर प्री-टीन्स और टीनएजर्स के लिए डिजाइन किए गए स्किनकेयर प्रोडक्ट्स पर फोकस करता है। यह फेस वॉश, लिप बाम, फेशियल स्क्रब, बॉडी लोशन, पिंपल पैच, लिप और चीक टिंट, स्किनकेयर कॉम्बो और शुरुआती लोगों के लिए आसान स्किनकेयर किट ऑफर करता है। जयति के नेतृत्व में ब्रांड ने बिना किसी बाहरी फंडिंग के हिमाचल प्रदेश के एक छोटे शहर से काम करते हुए सिर्फ 6 महीने में 25 लाख रुपये का रेवेन्यू हासिल किया।

अक्टूबर 2025 में अपना ब्रांड लॉन्च किया। इस ब्रांड की सबसे बड़ी यूएसपी यह है कि जयति अपने प्रोडक्ट्स किसी बाहरी कंपनी से आउटसोर्स या री-ब्रांड नहीं करतीं। इसके बजाय अपनी ही लैब में खुद इन-हाउस रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग करती हैं।

## जय भारत मारुति लिमिटेड के शेयरों में तेजी, 2 दिन में 35 प्रतिशत चढ़ गया शेयर का दाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मारुति सुजुकी के सपोर्ट वाली कंपनी जय भारत मारुति लिमिटेड के शेयरों में तेजी का तूफान देखने को मिल रहा है। जय भारत मारुति के शेयर गुरुवार को क्चस्श्व में 17 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 122.17 रुपये पर पहुंच गए हैं। दो दिन में जय भारत मारुति के शेयरों में 35 पर्सेंट से ज्यादा का उछाल आया है। पिछले 5 दिन में जय भारत मारुति लिमिटेड के शेयरों में 40 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। चौथी तिमाही में कंपनी का मुनाफा करीब 3 गुना बढ़ा है और इसी के बाद जय भारत मारुति के शेयरों में तेज उछाल आया है। जय भारत मारुति लिमिटेड, ऑटो कंपोनेंट्स और इक्विपमेंट बनाती है।

जय भारत मारुति लिमिटेड का कंसॉलिडेटेड मुनाफा 31 मार्च 2026 को खत्म हुई तिमाही में 287 पर्सेंट बढ़कर 79.59 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में जय भारत मारुति को 20.56 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। चौथी तिमाही में जय भारत मारुति लिमिटेड का रेवेन्यू सालाना आधार पर 25.44 पर्सेंट बढ़कर 766.01 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का रेवेन्यू 610.65 करोड़ रुपये था। ऑपरेशनल लेवल पर कंपनी का इबिट्डा 57.53 पर्सेंट बढ़कर 91.90 करोड़ रुपये पहुंच गया है।

जय भारत मारुति लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 31 मार्च 2026 को खत्म हुए वित्त वर्ष के लिए हर शेयर पर 0.70 रुपये का फाइनल



डिविडेंड रिकमंड किया है। जय भारत मारुति के शेयर प्राइस ने बुलिश गैप-अप मूव के साथ एक मजबूत रेंज ब्रेकआउट कन्फर्म किया है। 50 दिन के एवरेज के मुकाबले कंपनी के शेयरों का वॉल्यूम 700 पर्सेंट से ज्यादा बढ़ा है।

जय भारत मारुति लिमिटेड पर मारुति सुजुकी का बड़ा दांव है। मारुति सुजुकी, कंपनी के प्रमोटर ग्रुप में है। मार्च 2026 तिमाही के शेयरहोल्डिंग के मुताबिक, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के पास जय भारत मारुति के 3,17,00,000 शेयर हैं। कंपनी में मारुति सुजुकी की हिस्सेदारी 29.28 पर्सेंट है। जय भारत मारुति लिमिटेड प्राथमिक रूप से पैसेंजर व्हीकल्स के लिए ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स और एसेंबलीज की मैन्युफैक्चरिंग करती है।

## मांगे सेन्दुर



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

छोटे से सिखाल जाहे
सउब के खुस राखना है,
अपन मन के माइर
दरदो मिले तो सहना है।

बाप कर आन बान सान
ससुर बुढ़ा कर सम्मान,

नहियर सोसराइर,कुंबा-कुरिया
समुट - बटुर के राखना है।

सर -सिकाइत नखे करेक
ओंठे ताली माइर रहना है,
घरक इज्जत बाहरे ना जाय
इकरो भी खेयाल रखना है।

तोइड़ के बंधन भी
उइड़ कइसे जाबूंरबेटा लखेर
मांगे सेन्दुर बइन गेल गहना है!
कुलक नाम डुबे नखे देवेक
आयो - साइस कर कहना है !!

छोटे से सिखाल जाहे
सउब के खुस राखना है,
अपन मन के माइर
दरदो मिले तो सहना है।

# मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा स्थायी प्याऊ कर करलक उद्घाटन

## रांची में 11 गो स्थायी प्याऊ छेतर में लगाल जाए चुइक हय

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** भीसन गरमी में राहगीरमन आउर जरूरतमंदमन के सीतल जल उपलब्ध करुवायेक कर उद्देस से मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा तीसर स्थायी प्याऊ कर उद्घाटन करलक। ई स्थायी प्याऊ मोरहाबादी कर हरिहर सिंह रोड कर सामने हनुमान मंदिर में समाज के समरपित करल गेलक। ई अवसर में शाखा अध्यछ विकास अग्रवाल कहलयं भीसन गरमी में जरूरतमंद के सुध आउर ठंडा पेयजल उपलब्ध करुवायेक सउबसे बड़ पुण्य आउर मानव सेवा आहे। मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा सउब दिन सामाजिक काम में अगुवा कर भूमिका निभायेला। रांची में 11 स्थायी प्याऊ छेतर में लगाल जाए चुइक हे। आइज कर स्थायी प्याऊ सोनीत अग्रवाल कर सहजोग से लगाल गेलक। शाखा सचिव मुकेश शर्मा कहलयं स्थायी प्याऊ आउर वाटर कूलर फ्रीजर कर ई बेबस्था राहगीरमन, सरधालुमन आउर आम नागरिकमन ले ढेइरे लाभदायक साबित होवत हे। मंच द्वारा बहुते जलदी सहर कर आउर दूसर दूसर ठांव में भी अतिरिक्त वाटर कूलर फ्रीजर लगायेक कर जोजना बनाल जाए हे, ताकि बेसी से बेसी अदमीमन के गरमी में राहत मिइल सके। कार्जकरम में मंच कर पदाधिकारी, सदस्य आउर स्थानीय नागरिक पहुंचल रहयं। ई कार्जकरम कर संयोजक योगेश्वर अग्रवाल, संकेत सरावगी आउर गौतम अग्रवाल रहयं।





# समर कैंप में प्रतिभागीमन के देवल जात हे निःसुल्क परसिछ्न

## छउवा, जुवा आउर बरिष्ठ नागरिक हिस्सा लेवत हयं

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन कर सहजोग से जमशेदपुर इंपैक्ट कलस्टर समर कैंप 2026 कर सुरुआत 20 मई से कइर देइ हे। ई कैंप 5 जून 2026 तक चली। सहर कर 14 गो केंद्र में आयोजित ई समर कैंप में प्रतिभागीमन के निःसुल्क परसिछ्न देवल जात हे, ताकि समाज कर हर बर्ग कर भागीदारी सुनिश्चित होए सके। ई बछर समर कैंप में करीब 2,800 गो प्रतिभागी हिस्सा लेवत हयं, जेकर में छउवा, जुवा आउर बुढ़ा सामिल हयं। प्रतिभागीमन कर आयु 7 बछर से लेइ के 60 बछर आउर उकर से बेसी तक आहे। कैंप कर उद्देस खेल, फिटनेस, अनुसासन आउर स्वस्थ जीवनसइली के बढ़ावा देवेक कर संगे-संगे सामुदायिक सहभागिता के मजबूत करेक हय। कैंप में प्रतिभागीमन के बिभिन्न खेल आउर फिटनेस गतिबिधि कर परसिछ्न देवल जात हे। इकर में फुटबॉल, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, क्रिकेट आउर एथलेटिक्स सामिल आहे। इकर अलावा कराटे, ताइक्वांडो, हापकिडो आउर मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स जैसन मार्शल आर्ट्स गतिबिधि भी आकरसन कर केंद्र बनल हय। फिटनेस से जुड़ल गतिबिधि में योग आउर जुम्बा में भी बड़ संख्या में सउब भाग लेवत हयं। हुवें आर्चरी, पावरलिफ्टिंग, वेटलिफ्टिंग आउर बेंच प्रेस जैसन बिसेस परसिछ्न गतिबिधि भी आयोजित करल जात हे। बरिष्ठ नागरिकमन ले अलग से फिटनेस सत्र राखल जाए हे, जेकर से सउब आयु बर्ग कर अदमीमन भागीदारी सुनिश्चित होए सके। ई बछर कैंप में पहिल धांव आर्चरी आउर एथलेटिक्स के सामिल करल जाए हे, जेके छातरमन आउर जुवामन से बेस प्रतिसाद मिलत हे। प्रतिभागीमन कर सुबिधा के धेयान में राखते परसिछ्न सत्र बिहाने आउर सांझ दुईयों बेरा आयोजित करल जात हे।









# एक बछर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद में करीब 1 लाख 72 हजार झन करलयं भोजन

## अपना घर आश्रम आउर अन्नपूर्णा महाप्रसाद से सउब के मिलत हे सहारा



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सामाजिक संस्था श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मानव सेवा, धरम आउर करुना कर प्रेरनादायी केंद्र बइन चुइक हे। ट्रस्ट द्वारा संचालित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम आउर श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर झारखंड में आपन बिसिस्ट पहचान स्थापित कइर हे। अपना घर आश्रम में बर्तमान बेरा में लगभग 50 गो मंदबुद्धि, दिब्यांग आउर निराश्रित अदमीमन कर सेवा करल जात हे।

ट्रस्ट कर प्रवक्ता संजय सर्राफ बतालयं कि बिगत एक बछर में आश्रम में लगभग 72 हजार निराश्रित आउर सेवादारमन के भोजन कराल गेलक। ई सेवा काम निरंतर जारी आहे। रोज दिन सेवा, समरपन आउर मानवता कर संदेस देवत हे। आश्रम में सेवा काम के ईश्वर भक्ति आउर मानव कल्यान कर सर्वोत्तम माध्यम मानल जायेला। श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में हर एतवार के अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद कर भब्य आयोजन करल जायेला। ई महाप्रसाद में लगभग 2 हजार सरधालु आउर जरूरतमंद अदमी भोजन गरहन करयंना। बीतल एक बछर में करीब 1 लाख सरधालुमन महाप्रसाद प्राप्त करलयं। ई लखे आश्रम आउर मंदिर दुईयों ठांव के मिलाय के लगभग 1 लाख 72 हजार झन के भोजन कराल गेलक, जे समाज सेवा कर एगो अनुकरनीय उदाहरन आहे। ई सेवा काम के सफल बनायेक में ट्रस्ट कर अध्यछ डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यछ राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सचिव मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, निर्मल छावनिका, सुरेश अग्रवाल, संजय सर्राफ, मधुसूदन जाजोदिया, मनीष सोनी, सुनील पोद्दार, नंदकिशोर चौधरी, सुरेश चौधरी, विशाल जालान,पंडित अरविंद पांडे, अरविंद अग्रवाल, सुरेश भगत, ज्ञान प्रकाश शर्मा, विष्णु सोनी संगे अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका निभात हयं।





# डालसा कर डुमरदगा बस्ती में विधिक जागरुकता कार्जकरम

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** डालसा रांची जिला कर डुमरदगा बस्ती में छउवामन ले बाल-अनुकूल विधिक सेवा योजना-2024 उपरे बिफे के विधिक जागरुकता कर आयोजन करलयं। ई अवसर में पीएलवी सिकन्दर मुंडा आउर आरती कुमारी संगे अन्य अदमीमन उपस्थित रहयं। पीएलवी कहलयं कि ई नवा जोजना पुरना दू गो जोजना के नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनका संरक्षण) जोजना, 2015 आउर दिव्यांग बच्चों के लिए कानूनी सेवाएं योजना, 2021 के आपस में मिलाय के आउर उनके आउर बेसी आधुनिक बनाय के तैयार करल जाए हे। इकर मुध उद्देस सुलभ न्याय, दीवानी, आपराधिक आउर परसासनिक मामला के हर चरन में छउवामन ले मुफ्त कानूनी सहायता सुनिश्चित करुवायेक हय।

छउवामन के उनकर उमइर कर अनुकूल आउर उनकर मनोबैज्ञानिक आवसकता के समझेक वाला वकील कर सेवा देवेक भी ई जोजना में सामिल आहे। न्याय परनाली (जैसे कोर्ट, पुलिस टीसन) कर भीतरे एगो अइसन संबेदनसील माहौल बनायेक जहां छउवामन बिना डरे आपन बात राइख सकयं इत्यादि ई जोजना में सामिल आहे।






## सोना कर चरई



– डॉ.लक्ष्मीकांत नारायण
बड़ाईक, तपकरा।

**सोना** कर चिड़िया
देश है हमार।
तन मन धन से तो
करथी जोहार।
करी जयकार,
सोना कर चिड़िया.....।। ध्रु।।

जेकर मुकुट है
श्वेत हिमालिया।
भू गंगा जमुना कर
हरियर साड़िया।
दिल्ली हिरदय है तोर,
ज्वाला नयना है तोर,
लंका चढ़ावे फुल भईर
अंजलिया,
सोना कर चिड़िया...।। 1।।

चांद सुरज रोज
उतारंय आरतिया।
चरण थोवे रोज,
हिंद महासागरिया।
नदी नाला कर शोर,
हरंय सचे मन मोर,
झले पंखा रोज मलय पवनिया,
सोना कर चिड़िया....।। 2।।

जेकर कोरा में
बोलेला कोयलिया।
जहाँ नाचे मोर
बांधी के पैंजानिया।
जहाँ *नारायण* जनमे,
गरब करे मन में,
सचे हईस तोंय तो मांय के मुरतिया,
सोना कर चिड़िया...।। 3।।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com